* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

03 जनवरी, 2023
पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 76

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले बोले हार्दिक- विश्व कप जीतना हमारा लक्ष्य, पंत के साथ पूरी टीम









# पहले शराब पिलायी, गोमांस खिलाया, फिर 50 बिरहोर लोगों का कर दिया धर्म परिवर्तन

## बरही की बारसोत पंचायत के बिरहोर टोला की घटना, आरोपी खलील मियां गिरफ्तार

प्रभाकर पाठक

**बरही (आजाद सिपाही)।** आये दिन इस क्षेत्र में धर्म परिवर्तन का मामला तूल पकड़ रहा है। पुलिसिया कार्रवाई के बावजूद जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करनेवालों का मनोबल दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। इसी तरह की घटना शुक्रवार को हजारीबाग जिले के बरियाठ्ठ बिरहोर टोला में घटी है। यहां के तेरह घरों के तकरीबन पचास लोगों को अंधकार में रख कर, शराब पिला कर उनका धर्म परिवर्तन कराया गया है। धोखे से मांस के नाम पर उन्हें गोमांस खिलाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही थाना क्षेत्र की बारसोत पंचायत के बरियाठ्ठ बिरहोर टोला में शुक्रवार की रात को पहले गो हत्या की गयी। गोहत्या करने के बाद बिरहोर परिवार को शराब पिला कर नशे की हालत में प्रलोभन देकर गौमांस खाने पर मजबूर किया गया। दुलमाहा निवासी खलील मियां और एक और व्यक्ति के द्वारा एक सीधे साधे विलुप्त जाधिस बिरहोर जनजाति समुदाय को धर्म परिवर्तन की मंशा से यह घृणित कार्य करवाया गया है। यह मामला तब उजागर हुआ, जब उसी बिरोहर टोला के मनोज बिरहोर ने विहिप के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता और पंचायत के मुखिया मोतीलाल चौधरी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद गुरुदेव गुप्ता ने तुरंत बरही पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और राजेश बिरहोर के घर



के अंदर कमरे में मिट्टी की फर्श की खुदाई की। यहां गो मांस, हड्डी, चमड़ा वगैरह का अवशेष पाया गया। पुलिस ने उसमें से कुछ अवशेष जांच के लिए रख लिया, जबकि बाकी को जला दिया। पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी खलील मियां को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना में शामिल अन्य लोगों की शिनाख्त की जा रही है। उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी।

इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। इस क्षेत्र में आये दिन जबरदस्ती और धोखे से कराये जा रहे धर्मपरितर्वन के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। घटना की सूचना देनेवाले मनोज बिरहोर ने बताया कि खलील मियां और अन्य मुझे जाति सूचक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खलील मियां शराब का व्यवसाय भी करता है। क्षेत्र में उसका दबदबा है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि बिरहोर परिवार की पूजा-पाठ यज्ञ करवा धर्म वापसी करायी जायेगी।

### मनोज बिरहोर ने लिखा

घटना के संबंध में बिरहोर टोला निवासी मनोज बिरहोर ने बरही थाना में आवेदन देते हुए बताया था कि शुक्रवार को खलील मियां एक व्यक्ति के साथ एक गाय लेकर उनके टोला में आये थे। गाय को राजेश बिरहोर के घर बांधा गया। यह एलान कराया गया कि भोजन और दारू उसकी ओर से रहेगा। इसके बाद रात में खलील मियां ने बिरहोर टोला के लोगों को जम कर दारू पिलायी और खाने के लिए भात के साथ मांस भी परोस दिया। मांस का टुकड़ा देख कर गांव के लोग भड़क गये। इन्हें बाद में धमकाया गया। आवेदन में मनोज बिरहोर ने लिखा है कि घटना में हम सब (बिरहोर टोला वासी) काफी डर गये। दूसरे दिन समाज के अन्य गणमान्य लोगों को इसकी जानकारी दी। अब सोमवार को यह सूचना पुलिस तक पहुंची है। उसने लिखा है कि खलील मियां और उसके सहयोगियों द्वारा गो मांस खिला कर हमारा धर्म नष्ट करा दिया गया। नये साल की पार्टी देने के नाम पर धोखा दिया गया है। उसने खलील मियां पर जातिसूचक गाली देने और लपड़-झपड़ करने का आरोप लगाया है।

### मनोज बिरहोर होगा पुरस्कृत

विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि बिरहोर टोला में जल्द ही पूजा-पाठ यज्ञ कराया जायेगा। हिम्मत दिखा कर सूचना देनेवाले मनोज बिरहोर को विपिह सम्मानित भी करेगा। विहिप के चंदन केशरी, सिकंदर कुमार, प्रदीप कुमार कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, बजरंग दल के अरविंद कुमार बिरहोर टाला का दौरा कर चुके हैं।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने परिवार संग की मां छिन्नमस्तिका की पूजा-अर्चना



- राज्यवासियों की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की

निरंजन/बीरू

**रजरप्पा/रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को सपरिवार शक्तिपीठ रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां अपने परिजनों के साथ मां छिन्नमस्तिका की विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, सीएम की मां रूपी सोरेन, धर्मपत्नी कल्पना सोरेन, विधायक सीता सोरेन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। सभी ने मां छिन्नमस्तिका की विधिवत आराधना की।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धपीठ रजरप्पा की पावन भूमि हमारे गृह जिला रामगढ़ में स्थित है। यह मेरा जन्मस्थली भी है। मैं यहां सपरिवार माँ छिन्नमस्तिका की चरणों में मत्था टेकने आया हूं। माता रानी की कृपा और आशीर्वाद सदैव हमारे परिवार पर रही है। नये वर्ष 2023 की शुरूआत हो चुकी है। मैं माँ छिन्नमस्तिका से राज्य वासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, अमन-चैन और खुशहाली आये, इसकी प्रार्थना की है।

**जिला प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर :** मौके पर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर रामगढ़ उपायुक्त माधुरी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडेय, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**मुख्यमंत्री का जिलाध्यक्ष ने की अगुआई :** मुख्यमंत्री आगमन को लेकर झामुमो जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कु काफी सक्रिय दिखे। उन्होंने मुख्यमंत्री की अगुआई कर पूजा अर्चना में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से बजरंग महतो जगन्नाथ महतो महेंद्र मिस्त्री चित्रगुप्त महतो, सकलदेव कुमार, बरतू करमाली, दुर्गा चौधरी सहित कई झामुमो कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# नोटबंदी पर मोदी सरकार का फैसला सही : सुप्रीम कोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार की नोटबंदी के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने सही ठहराया है। पांच जजों की संविधान पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। बेंच ने कहा कि 500 और 1000 के नोट बंद करने की प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। बेंच ने यह भी कहा कि आर्थिक फैसले को पलटा नहीं जा सकता। संविधान पीठ ने यह फैसला चार-एक के बहुमत से सुनाया।

**4 घंटे में पुराने नोट अवैध किये थे :** पीएम नरेंद्र मोदी ने 8 नवंबर 2016 को देश के नाम संदेश में



आधी रात से 500 और 1000 रुपये के नोट बंद करने का एलान किया था। यानी प्रधानमंत्री की घोषणा के 4 घंटे बाद ही ये पुराने नोट चलन से बाहर हो गये थे। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गयी थीं।

**पांच जजों की संविधानपीठ ने की सुनवाई :** नोटबंदी के मामले की सुनवाई में पांच जजों की संविधान पीठ में जस्टिस एस अब्दुल नजीर, बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामसुब्रमण्यम और जस्टिस बीवी नागरत्ना शामिल थे। इनमें से जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बाकी चार जजों की राय से अलग फैसला लिखा।

**सभी 58 याचिकाएं रद्द :** सुप्रीम कोर्ट में नोटबंदी के खिलाफ 58 याचिकाएं दायर की गयी थीं। शुरूआत में इससे जुड़ी तीन याचिकाओं पर ही सुनवाई हो रही थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। इस फैसले के बाद सभी याचिकाएं रद्द हो गयीं। कोर्ट ने सभी याचिकाओं को खारिज भी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस फैसले को उलटा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी पाया कि नोटबंदी के इस फैसले में कोई त्रुटि नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड की जांच के बाद हमने पाया है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया केवल इसलिए त्रुटिपूर्ण नहीं हो सकती है क्योंकि यह केंद्र सरकार से निकली है। हमने माना है कि टर्म सिफारिश को वैधानिक योजना से समझा जाना चाहिए।


# चान्हो के सीओ जफर हसनत सस्पेंड

- अमीन पर भी होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चान्हो के अंचल अधिकारी जफर हसनत को जमीन से जुड़े एक मामले मे निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही चान्हो अंचल में कार्यरत अमीन के खिलाफ भी घूसखोरी का आरोप लगा है और इसकी शिकायत विभागीय मंत्री के अलावा उपायुक्त रांची से की गयी है।

आवेदनकर्ता के अनुसार जल्द ही अमीन के विरुद्ध भी कार्रवाई होगी। सरकारी जमीन पर रास्ता दिलाने के नाम पर अमीन द्वारा मोटी रकम की वसूली करने की शिकायत आवेदनकर्ता ने दी है। छह माह बीत जाने पर भी आवेदनकर्ता को अभी तक सड़क नहीं दिलायी गयी है। बता दें कि अंचल कार्यालय चान्हो में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जनता का कोई भी कार्य बिना पैसे के लेन-देन का नहीं होता है।




## भाजपा की झारखंड में शुरू होगी 2024 के लिए चुनावी तैयारी

# गृह मंत्री अमित शाह 7 जनवरी को करेंगे शंखनाद

- चाईबासा से कार्यक्रम की होगी शुरुआत, तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव में अभी एक साल बचा है। भाजपा अभी से चुनाव तैयारी करने जा रही है। पार्टी इस बार झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को टारगेट कर रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 7 जनवरी को चाईबासा से इसका शंखनाद करेंगे। वह चाईबासा में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

**प्रदेश नेता आज से करेंगे प्रवास:** केंद्रीय मंत्री अमित शाह 7 जनवरी की सुबह 11 बजे रांची आयेंगे। वे एयरपोर्ट से ही हेलीकॉप्टर से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे। अमित शाह के चाईबासा कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा की पूरी टीम रेस हो गयी है। सोमवार से ही प्रदेश के तीनों महामंत्री आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा और बालमुकुंद सहाय के साथ प्रवास कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सरोज सिंह चाईबासा में हैं। प्रदेश के वरिष्ठ नेता मंगलवार से चाईबासा में कैंप करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश, विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी और



प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अधिकतर पार्टी पदाधिकारी और कोल्हान प्रमंडल के सभी बड़े भाजपा नेता चाईबासा में प्रवास करेंगे।

**बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिल रहे नेता :** केंद्रीय मंत्री अमति शाह के कार्यक्रम की तैयारी के लिए बहुत वक्त नहीं है। इसलिए प्रदेश के नेता अलग-अलग समूहों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। वह अलग-अलग मंडलों में जाकर बैठक करेंगे और आमसभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल कराने का आह्वान करेंगे। कार्यक्रम में प्रवास योजना के चार राज्यों के प्रभारी और बिहार भाजपा के सह प्रभारी हरीश द्विवेदी और क्लस्टर प्रभारी तथा केंद्रीय मंत्री राय साहब दानवे पाटिल भी भाग लेंगे।

**नये सिरे से राजनीतिक सरगर्मी तेज होगी :** भाजपा आलाकमान ने राज्य में गतिविधियां बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में हाल ही में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल राज्य के दौरे पर आये थे। उन्होंने अपने प्रवास के क्रम में कई वरीय नेताओं से विचार-विमर्श किया। समाज के विभिन्न तबके के प्रबुद्ध लोगों से मुलाकात कर राज्य से संबंधित जानकारी ली। संगठन को धार देने के लिए टिप्स भी दिये। प्रदेश नेतृव को सुझाव दिया गया है कि मंडल स्तर पर गतिविधियों के साथ-साथ सक्रियता बढ़ायी जाय। बूथ प्रमुखों और पन्ना प्रमुखों को क्रियाशील बनाकर पार्टी चुनावी रणनीति के मुताबिक काम करे। अब केंद्रीय मंत्री के दौरे और चुनावी शंखनाद के बाद राज्य में भाजपा की राजनीतिक सरगर्मी बढ़ जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,800 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## भारत : दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर बढ़ेगा आगे

# अर्थव्यवस्था : 2022 रहा बेमिसाल, 2023 में भी बनेगा रिकॉर्ड

**आजाद सिपाही विशेष**

साल 2022 देश के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। खेल के मैदान में पहली बार थॉमस कप जीतने से लेकर अंतरिक्ष में पहली बार प्राइवेट रॉकेट लांच करने तक भारत ने हर क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए 2022 का साल बेमिसाल रहा। नये साल 2023 में भी भारत के लिए आपार संभावनाओं और सफलताओं के द्वार खुल गये हैं। जहां तक अर्थव्यवस्था की बात है, तो साल 2022 में ब्रिटेन को पछाड़कर भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। नये साल में अब यह तेजी से आगे बढ़ेगी और दो साल बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर चल पड़ेगी। यह सच है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब केंद्र सरकार का लक्ष्य पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना और जीवनयापन को आसान बनाना है। इसके अलावा साल 2022 में देश में 5जी की शुरुआत हो गयी है। इतना ही नहीं, देश में 6जी की तैयारी भी शुरू हो गयी है। इस साल गांव-गांव में 5जी इंटरनेट पहुंच जायेगा और इसके जरिये डिजिटल उद्यमी पैदा होंगे। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह डिजिटल युग में बड़ा कदम होगा। इससे हमारे देश में स्टार्टअप की संख्या लगातार बढ़ेगी और इसलिए केंद्र सरकार ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में स्टार्टअप एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नये अवसर पैदा करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सफलताओं के इन दरवाजों के साथ उसके सामने विद्यमान चुनौतियों का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया 2023 में प्रवेश कर चुकी है और इसके सामने आर्थिक मंदी का खतरा मंडरा रहा है। इसके मुकाबले यदि भारत की बात की जाये, तो बीता साल 2022 भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जहां बेमिसाल रहा, वहीं 2023 में भी इसके लिए कई अवसर आनेवाले हैं। एक तरफ पश्चिमी देश भयंकर मंदी की ओर जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ 2022 में अपनी तरक्की से उम्मीद पैदा करने वाले भारत के लिए अपनी विकास दर को बनाये रख पाना मुश्किल जरूर हो रहा है, लेकिन मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण असंभव नहीं लग रहा है। कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि 2023 में वैश्विक विकास दर के लिए दुनिया की नजर भारत की ओर होगी और विश्व बैंक ने भी बेहतर आर्थिक गतिविधियों के चलते भारत के जीडीपी अनुमान को संशोधित कर 6.9 प्रतिशत कर दिया है। लेकिन ऐसा नहीं है कि एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वैश्विक मंदी के असर से अछूती है। हालांकि अभी तक भारत के घरेलू उपभोग ने अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा दिया है। मोदी सरकार के दो मंत्रों 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' ने भारतीय अर्थव्यवस्था को ऐसा आधार प्रदान किया है, जिससे दुनिया की निगाहें खुल गयी हैं।

> **कोरोना के कड़वे अनुभव को बिसरा चुका है भारत**



भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में अर्थव्यवस्था की हालत पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा था, खतरे का संतुलन लगातार गहराते वैश्विक संकट की ओर झुकता जा रहा है और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाएं इसे लेकर बहुत संवेदनशील दिखाई देती हैं। लेकिन भारत के लिए स्थिति तेजी से अनुकूलता की तरफ बढ़ रही है। यह सच है कि भारत का निर्यात पहले ही कमजोर हालात की ओर जा रहा है और वैश्विक मंदी इसे और कमजोर ही करेगा, जो देश के कुल जीडीपी में अकेले 20 प्रतिशत का योगदान करता है। इंजीनियरिंग सामान, ज्वेलरी, टेक्सटाइल और फार्मास्यूटिकल्स वाले निर्यात सेक्टरों पर इसका असर पड़ेगा, जोकि श्रम प्रधान उद्योग हैं। लेकिन इसके विपरीत विनिर्माण सेक्टर, मसलन रियल इस्टेट, ढांचागत सुविधाएं और सेवा क्षेत्र में लगातार वृद्धि से भारत को बहुत अधिक चिंतित होने की जरूरत नहीं है। रिजर्व बैंक के अनुसार, इस समय भारत अपनी आमदनी से अधिक खर्च कर रहा है। चालू खाता घाटा और राजकोषीय घाटा दोनों ही तेजी से बढ़ रहे हैं और चिंता का बड़ा सबब बने हुए हैं। लेकिन छोटे निवेशकों और गांवों ने दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की गाड़ी की रफ्तार को बनाये रखा है।

पिछले कुछ महीनों से वैश्विक स्तर पर भोजन, ऊर्जा और अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में नरमी के बावजूद उच्च स्तर पर महंगाई के बने रहने ने हालात को और मुश्किल किया है। पेट्रोलियम पदार्थों के आयात पर निर्भरता भारत के लिए एक बड़ा 'रिस्क फैक्टर' है, क्योंकि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और वैश्विक आपूर्ति चेन में बाधा के कारण इसकी कीमत में उतार-चढ़ाव हो रहा है। इसलिए इसकी पूरी संभावना है कि 2023 में बढ़ती कीमतों और धीमी होती विकास दर के बीच संतुलन बैठाने की चुनौती और बढ़ती जायेगी। यहां पीएम मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' मंत्र रामबाण की तरह काम करेगा, क्योंकि आयात पर निर्भरता इससे ही कम होगी। हालांकि लगातार चार बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद महंगाई में मामूली राहत आयी है और रिजर्व बैंक ने संकेत दिया है कि इसे काबू करना करना उसकी अभी प्राथमिकता में है और जरूरत पड़ी तो ब्याज दरों में और इजाफे से वह पीछे नहीं हटेगा। यह न सिर्फ आम भारतीयों के होम लोन और पर्सनल लोन को महंगा करेगा, बल्कि कॉरपोरेट लोन पर भी असर डालेगा। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि खर्च कम होगा और बाजार पर मुद्रास्फीति का दबाव कम होता जायेगा। सरकार और आरबीआइ दोनों यह उम्मीद लगाये बैठे हैं कि 2023 में निजी क्षेत्र का निवेश रफ्तार पकड़ेगा और इससे विकास दर भी बढ़ेगी। हालांकि भारत के कॉरपोरेट जगत के एक हिस्से द्वारा नये निवेश के कुछ शुरुआती संकेत मिले हैं, लेकिन अभी ये आंकड़ों में परिवर्तित नहीं हो पाया है। इससे जहां नये रोजगार पैदा होंगे, वहीं लोगों की क्रय शक्ति में भी उल्लेखनीय इजाफा होगा।

फैक्ट्री उत्पादन पर नजर रखने वाले इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आइआइपी) के मुताबिक, अक्टूबर 2022 में फैक्ट्री उत्पादन 26 माह के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया, लेकिन मौके लगातार बढ़ रहे हैं। एक तरफ दुनिया के बाकी देश अपने सप्लाई चेन को चीन से अलग करने की कोशिशों में हैं, दूसरी तरफ मोदी सरकार मुक्त व्यापार में तेजी लाने की कोशिश में है। ऐसे में भारत निजी क्षेत्र के बड़े निवेशों को आकर्षित करने की स्थिति में है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी उपलब्धि है। इतना ही नहीं, परफॉरमेंस लिंक्ड इंसेटिव (पीएलइ) जैसी मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं में सरकार ने अपनी रुचि दिखायी है। रिसर्च एंड आउटरीच (इसीआरए) ने अपनी नवंबर की रिपोर्ट में कहा है कि साल 2024 भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उछाल ला सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके बावजूद विकास दर को बढ़ाने के लिए सरकार को सार्वजनिक खर्च को बढ़ाने की जरूरत होगी। हाल की एक रिपोर्ट में क्रेडिट सुइस ने कहा कि सरकारी खर्च, कम आमदनी वाली नौकरियों में वृद्धि और सप्लाई चेन की बाधाओं को खत्म करने से महंगाई के असर और वैश्विक मंदी को आंशिक रूप से कम किया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की विशालता को देखते हुए ऐसा करना बहुत मुश्किल नहीं है। उसका यह भी कहना है कि भुगतान असुंतलन घाटे को कम करने की जरूरत है। इस मोर्चे पर भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत खराब नहीं है। भारत को ज्यादा से ज्यादा व्यापार समझौतों के सहारे, बढ़ते वैश्विक बाजार में अपनी पहुंच को बढ़ाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने की जरूरत होगी, जो पीएम मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' मंत्र से पूरी होगी।

वैसे जी-20 की अध्यक्षता के साथ भारत 2023 में वैश्विक पटल पर होगा। हालांकि चिंता की बात यह है कि वैश्विक मंदी के बीच पूरी दुनिया में संरक्षणवाद (विदेशी व्यापार पर अंकुश) का भी बोलबाला रहने वाला है। अपने निर्यात को बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की कोशिशों के बीच भारत को बड़ी चतुराई से काम लेना होगा और यह एक बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। संयोग से यह वही साल है, जिसके तुरंत बाद 2024 में आगामी आम चुनाव होने वाले है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव में उतरेगी। ऐसे में फरवरी में जो आगामी बजट पेश किया जाना है, उसमें कुछ लोकप्रिय घोषणाओं की उम्मीद है। यह आम चुनावों के पहले अंतिम पूर्ण बजट भी होगा। लेकिन समस्या यह है कि बढ़ते राजकोषीय घाटे के चलते सरकार के पास पैसे खर्च करने की क्षमता बहुत कम बची है। मोदी सरकार अपनी आर्थिक नीतियों के शानदार प्रबंधन की मदद से इन जटिलताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षा में कैसे सामंजस्य बिठाती है, यह देखने वाली बात होगी।

## वृष राशि 2023 वार्षिक राशिफल

# नयी उपलब्धियों वाला होगा यह साल

**नया साल 2023 का आगाज हो चुका है। नया साल 2023 सभी के लिए नयी उम्मीदें, नये सपने, नया लक्ष्य और चुनौतियों से रूबरू होने का साल होगा। नया साल 2023 सभी के जीवन में ढेर सारी उम्मीदें लेकर आने वाला वर्ष होगा। सभी यह सोचते हैं कि बीते साल जो हमारे काम अधूरे रह गये हैं, वे आने वाले नये साल में जरूर पूरे हों। नये साल पर करियर में एक नया मुकाम हासिल हो, जीवन में पैसे से संबंधित सभी तरह की बाधाएं आने वाले साल में न रहें और अपनों का प्यार नये साल में मिलता रहे ऐसी उम्मीदें रखते हैं। हम सभी लोगों के मन में आने वाले नये साल में नौकरी, बिजनेस, धन-दौलत, ऐशोआराम, शिक्षा, प्यार और सेहत कैसा रहेगा, इस बात को जानने की उत्सुकता हमेशा रहती है। इन सभी सवालों के जवाब को जानने के लिए ज्योतिष शास्त्र के माध्यम से वार्षिक राशिफल की मदद ली जाती है। वैदिक ज्योतिषशास्त्र की गणना और चंद्र राशि के आधार पर ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा हमें बता रहे हैं कि सभी 12 राशियों के लिए नया वर्ष 2023 कैसा रहने वाला होगा**



ज्योतिषाचार्य डॉ एनके बेरा

इस वर्ष 2023 में वृष राशिवाले पूरी क्षमता के साथ कार्य करने में सक्षम बने रहेंगे और कार्यक्षेत्र में उनकी सक्रियता भी बनी रहेगी। इस साल आपके लिए नयी उपलब्धियों वाला होगा।

आपकी राशि वृष कालचक्र की दूसरी राशि है। यह राशि पृथ्वी तत्व, रजोगुण, स्थिर स्वभाव व शुक्र ग्रह से प्रभावित होती है। आपकी राशि का प्रतीक चित्र बैल आसक्ति का परिचायक है। इस राशि में चंद्रमा 3 अंश तक उच्च का व 4 अंश से 30 अंश तक मूलत्रिकोण में रहता है। इस राशि में कोई भी ग्रह नीच का नहीं होता है।

इस राशि को राशि चक्र में 31 से 60 अंश तक का राशि क्षेत्र प्राप्त है। यह राशि कृत्तिका के 3 चरण (इ,उ,ए)। रोहिणी नक्षत्र के 4 चरण (ओ,वा,वी,वू) व मृगशिरा नक्षत्र के 2 चरण (वे,वो) से बनी है।

#### आपका स्वभाव एवं व्यक्तित्व

### आप पुरुष हैं तो

आप अत्यंत व्यवहारकुशल एवं सहनशील होने के कारण जीवन में आने वाली प्रत्येक कठिनाई को दूर करके अपना लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं। भावुकता एवं महत्वकांक्षा आपका प्रधान गुण है। भाग्य से अधिक आप कर्म पर विश्वास रखते हैं। आपकी मूलभूत इच्छाएं हैं-आवास, भोजन और भोग।

### आप स्त्री हैं तो

आप सत्य के लिए संघर्ष करने को तत्पर रहती हैं। संघर्ष करके आप आत्मनिर्भर बन सकती हैं। आप कुशल गृहिणी, व्यवहार कुशल, सहनशील एवं हठी होती है। आपका प्रेम सहज एवं निष्कपट होता है। आप जिस पर विश्वास कर लेती हैं, फिर उस पर अपना सर्वस्व निछावर करने को तत्पर रहती हैं।

### आपमें गुण हैं

1.आप चरित्रवान और ईमानदार हैं।

2.नियम से रहना, अनुशासन बनाये रखना आपकी आदत है

3.आप अपने जीवन में किसी का हस्तक्षेप पसंद नहीं करते हैं

4.आपका जीवन जिओ और जीने दो में बीतता है।

5.आप भावुक, महत्वाकांक्षी, व्यवहारकुशल, सांसारिक कार्यों में दक्ष एवं कर्तव्यपरायण होते हैं।




### आपके जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष

आपका भाग्योदय 25वें वर्ष में हुआ होगा या होगा। आपके लिए 22, 25, 28 व 36 वां वर्ष विशेष परिवर्तन एवं उन्नति देने वाला होगा।

**आपके लिए निम्नलिखित वर्ष उन्नति एवं सुख-समृद्धि के लिए अनुकूल सिद्ध होंगे**

6,15,24,33,42,51,60,69, 78 वां वर्ष।

### करियर

शिक्षा व करियर की दृष्टि से वृष राशि के जातकों के लिए यह वर्ष 2023 अनुकूल रहेगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षाओं और नयी नियुक्त के शुभाशुभ फलदायक सिद्ध होंगे। रोजी-रोजगार के लिए 2023 विशेष महत्वपूर्ण है। जिनलोग आइटी क्षेत्र में कार्यरत हैं उनकी तरक्की की पूर्ण संभावना है। बेरोजगारों को नये रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### आपके प्रेम एवं वैवाहिक जीवन

इस वर्ष 2023 में प्रेम और रोमांस के अवसर प्राप्त होंगे। अविवाहितों को विवाह होने की संभावना। इस वर्ष आपका वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। आपका कर्क, वृश्चिक एवं मीन राशि वालों से उत्कृष्ट प्रेम संबंध रहता है। मेष, सिंह एवं धनु राशि वालों में खुब पटती है। कन्या एवं मकर राशि वालों से सामान्य संबंध रहता है। मिथुन, तुला एवं कुंभ राशि वालों से हानि होती है एवं सदैव मतभेद, विरोध और असुविधा रहती है।

### फाइनेंस

आर्थिक दृष्टि से 2023 का वर्ष अति उत्तम है। बैंक बैलेंस में बढ़ोत्तरी होगी। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। नया वाहन सुख प्राप्त होगा। फरवरी-अप्रैल में आर्थिक स्थिति विशेष रूप से सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी से अपने आप को बचायें रखें, अन्यथा धन और शक्ति की बरवादी होगी।

**आपके लिए इस वर्ष 2023के निम्नलिखित समय विशेष उन्नतिकारक, मांगलिक उत्सव, संतान सुख, शुभ व अनुकूल समाचार मिलेंगे।**

- 14 फरवरी से 13 मार्च तक का समय
- 14 मार्च से 12 अप्रैल तक का समय
- 16 जुलाई से 16 अगस्त तक का समय
- 17 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक का समय

### हेल्थ

स्वास्थ की दृष्टिकोण से 2023 का वर्ष अनुकूल रहेगा। फिर भी डायबिटीज और दमा के रोगियों के लिए आपको अपनी खाने-पीने की आदतों में सुधार लाना होगा। खुद को संक्रामक बातावरण से बचायें

### सफलता के लिए ध्यान दें

**1.एस्ट्रो टिप्स-**

किसी भी कार्य में उतावलापन व जल्दबाजी न करें। व्यर्थ में समय बर्बाद न करें। आपके लिए बुध, शुक्र एवं शनिवार शुभ दिन हैं। मां दुर्गा की उपासना करें।

**2. वास्तु टिप्स-**

घर और ऑफिस में अच्छी प्रकाश व्यवस्था करें। धातु का कछुआ रखें। कार्यस्थल पर श्रीगणेश सिद्धि यंत्र का स्थापना करें।

# मुसाबनी सीओ की हार्ट अटैक से मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

### डुमरिया के सीओ रहते मुसाबनी का मिला था अतिरिक्त प्रभार

**रामनरेश सोनी के बारे में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वह डुमरिया के सीओ थे, लेकिन मुसाबनी का उन्हें अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ था। उनका प्रमोशन एसडीओ के रूप में भी हो चुका था।**

**घाटशिला।** मुसाबनी के सीओ रामनरेश सोनी (42) की हार्ट अटैक आने से सोमवार की सुबह मौत हो गयी। हार्ट अटैक आने के बाद उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया था। यहां पर जांच के बाद ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पाकर खुद जिला के डीसी विजया जाधव टीएमएच पहुंची थीं। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची थी और शव का पंचनामा बनाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# छेड़खानी करने का विरोध करने पर फायरिंग और बम बाजी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कतरास।** कतरास कोयलांचल क्षेत्र फायरिंग, बमबाजी के लिए चर्चित है। ताजा मामला सोनारडीह ओपी क्षेत्र का है। यहां निमतल्ला श्रमिक आवास में फायरिंग और बमबाजी की गयी। बताया जा रहा है कि यहीं के स्थानीय युवकों ने एक कोल कर्मी के आवास में छेड़खानी करते हुए फायरिंग की। फायरिंग के बाद भागने के क्रम में एक जिंदा कारतूस व एक बम कोल कर्मी के आवास के आंगन में छोड़ गये। भुक्तभोगी पीड़ित महिला ने सोनारडीह पुलिस को लिखित सूचना दी लेकिन घटना के घंटों बीत जाने के बाद भी सोनारडीह पुलिस मामले की तफ्तीश करने समाचार लिखे जाने तक नहीं पहुंची थी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि सोमवार की अहले सुबह सोनारडीह थाना क्षेत्र के निमतल्ला में आपराधिक किस्म के युवकों ने एक बीसीसीएल श्रमिक की पत्नी से छेड़खानी करने का प्रयास किया। महिला के द्वारा विरोध करने पर गोली बम चलाकर भागे। भागने के क्रम में एक जिंदा कारतूस और एक जिंदा बम पीड़िता के घर के आंगन में रह गया। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने सोनारडीह पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए कहा है कि सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे के आसपास घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी तभी विशाल सिंह, कन्हैया सिंह, विपिन सिंह और तीन चार अज्ञात लोग एक साथ मिलकर मुझे पिस्टल का भय दिखाकर छेड़खानी करने का प्रयास करने लगे, जिसका उन्होंने विरोध किया। इसी बीच आवाज सुनकर उसके पति अजय रवानी घर से बाहर निकले तो बदमाशों ने एक फायरिंग किया तथा एक बम फेंका और जबरन उसके गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र छिन कर भाग गये, और जाते जाते धमकी दी कि अजय तुम बाहर निकलो या ड्यूटी करने आओ तो तुमको जान से मार देंगे। पीड़ित महिला ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाते हुए बदमाशों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है और सुरक्षा मांगी है। इधर, मामले को लेकर सोनारडीह थाना प्रभारी स्वेता कुमारी ने कहा कि लिखित शिकायत मिली है. मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**पीड़ित महिला ने सोनारडीह पुलिस से लिखित शिकायत की**

# लंगटा बाबा की समाधि पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**सुधीर सिन्हा**

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** लंगटा बाबा समाधि स्थल सांप्रदायिक सौहार्द्र और एकता की मिसाल है। इसकी ख्याति राज्य के अलावा अन्य राज्यों में भी है, जहां से हजारों की संख्या में लोग बाबा के समाधि स्थल पर चादर पोशी के लिए पहुंचते हैं। जहां लोग मन्नते मांगते हैं और उनकी मुरादें पूरी होती हैं। इस अवसर पर लंगटा बाबा मेला का आयोजन होता है। जहा विभिन्न धर्मों के लोग 365 दिन मथा टेकने आते हैं। इसके अलावा विभिन्न राज्यों से भी मंत्री, सांसद, विधायक आदि का आगमन होता है। इस मौके पर भंडारा का आयोजन होता है, जिसमें बाबा के भक्तों द्वारा सहयोग किया जाता है। लंगेश्वरी बाबा के मेला के एक दिन पूर्व से ही यहां पर मेला का रूप ले लेता है। कुछ श्रद्धालु एक दिन पूर्व भी बाबा के समाधि स्थल पर चादर पोशी करते देखे जाते हैं । गिरीडीह जिले के जमुआ प्रखंड मुख्यालय से करीब सात किमी दूर जमुआ देवघर मुख्य मार्ग के ठीक किनारे खरगडीहा स्थित उसरी नदी के तट पर स्थित लंगटा बाबा की समाधि पर सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। बाबा के समाधि दिवस पौष पूर्णिमा के दिन चादरपोशी के लिए खरगडीहा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.7 °C | 11.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.31 बजे |



## सम्मेद शिखर को लेकर झारखंड में आंदोलन तेज करेगा जैन समाज

# सड़कों पर मौन जुलूस निकालने की तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सम्मेद शिखर को पर्यटन स्थल बनाने का विरोध पूरे देश में हो रहा है। देश की राजधानी सहित कई राज्यों में इसे लेकर जैन समाज विरोध प्रदर्शन कर रहा है। अब झारखंड में भी इसे लेकर आंदोलन की रणनीति तैयारी की जा रही है।

### सड़क पर उतरेगा जैन समाज

गिरिडीह में भी जल्द ही जैन समाज सड़क पर उतरने की रणनीति तैयार कर रहा है। चार-पांच दिनों में सम्मेद शिखर पारसनाथ को पर्यटन स्थल बनाने के प्रस्ताव के विरोध में जैन समाज के लोग गिरिडीह में मौन जुलूस निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

### अब तक बैठक से मामला सुलझाने की थी कोशिश

झारखंड में अब तक जैन समाज के लोगों ने बैठक और अधिकारियों से मिल कर अपनी मांग सौंपी है। प्रशासनिक तौर पर समाज के लोग मुख्यमंत्री सहित कई बड़े अधिकारियों से मिल कर इस मामले का हल निकालना चाहते थे, लेकिन अब उनकी रणनीति बदल रही है।


सड़क पर उतर कर विरोध जताने को लेकर जैन समाज तैयारी कर रहा है। जैन समाज गिरिडीह के सचिव लोकेश सेह्वी ने बताया कि जल्द ही मौन जुलूस निकाल कर विरोध जताया जायेगा। सम्मेद शिखर जी तीर्थस्थल ही बना रहे, इसको लेकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा जायेगा।

### जैन समाज और स्थानीय लोगों के बीच बढ़ा था विवाद

गिरिडीह में जैन समाज और स्थानीय लोगों के बीच हाल में ही तनाव बढ़ा था। सम्मेद शिखर के आसपास दुकान लगाने वालों ने जैन समाज के लोगों पर आरोप लगाया था कि वे यहां आकर उन्हें दबाने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले में सड़क पर भी विरोध प्रदर्शन हुआ था। दुकानें बंद करायी गयी थीं। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। वहीं जैन समाज का कहना है कि पर्यटन क्षेत्र घोषित हो जाने के कारण यहां मांस-मदिरा की बिक्री शुरू हो जायेगी। इससे धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचेगी।

## पारसनाथ को तीर्थस्थल ही रहने दे राज्य सरकारः सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने जैन समाज की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पारसनाथ को तीर्थ स्थल ही रहने देने की मांग की है। सांसद ने सोमवार को कहा कि पारसनाथ जैन समुदाय के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। यहां दर्जनों जैन मुनियों, तीर्थंकरों ने तपस्या की और मोक्ष की प्राप्ति की है। श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता को बनाये रखने के लिए झारखंड सरकार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित किये जाने के बाद से ही जैन समाज में रोष है। पूरे देश भर का जैन समाज सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। सांसद ने कहा कि पारसनाथ मंदिर सहित जैन समाज की पूजा विधि बहुत ही स्वच्छ और पवित्रता पूर्ण तरीके से होती है। इनकी पूजा पद्धति को ध्यान में रखते हुए पर्यटन स्थल की घोषणा कहीं से भी उचित प्रतीत नहीं होता है। पर्यटन स्थल घोषित होने से यहां की पवित्रता एवं मंदिर की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। राज्य सरकार जैन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सम्मेद शिखरजी को धार्मिक स्थल ही रहने दे।

# उषा मार्टिन कंपनी के पिकलिंग प्लांट में आग लगने से काफी नुकसान

**किसी मजदूर को कोई क्षति नहीं, इमरजेंसी रिस्पांस टीम की कार्रवाई से पाया गया आग पर काबू, अग्निशमन विभाग का प्रयास भी रहा सफल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** रांची की उषा मार्टिन कंपनी के पिकलिंग यूनिट प्लांट में आग लगने से करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सोमवार लगभग 12 बजे आग लगने से कंपनी और आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गयी। प्लांट में लगी भीषण आग की लपटों ने मजदूरों और लोगों के बीच दहशत पैदा कर दी। लगने लगा कि इस आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल है। हालांकि मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। बता दें कि रांची स्थित उषा मार्टिन के प्लांट में हजारों लोग काम करते हैं और साल का पहला कार्यदिवस होने की वजह से बड़ी संख्या में कामगार भी प्लांट में मौजूद थे। राहत की बात ये रही कि इस आग से किसी व्यक्ति की क्षति नहीं हुई, लेकिन कंपनी को भारी नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने के पीछे शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस और फायर विभाग के अधिकारी तहकीकात कर रहे हैं। इस संबंध में कंपनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घटना की जानकारी दी। इसमें बताया गया कि उषा मार्टिन के रांची कारखाना के एक शेड में सोमवार को दिन में आग लगने की घटना हुई। हमारी इमरजेंसी रिस्पांस टीम तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गयी। घटना स्थल क्षेत्र को सुरक्षा घेरा में लेकर आग को नियंत्रित किया गया। इसमें रांची अग्निशामक दस्ता ने भी अपना पूरा सहयोग किया। इस घटना में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई चोट नहीं आयी है। सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार संबंधित अधिकारियों को घटना की तुरंत सूचना दी गयी। इस घटना से हुई हानि का आकलन किया जा रहा है। एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के नाते, हम सुरक्षित संचालन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## धनबाद नगर निगम ने इसे सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किया

# 1932 में धनबाद में इंग्लैंड से मंगवाया गया रोड रोलर बना सेल्फी प्वाइंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** गुलाम भारत में यह रोड रोलर धनबाद की सड़कें बना चुका है। इस रोड रोलर से बनने वाली लुबी सर्कुलर रोड पहली सड़क थी। इसकी खासियत यह है कि यह स्टीम पावर इंजन रोड रोलर है और इसे चलाने में दो से तीन व्यक्ति लगते थे। 1932 का यह स्टीम इंजन रोड रोलर अब धनबाद वासियों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। जर्जर अवस्था में सड़ रहे धनबाद की सड़कों के प्रतीक स्टीम इंजन रोड रोलर की मरम्मत कर रंग-रोगन के साथ बेकारबांध के पास स्थापित किया गया है।

### नगर निगम ने बढ़ायी इसकी शान, बनाया सेल्फी प्वॉइंट

नगर निगम ने इसे सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किया है। इसके चारों ओर ग्रीनपैच बनाया गया है। रोड रोलर पूरी तन्मयता के साथ तन कर खड़ा है। एकबारगी इसे देखने पर लोग ठहर जाते हैं। उसके साथ सेल्फी ले रहे हैं। इसके बारे में जानने की उत्सुकता भी दिखती है। बहुत कम लोगों को इसके बारे में पता होगा। स्टीम इंजन रोड रोलर को 1932 में इंग्लैंड के गेंसबरो से ब्रिटिश सरकार ने मंगवाया था।

### 1848 में स्थापित कंपनी ने किया इसका निर्माण

मार्शल संस एंड कंपनी लिमिटेड गेंसबरो इसकी निर्माता है। दस हार्स पावर के रोड रोलर का वजन 30 टन है। इसमें दो बड़े पहिये हैं। इसका पिस्टल बैलट चेन ड्राइव और रोल्स पर फिट किया गया है। आज के रोड रोलर में यह नहीं है। इसी कारण यह काफी मजबूत हुआ करता था। ब्रिटिश कृषि मशीनरी निर्माता मार्शल एंड संस कंपनी की स्थापना 1848 में हुई थी। यह कंपनी ब्रिटानिया आयरन वर्क्स के अधीन थी।

### 1990 तक नगरपालिका की बनायीं सड़कें

नगर निगम के सिटी मैनेजर आनंद राज और सिटी मैनेजर प्रेम प्रकाश ने बताया कि 1990 तक इस स्टीम पावर इंजन रोड रोलर ने धनबाद नगरपालिका में सड़कों का निर्माण किया। धनबाद की सभी प्रमुख सड़कें इसी रोड रोलर ने बनायी गयी हैं। काम बंद होने के बाद इसे कूड़े के ढेर में डाल दिया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत से मिले डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या यह सिर्फ कागजों पर है : हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को नीलम चौबे की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या यह सिर्फ कागजों पर है। कोर्ट ने कहा कि प्रत्येक माह राज्य के पुलिस कर्मियों को अनुसंधान से संबंधित सटीक जांच करने, आइपीसी एवं सीआरपीसी की धाराओं की जानकारी देने आदि के बारे में ट्रेनिंग कराये जाने का दिशा-निर्देश कोर्ट द्वारा दिया गया था।

रेगुलर बेसिस पर इन पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग हो रही है या नहीं, इसे शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बतायें। मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाने से संबंधित यह मामला है।

इस मामले में पूर्व की सुनवाई में हाइकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा था कि झारखंड पुलिस भी कानून पूरी तरह से नहीं जानती है। कानून के प्रति पुलिस वालों को ट्रेंड करना चाहिए। ऐसे में जरूरी है कि सरकार पुलिस को कैप्सूल कोर्स कराये। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा बोकारो से एक लॉ के छात्र को गिरफ्तार कर ले जाया गया था। हाइकोर्ट ने यह भी कहा कि दूसरे राज्य की पुलिस झारखंड से व्यक्ति को पकड़ कर ले गयी, लेकिन कस्टडी में लेकर ट्रांजिट परमिट तक नहीं लिया गया। दूसरे राज्य में ले जाने के संबंध में कोर्ट का ऑर्डर भी नहीं है। अगर पुलिस को सूचना थी, तो जाने कैसे दिया गया। मध्यप्रदेश की पुलिस की गलती जितनी है, उतनी ही गलती मामले में झारखंड पुलिस की भी है। जानबूझ कर झारखंड पुलिस ने अभियुक्त को जाने दिया। बता दें कि 24 नवंबर 2021 को मध्यप्रदेश पुलिस ने बोकारो से लॉ के छात्र को गिरफ्तार किया था, लेकिन परिजनों को इसकी पूरी जानकारी नहीं दी गयी। परिजनों की जगह रिश्तेदार को गिरफ्तारी की जानकारी दी गयी। दायर याचिका में कहा गया है कि छात्र की गिरफ्तारी के वक्त पुलिस के पास सिर्फ सर्च वारंट था, जबकि अरेस्ट वारंट अनिवार्य है।

# पंकज मिश्रा रिम्स में, गतिविधियों पर इडी की नजर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मनी लॉडिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा का इलाज सर्जरी विभाग के डॉ मृत्युंजय सरावगी की देखरेख में चल रहा है। पेशाब में जलन और पेट में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें शनिवार को रिम्स में भर्ती किया गया है। डॉ मृत्युजय सरावगी ने बताया कि पंकज मिश्रा को लीवोफ्लोक्सासिन और यूरीस्पाक टैबलेट दी गयी है। दवा देने के कुछ घंटे के बाद पेशाब में जलन से उन्हें राहत मिली है। वहीं डॉक्टर के निर्देश पर पंकज मिश्रा का अल्ट्रासाउंड भी किया गया। रिपोर्ट के आधार पर आगे इलाज की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। गौरतलब है कि पूर्व में तबीयत खराब होने के बाद वह लंबे समय तक रिम्स में भर्ती थे। दर्द की सालों पुरानी परेशानी के लिए चिकित्सकों ने इंजेक्शन प्रिस्क्राइब किया था, जिसका वह आदि हो गये थे। पंकज मिश्रा उस इंजेक्शन का इस्तेमाल नशे के लिए करने लगे थे। सीआइपी में पंकज मिश्रा को इसी नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए भेजा गया था। शनिवार शाम पंकज मिश्रा के रिम्स में भर्ती होने के बाद इडी फिर सक्रिय हो गयी है। पंकज मिश्रा की सारी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी के महेनजर जेल प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। बता दें कि इससे पहले पंकज मिश्रा ने रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती रहने के दौरान कई लोगों से मुलाकात की थी। मोबाइल फोन पर लोगों से बातचीत भी की थी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। |
| वृष | संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता. |
| मिथुन | रुके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति। |
| कर्क | नये लोगों से संपर्क, शुभ समाचार मिलेगा। सुख सम्मान की रक्षा होगी। |
| सिंह | सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा |
| कन्या | धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें, सगे-संबंधियों का आवागमन बना रहेगा |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, नये वाहन खरीदने का संयोग बनेगा। |
| वृश्चिक | नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। धार्मिक कार्य में रुचि। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, संतान की उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकती है। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी। |

## रांची हिंसा मामला: हाइकोर्ट का आरोपित मोहम्मद माज को जमानत देने से इनकार

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत ने सोमवार को रांची हिंसा के प्रमुख आरोपित की जमानत याचिका ठुकरा दी। कोर्ट ने आरोपित मोहम्मद माज को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। दोनों पक्षों को ओर से बहस पूरी सुनने के बाद अदालत ने मोहम्मद माज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपित मोहम्मद माज की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता फैज उर रहमान ने अदालत में पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता विनीत वशिष्ठ ने पक्ष रखते हुए मोहम्मद माज की जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। बता दें कि रांची में 10 जून को नमाज के बाद उपद्रवियों ने हिंदू धार्मिक स्थल समेत पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाया था। इसके बाद पुलिस ने हिंसा की घटना में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच सीआइडी कर रही है।

# आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी अनीश गुप्ता समेत 33 पुलिस अधिकारियों, कर्मियों को मिला पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी अनीश गुप्ता समेत 33 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को पदक मिला है। झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को विशिष्ट सेवा के प्राप्त प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा सम्यक विचारोपरांत विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक, वीरता के लिए मुख्यमंत्री पदक और सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक से पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया गया।

### 33 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मिला पदक

**विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक :** एसआइ, गणेश चंद्र पान, झारखंड जगुआर (एसटीएफ) रांची

**वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक :** एसआइ राजीव कुमार भगत और दिव्य प्रकाश (लातेहार जिला) आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी, अनीश गुप्ता, डीएसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी मुकेश कुमार, डीएसपी दीपक कुमार पांडे, अशरद खां, सुदामा सिंह, सुखराम उरांव, मुकुंद बानरा, अंशलेम फ्रांसिस सोए, बिहारी मरांडी, ईश्वरी सिंह, सुबोध कुमार, विनय कुमार पांडे, बांधना उरांव, इसहाक डोडराय, प्रशांत कुमार महतो, रमाशंकर कुमार, अमित गुरुंग, इमानुएल टूडू जारका कोरबा, धर्मेंद्र कुमार, दुर्गा उरांव, कुंवर मुंडा, अजय कुमार सिंह, भूषण शर्मा अंजुला कुजुर, अनुपा कुमारी और सूर्य बहादुर धर्ती शामिल हैं।

## डीजीपी ने प्रोन्नति पानेवाले 2010 बैच के आइपीएस को पहनाया बैज

रांची। झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा ने सोमवार को प्रोन्नति पाने वाले 2010 बैच के आइपीएस को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बैज पहनाया। मौके पर डीजी ट्रेनिंग अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। बीते 30 दिसंबर को झारखंड कैंडर के 2010 बैच के आइएएस अधिकारियों को बेड में प्रोन्नति दी गयी थी। वर्तमान में सभी एसपी हैं। अब उन्हें कहीं भी प्रभारी डीआइजी बनाया जा सकता है। प्रोन्नति के बाद फिलहाल अपने वर्तमान पद पर ही बने रहेंगे। इधर यह भी खबर है कि राज्य पुलिस में कुछ जिलों और रेंज डीआइजी के पद पर जनवरी के पहले सप्ताह में बदलाव होंगे। जिन अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिली है, उनमें जैप वन के कमांडेंट वाइएस रमेश, सीआइडी के एसपी साइबर अपराध कार्तिक एस, एटीएस के एसपी सुरेंद्र कुमार झा, हजारीबाग के एसपी मनोज रतन चौथे, सीआइडी की एसपी संध्या रानी मेहता, जैप 10 के समादेष्टा धनंजय कुमार सिंह, जैप-4 के समादेष्टा अश्विनी कुमार सिन्हा, एसपी झारखंड जगुआर शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल और एसीबी के एसपी कुमार रविशंकर शामिल हैं।

# झारखंड पुलिस पर संगठित आपराधिक गिरोह पर लगाम लगाने की चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये साल 2023 में झारखंड पुलिस पर संगठित आपराधिक गिरोह के ऊपर लगाम लगाने की चुनौती होगी। झारखंड में कई छोटे बड़े अपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन वर्तमान समय की बात की जाये तो तीन ही आपराधिक गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। ये आपराधिक गिरोह माओवादी और उग्रवादी संगठन की तरह घटना को अंजाम देने के बाद जिम्मेवारी भी ले रहे हैं।

### कोयलांचल क्षेत्र में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा

झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, लेकिन इन दिनों अन्य गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह का उत्पात बढ़ा है। खासकर यह गिरोह राज्य के लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और रांची के कोयलांचल क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। इस गिरोह के द्वारा घटना को अंजाम देने के बाद मयंक सिंह नाम का व्यक्ति घटना की जिम्मेवारी भी लेता है। अमन साहू के जेल में बंद होने के बावजूद उसके गिरोह की सक्रियता कम नहीं हुई है। अमन साहू जेल से ही अपने गिरोह को चला रहा है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक अमन साहू आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने में सुजीत सिन्हा के गुर्गों का इस्तेमाल कर रहा है। पहले अमन साहू सुजीत सिन्हा गिरोह से ही जुड़ा था, लेकिन बाद में उसने खुद का गिरोह तैयार कर लिया। अमन साहू जेल में रह कर भी हर महीने लाखों रुपए की लेवी उठा रहा है। सुजीत सिन्हा के गिरोह में शामिल ज्यादातर अपराधी पलामू के ही रहने वाले हैं। प्रिंस खान इन दिनों धनबाद में आतंक का पर्याय बना हुआ है। व्यवसायियों, कोयला कारोबारियों, चिकित्सकों व अन्य संपन्न लोगों को धमकी देना, दहशत फैलाना उसका शौक बन गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No.1 Channel

# विचाराधीन कैदियों पर ध्यान देना बहुत जरूरी : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार सहित पूरे प्रदेश के सभी जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों के मामलों को लेकर सरकार और न्ययालयों का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों सहित सभी वर्गों के अनेक ऐसे कैदी न्याय की आस में बंद हैं, जिनका मामला लंबे समय से न्यायालय में सुनवाई के लिए विचाराधीन अथवा लंबित है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही वैसे मामलों की संख्या भी अच्छी-खासी है, जहां मामूली अपराधों के लिए भी उन्हें जेल में रहते हुए लंबा समय बीत गया, पर वैसे कैदी केवल आर्थिक या अन्य कारणों से संबंधित अदालतों की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से पूरा नहीं कर पाये। वहीं वे अब तक जेल में बंद हैं। तिर्की ने कहा कि अपने क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश से उन्हें जानकारी और सूचनाएं मिलती हैं, जो दिल को झकझोर देती है। कहा कि संवेदना और मानवता के आधार पर इन मामलों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। उन्होंने झारखंड उच्च न्यायालय, झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा), मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य सरकार के विधि विभाग के सक्षम अधिकारियों से इस मामले पर गंभीरता से विचार करने की अपील करते हुए कहा कि यदि इस दिशा में सार्थक और सकारात्मक कदम बढ़ते हैं, तो न केवल सभी को बिना पक्षपात के शीघ्र न्याय देने का भारतीय संविधान का उद्देश्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी और अनेक लोगों की आखों के सामने छाया अंधेरा छंटेगा, बल्कि अनेक दृष्टि से कमजोर उन साधनहीन कैदियों की दुआ-प्रार्थना भी मिलेगी।

## आलमगीर आलम से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

# मॉब लिंचिंग विधेयक को पारित कराने को लेकर ज्ञापन सौंपा

**आलमगीर आलम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया, कहा- इस संबंध में सीएम से बात होगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश में एक बार फिर मॉबलिंचिंग पर कानून बनाने की सुगबुगाहट तेज हो गयी है। इसे लेकर सोमवार को कांग्रेस विधायक दल के नेता मंत्री आलमगीर आलम के आवास में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मॉब लिंचिंग विधेयक को पारित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। शहजादा अनवर ने मंत्री आलमगीर आलम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर से आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री से समन्वय स्थापित कर विधेयक को दोबारा से राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजने का प्रयास करें। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में अब तक 50 से अधिक लोगों की हत्या हुई है और इन हत्याओं में सभी समुदाय के लोगों लोग शामिल हैं। इसपर मंत्री आलमगीर आलम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री से बातचीत कर दोबारा इस विधेयक को पारित कराया जायेगा। वहीं शहजादा अनवर ने कहा कि सरकार ने 2021 में मॉबलिंचिंग पर विधानसभा से विधेयक पारित कर राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिये भेजा जो एक स्वागतयोग्य कदम था, लेकिन राज्यपाल ने कुछ आपत्ति दर्ज कर विधेयक को वापस कर दिया। एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महागठबंधन की सरकार दोबारा विधेयक को पारित करने के दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रही है। यह चिंता का विषय है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय का भी स्पष्ट निर्देश है कि राज्य सरकार मॉबलिंचिंग के विरुद्ध कानून बनाने को स्वतंत्र है। ज्ञापन सौंपने वाले में झारखंड के 15 जिलों के प्रतिनिधियों के साथ ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की व जलेश्वर महतो विशेष रूप से शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल में शमशेर आलम, मोहम्मद इसराफिल, शमशेर आलम अंसारी, जमील अहमद अंसारी, जावेद रजा, ऐनुल हक अंसारी, जहीर अंसारी, इम्तियाज अहमद, आसिफ रजा, मोहम्मद नूर, मो. दिलदार अंसारी, साजिद अली, तस्लीम अंसारी, मोहन, ओबैदुल्लाह हक अंसारी, मो. ऐनुल होदा, सलाम अंसारी, शाबाद अहमद, मोहम्मद इब्राहिम जाहरी, तनवीर आलम, मो. अख्तर कासमी, मो वासिद आवेश अख्तर, फिरोज आलम, जका उल्लाह, मो हबीब उल्लाह, कयामुद्दीन अंसारी, इनामुल हक, जाकिर अख्तर, शहजाद खान, सईद अंसारी, हशमत उल्लाह, मोहम्मद साजिद, सलमान अंसारी शामिल थे।

## रांची से हावड़ा दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

# 419 किमी की दूरी चार घंटे 55 मिनट में हो जायेगी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के लोगों को बड़ी सौगात मिलनेवाली है। रांची से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन चलेगी। लंबे समय से इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारी है। रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव पर रांची रेल डिवीजन और रेल मंत्रालय तैयारी कर रहे हैं। रेल मंत्रालय देश के 40 रूट पर वंदे मातरम ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है। इसमें रांची-हावड़ा ट्रेन को भी शामिल किया गया है। वंदे भारत ट्रेन चलने से हावड़ा से रांची आने में समय की बचत होगी।

**रफ्तार 130-150 किमी प्रति घंटे**

रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम रफ्तार 130-150 किमी प्रति घंटे की होगी। रांची से हावड़ा के बीच 419 किमी की दूरी चार घंटे 55 मिनट में तय की जायेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को अन्य ट्रेनों की अपेक्षा अतिरिक्त सुविधाएं मिलेंगी। हर सीट के नीचे चार्जिंग प्वाइंट है, जिसमें आसानी से लोग अपने गैजेट्स चार्ज कर सकेंगे। वाई फाई सिस्टम, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, वेक्यूम शौचालय, सीट के नीचे रेड लाइन और ट्रेन में उतरने-चढ़ने के लिए दिव्यांग यात्रियों के लिए व्हील चेयर की भी व्यवस्था है, ताकि किसी भी यात्री को परेशानी ना हो। वर्तमान में चलने वाली रांची-पटना जन शताब्दी ट्रेन को 418 किमी की दूरी तय करने में लगभग आठ घंटे लगते हैं। इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन चलने से यात्रियों का दो से तीन घंटे का समय बचेगा।

# समनूर बने 15 सूत्री कार्यान्वयन समिति के राज्य स्तरीय सदस्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए जारी प्रधानमंत्री के 15 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत संशोधित मार्गदर्शिका के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया। समिति में रांची जिला से सुकुरहुटू, कांके निवासी झारखंड आंदोलनकारी समनूर मंसूरी को राज्य स्तरीय सदस्य बनाया गया है। मंसूरी गैर सरकारी और गैर निर्वाचित प्रतिनिधि बनाये गये हैं, जो अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए पूरे राज्य में काम करेंगे। सदस्य बनने पर राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, झामुमो जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अन्सारी, सचिव नवीन तिर्की और क्रिडा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव प्रदीप मिर्धा के अलावा रांची जिला के सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# कोर्ट फी संशोधन विधेयक 2022 को राज्यपाल से वापस लेने की गुहार लगायी

**झारखंड बार काउंसिल का प्रतिनिधिमंडल गवर्नर से मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण के नेतृत्व में सोमवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। काउंसिल की ओर से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। काउंसिल ने राज्यपाल से मिलकर विधानसभा से पारित कोर्ट फी संशोधन विधेयक 2022 को राज्य सरकार द्वारा वापस लेने का आग्रह किया। इसके अलावा एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, झारखंड में लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक बार संघ के अनुभवी अधिवक्ताओं को बनाने, अन्य राज्यों की तरह झारखंड में अधिवक्ता कल्याणकारी योजनाओं के लिए बजटीय प्रावधान स्थापित करने, झारखंड में राज्य विधि आयोग के गठन का भी आग्रह किया है। राज्यपाल ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वे काउंसिल की भावनाओं का ख्याल रखेंगे। राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन में काउंसिल के तरफ से कहा गया है कि झारखंड में राज्य सरकार द्वारा कोर्ट फी बढ़ाने से गरीब और समाज के कमजोर वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, अब्दुल कलाम रशीदी, राधेश्याम गोस्वामी, मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार विद्रोही, परमेश्वर मंडल एवं रिंकू कुमारी भगत आदि शामिल थे।

# राज्यपाल से सीएस समेत जेपीएससी अध्यक्ष और कुलपतियों ने की मुलाकात

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से सोमवार को राजभवन में मुख्य सचिव, जेपीएससी अध्यक्ष सहित कई कुलपतियों ने मुलाकात की। सबसे पहले राज्यपाल से राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने राज भवन में मुलाकात कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा राज्यपाल से रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओएन सिंह, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमएन देव ने राजभवन में मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने भी सभी को नववर्ष की बधाई दी।

# राष्ट्रीय खादी मेले में एक करोड़ का मुनाफा : राखाल चंद्र बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव में 31 दिसंबर तक एक करोड़ की खरीदारी हो चुकी है। राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के सीइओ राखाल चंद्र बेसरा ने सोमवार को पत्रकारों से बताया कि 31 दिसंबर 2022 तक लगभग एक करोड़ की खरीदारी हो चुकी है। लोग महोत्सव में खादी और सरस के उत्पादों को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि बुनकरों, हस्तशिल्पकार और कारीगरों की मेहनत को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में अपना योगदान दें, ताकी उन्हें अर्थिक रूप से सबल और सक्षम बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि 28 दिसंबर 2022 से शुरू हुआ ये महोत्सव आठ जनवरी 2023 तक चलेगा, जहां अलग अलग राज्यों से आयें खादी और सरस के उत्पाद मिलेंगे।


# विहिप सदैव देश हित का कार्य करता है : डॉ रवींद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति और कार्यकारिणी समिति की 5 दिवसीय बैठक सोमवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में अग्रसेन महासभा मांगलिक भवन में हुई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ रवींद्र नारायण सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद सदैव देश हित का कार्य करता है। इसकी गरिमा समाज के बीच उम्मीद के रूप में व्याप्त है, हम सभी कार्यकर्ता इस उम्मीद में खरा उतरने का कार्य करें। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा मजहबी कट्टरता को परास्त कर हिंदू समाज को स्वाभिमानी व सामर्थ्यशाली बनायेंगे। समापन सत्र में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ रविंद्र नारायण सिंह, केंद्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे, केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार, उपाध्यक्ष अशोक चौगुले, उपाध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी, उपाध्यक्ष हुकुमचंद सावला, केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन, संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर शर्मा सहित विदेश और देश के सभी प्रांतों के लगभग 350 प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में झारखंड प्रांत से केंद्रीय प्रबंध समिति सदस्य जगन्नाथ शाही, पटना क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, पटना क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, झारखंड प्रांत कार्याध्यक्ष तिलक राज मंगलम, झारखंड प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे।

# अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी उत्सव मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को पौष शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में उत्साह के साथ आयोजित किया गया। नये वर्ष की प्रथम एकादशी होने के कारण प्रातः काल से ही भक्तगण श्याम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से जैसे गुलाब, गैंदा, जूही, जरबेरा, गुलदऊदी, रजनीगंधा, बेला से श्याम प्रभु का मनमोहक मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विषेश श्रृंगार किया गया। रात्रि नौ बजे पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। इसमें आये हुए भक्तगण कतारद्ध होकर पावन ज्योत में आहुति प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा सर्व प्रथम गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ किया।

मेरी लाज बचाने वाला, मेरी किस्मत को सजाने वाला एक तू है एक तू ही तो है... कीर्तन की है रात है बाबा आज थान आणो है... मोर छड़ी लहराई, रसिया ओ सांवरे... अनोखा जो भी हुआ श्याम तेरे द्वारा ही हुआ... क्यों गरीबों का साथी बना, बन गया तो निभाना पड़ेगा इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को घेवर, गोंद के लड्डू, तिलकुट, बर्फी, विभिन्न प्रकार के मेवा-फल का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, गोपी किशन ढांढनियां, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, सुदर्शन चितलांगिया, राकेश सारस्वत, नितेश अग्रवाल, विकाश पाडिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अजय साबू, अरुण धनुका का सहयोग रहा।

# झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने फर्जी वेबसाइट से दूर रहने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची की फर्जी वेबसाइट के जरिये युवाओं से ठगी किये जाने की शिकायत आयी है। आयोग को भी इस संबंध में सूचना मिली है। इसके बाद आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने इस संबंध में जरूरी सूचना जारी करते हुए सावधानी बरतने को कहा है। परीक्षा नियंत्रक ने कहा है कि असामाजिक तत्वों द्वारा आयोग की फर्जी वेबसाइट जेएच आरपीएसएससीडॉट इन बनायी गयी है। इसके माध्यम से विभिन्न प्रकार की भ्रामक परीक्षा संबंधी सूचनाओं और विज्ञापनों का प्रकाशन, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने संबंधी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में सर्वसाधारण को सूचित और निदेशित किया जाता है कि आयोग की एकमात्र वेबसाइट के जेएसएससी.एनआइसी.इन के माध्यम से ही जरूरी सूचनाएं प्राप्त करेंगे। ऐसा नहीं करने और दूसरे अनाधिकृत वेबसाइट के प्रयोग से किसी प्रकार की धोखाधड़ी का शिकार होने पर वे स्वयं इसके जिम्मेदार होंगे। किसी भी स्थिति में आयोग की अधिकृत वेबसाइट का ही प्रयोग करें।

# नागपुरी गाना गोरी नखरे वाली गीत एल्बम का हुआ विमोचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नागपुरी गाना गोरी नखरे वाली गीत एल्बम का विमोचन हुआ। सोमवार को रांची के कोकर स्थित ऐश्वर्या कॉम्प्लेक्स में विमोचन के मौके पर एल्बम में काम कर रहे कलाकार मौजूद थे। इस अवसर पर एल्बम की प्रोड्यूसर सीमा सिंह ने कहा कि हमलोग कई और एल्बम पर आगे भी काम करना चाहते हैं। इसमें राज्य सरकार और कला संस्कृति विभाग की ओर से मदद मिले तो स्थानीय कलाकारों को और बेहतर मौका मिलेगा। इस एल्बम का पूरा शूटिंग रांची के बेहतरीन वादियों में की गयी है। बता दें कि इस गाने को लोगों का पूरा प्यार मिल रहा है। संगीतकार सत्या सिंह ने बताया कि झारखंड में कलाकारों और शूटिंग की जगह की कमी नहीं है। बस इसे निखारने की जरूरत है। इसके माध्यम से प्रकृति की गोद में समाया हमारा सोना झारखंड जिसका सौंदर्य जल, जंगल और जमीन को दिखाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस मौके पर अभिनेता आर्यन, अभिनेत्री श्रुति के साथ अलेक्जेंडर डेविड, राकेश महतो मौजूद थे।

## याद किया : परिवार सहित क्षेत्र के लोगों ने दी पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि

# सोनाहातू के पूर्व विधायक जगरनाथ महतो की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** सोमवार को पूर्व विधायक सह अधिवक्ता स्व जगरनाथ महतो की 122 वीं जयंती मनायी गयी। यह जयंती, कार्यक्रम के आयोजनकर्ता स्व जगरनाथ महतो के नाती ललित महतो (पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष आजसू, बृहत झारखंड) के आवासीय प्रांगण में मनायी गयी। इस अवसर पर ललित महतो ने स्व जगरनाथ महतो की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्व जगरनाथ महतो झारखंड पार्टी से सन 1952 से 1962 तक सोनाहातू विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। जब जयपाल सिंह ने झारखंड पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय और झारखंड की मांग को समाप्त करने की घोषणा की, तब स्व जगरनाथ महतो ने इसका जोरदार विरोध किया। तब जयपाल सिंह और जवाहरलाल नेहरू ने मिल कर एक षड्यंत्र के तहत सोनाहातू विधानसभा क्षेत्र को दो भागों में बांट दिया -सिल्ली (एससी)और तमाड़ (एसटी) और सोनाहातू विधान सभा के अस्तित्व को ही विभाजित कर दिया गया। तब जगरनाथ महतो ने अपने विश्वासपात्र एन ई होरो को पार्टी की कमान सौंपी। होरो ने झारखंड आंदोलन का सौदा नहीं किया। उन्होंने बताया कि स्व जगरनाथ महतो ने अपने पूरे जीवन काल में झारखंड आंदोलन के गद्दारों का विरोध किया। इस समारोह की अध्यक्षता शिवशंकर महतो ने की। उन्होंने इस दौरान स्व जगरनाथ महतो के पदचिह्नों पर सदा चलने की बात कही। वहीं इस समारोह का संचालन दुबराज महतो ने किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रो घनश्याम महतो ने क्षेत्र में स्व जगरनाथ महतो की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। समारोह में मुख्य रूप से तरनी महतो, नंदकिशोर महतो, महेश्वर महतो, राजेश महतो, अजय कुमार महतो, रामदयाल महतो, निर्मल महतो, रमेश महतो, अरविंद महतो, सुरेश महतो, जगदीश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## श्री राम पावर प्लांट के विस्तारीकरण पर उठ रहा है बड़ा सवाल

# कहीं प्लांट के विस्तारीकरण के नाम पर वनभूमि पर कब्जा का प्रयास तो नहीं?

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नया मोड़ आरा हीरक मार्ग स्थित श्री राम पावर प्लांट के विस्तारीकरण पर बड़ा सवाल उठने लगा है। आसपास के लोग भी उनकी मंशा पर सवाल उठाने लगे हैं।विस्तारीकरण को लेकर प्लांट का दायरा जंगल की ओर बढ़ने लगा है। जिससे लोगों का मानना है कि विस्तारीकरण के नाम पर वन भूमि पर कब्जे की तैयारी तो नहीं चल रही है। हालांकि सबकुछ मापी के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। लेकिन इन दिनों पावर प्लांट का विस्तारीकरण काफी चर्चा में है। चर्चा है कि करीब 1 एकड़ से अधिक एरिया में प्लांट को बढ़ाया गया है। जिसमें वन भूमि पर निर्माण होने की बात सामने आ रही है। हालांकि मापी से पहले कुछ भी बोलना जल्दबाजी होगा। लेकिन वन विभाग को मामले में संज्ञान लेने की आवश्यकता है। क्योंकि प्लांट का विस्तारीकरण दिनों दिन जंगल की ओर बढ़ रहा है। जिधर विस्तारीकरण हो रहा है। उधर जंगली इलाका है।जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्लांट के नाम पर हो रहे निर्माण कार्य वनभूमि पर ही हो रहा हो रहा होगा।क्योंकि जंगल के बीचो बीच रैयती जमीन का होना संभव नहीं है। फिलहाल मामले में वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई है। विभाग जल्द ही मामले में कोई कार्रवाई कर सकती है। विभाग की चुप्पी बना रहा तो आसपास के जंगलों का अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। बरहाल देखना दिलचस्प होगा कि विभाग का कार्यवाई कितना कारगर और कड़ा होता है।



### क्या बोले डीएफओ

इस संबंध में डीएफओ वेद प्रकाश कंबोज ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। प्लांट विस्तारीकरण में वनभूमि पर कब्जे की बात सामने आती है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। मैं इस मामले में रेंज ऑफिसर से जांच पड़ताल करवा ही कुछ बोल पाऊंगा। जांच में वन भूमि पर कब्जे की बात सही हुआ तो कार्रवाई की जाएगी।



अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही एवं महामंत्री याज्ञवल्क्य के नेतृत्व में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में भेंट की और उन्हें अभाविप द्वारा चलाये जा रहे देशव्यापी अभियानों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

## अनिल लाहोटी रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष और सीइओ का पदभार ग्रहण किया

रांची (आजाद सिपाही)। अनिल कुमार लाहोटी ने सोमवार को रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के नये अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का पदभार ग्रहण किया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एक जनवरी 2023 से अनिल कुमार लाहोटी की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है । उन्होंने दिनांक 17 दिसंबर 2022 को रेलवे बोर्ड में सदस्य, इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में पदभार संभाला था। श्री लाहोटी इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के 1984 बैच के अधिकारी हैं। इन्हें भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इंडियन रेलवे मैनेजमेंट सर्विस की लेवेल-17 की पहली पैनल में शामिल किया गया। उन्होंने माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, ग्वालियर से सिविल इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल के साथ स्नातक किया है और रुड़की विश्वविद्यालय (आईआईटी, रुड़की) से मास्टर ऑफ इंजीनियरिंग (स्ट्रक्चर्स) किया है। रेलवे में अपने 36 वर्षो से अधिक के सेवाकाल के दौरान, उन्होंने मध्य, उत्तर, उत्तर मध्य, पश्चिम और पश्चिम मध्य रेल और रेलवे बोर्ड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मध्यदेशीय वैश्य समिति के चुनाव में दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में, चुनाव आठ को

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। मध्यदेशीय वैश्य समिति सत्र 2023-26 के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर नामवापसी के बाद चुनाव मैदान में मात्र दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए चुनाव समिति के सदस्य गणेश प्रसाद गुप्ता, आनंद गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, सुबोध कुमार गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता और नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद के होनेवाले चुनाव में रुपेश गुप्ता व डोमन प्रसाद गुप्ता दो प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किया है। आठ जनवरी रविवार को गणिनाथ भवन में सुबह 11.30 बजे से लेकर शाम चार बजे तक चुनाव होगा।

### पॉकेटमारों ने उड़ा लिये श्वेता दास के मोबाइल

रांची (आजाद सिपाही)। नये साल के पहले दिन रविवार को ही पॉकेटमारों ने लक्ष्मी नगर निवासी श्वेता दास के वन प्लस मोबाइल उड़ा लिये। इस संबध में श्वेता दास ने सुखदेव नगर थाने में लिखित शिकायत की है। इसमें कहा गया है कि वह पूजा करने मंदिर गयी थी। इसी दौरान किसी ने उनके मोबाइल चुरा लिये। बताते चलें कि श्वेता दास रातू रोड के फु ल बिक्रेता माखन दास की पत्नी हैं। साल के पहले ही दिन पॉकेटमारों ने उनके मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया।

### प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार सेवानिवृत्त हुए

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के इतिहास विभाग में प्रोफेसर सह वर्तमान में डीएसडब्ल्यू और डीन, सोशल साइंस के पद पर कार्यरत प्रो अनिल कुमार गत 31 दिसंबर को सेवानिवृत हो गए। गौरतलब है प्रो अनिल कुमार ने 2009 में तत्कालीन रांची कॉलेज, अब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय,रांची के इतिहास विभाग में अपना योगदान दिया था।

### इटकी के महाराजा रंजीत सिंह पब्लिक स्कूल में गुरु गोविंद सिंह जयंती मनायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। महाराजा रंजीत सिंह पब्लिक स्कूल बारीडीह इटकी में सोमवार को गुरु गोविंद सिंह जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बच्चों को गुरू गोविंद सिंह जी के जीवन के विषय में बताया गया। बच्चों को कड़ा प्रशाद बांटा गय। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्य गुरमीत कौर निदेशक डॉ. तरण सिंह एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

# झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन रांची के आदित्य ने किया धमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पावर लिफ्टिंग इंडिया की ओर से 26 से 28 दिसंबर तक पंजाब में राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग-2022 का आयोजन हुआ। जिसमें झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के विभिन्न कैटेगरी में झारखंड की टीम ने कुल 36 मेडल झटके। जिसमें 18 गोल्ड और 11 सिल्वर के साथ 3 कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं, स्ट्रांग मैन और स्ट्रांग वूमेन के दो-दो पदक भी झारखंड की टीम जीतने में सफल रही। इसके साथ ही झारखंड की टीम प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनी।



**आदित्य ने किया झारखंड का नाम रौशन :** राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रांची के लालपुर निवासी आदित्य ने शानदार प्रदर्शन किया। 75 किलोग्राम स्ट्रांग मैन ऑफ इंडिया 2022 बेंच प्रेस 1 कटैगरी, डेट लिफ्ट 1 कैटेगरी और ऑलओवर 1 केटेगरी में आकर रांची और झारखंड का नाम रौशन किया। बताते चलें कि टीम में यश गौरव, संभव जायसवाल, प्रेमदीप कुमार, प्रियांशु कुमार, रितेश कुमार, अंजलि टोप्पो और रागिनी कच्छप आदिश शामिल थीं।

# अवैध शराब की छापेमारी में देशी और विदेशी शराब जब्त, दो पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** वरीय अधिकारी के आदेशानुसार बरकाकाना पुलिस ने अवैध शराब को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के तहत बरकाकाना ओपी के विभिन्न क्षेत्रों में सअनि परवेज अहमद खान की अगुवाई में छापेमारी की गई जिसके तहत घुटुवा बस्ती इमली पेड़ चौक के समीप राशन दुकान से देशी व विदेशी शराब जब्त की गई हैं। शराब जब्ती के उपरांत दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसका कांड संख्या 1/023 है और एक्साइज एक्ट व भादवि के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया अवैध शराब को लेकर यह अभियान लगातार चलाई जायगी जिससे अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लग सके।




# तीन जनवरी से सात दिवसीय श्री हनुमंत कथा रहस्यम का वाचन सदगुरु ऋतेश्वर महाराज करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वृंदावन से आये सदगुरु ऋतेश्वर महाराज तीन से नौ जनवरी तक चांदनी चौक हटिया स्थित नंदन पैलेस में श्री हनुमंत कथा रहस्यम का वाचन करेंगे। सात दिवसीय कथा में भगवान राम, श्री कृष्ण और श्री हनुमान के चरित्र पर चर्चा करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक चलेगी। इस कथा का लाइव प्रसारण भी होगा। यह जानकारी सदगुरु ऋतेश्वर महाराज ने सोमवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि लोगों को अध्यात्मसे जुड़ना जरूरी है। आज के जीवन में सभी तनाव में है। इस तनाव की दवा भी नहीं है। अगर लोग अध्यात्म से जुड़ेंगे, तो तनाव अपने आप दूर हो जायेगा। आज विश्व में जितने भी विकसित देश है, जहां लोग पढ़े लिखे लोग है, लेकिन वहां अधिक लोग डिप्रेशन और तनावग्रस्त है। वहीं अधिक लोग आत्महत्या कर रहे हैं। सदगुरू ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि भारत को अगर विश्व गुरू बनना है, तो इसका सीधा रास्ता अध्यात्म से होकर जाता है। आज अध्यात्म से विश्व को जगाने की जरूरत है। अगर लोग अध्यात्म रूप से उन्नत नहीं होंगे, तो जीवन बेकार हो जाता है। आज देश में मेकाले की शिक्षा प्रद्वति से पूरा देश प्रभावित है। यह शिक्षा पद्वति बदलनी चाहिए। बच्चों को जीविका चलाने और जीवन जीने की दोनों विद्या देने की आवश्यकता है। सनातन संस्कृति हमें एकजुट करती है और विघटन से हमें दूर रखती है। सनातन संस्कृति के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है। प्रेसवार्ता में आदित्य विक्रम जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।



# करमा में पड़ोसियों के बीच मामूली विवाद पर हुई जम कर मारपीट, भांजी गयी तलवार, आवास पर पथराव, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत करमा दक्षिणी पंचायत के नारायणपुर गांव में दो पड़ोसी के बीच रविवार की रात्रि मामूली विवाद पर लाठी-डंडे के साथ जमकर मारपीट हुई। साथ ही, तलवार भी भांजी गई। वही, एक पक्ष के आवास पर जमकर पथराव किया गया। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए। इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस के सहयोग से फिलहाल मामला शांत है। वही, दोनों पक्षों ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन देते हुए एक दूसरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, मुरपा (कुजू)निवासी संदीप महतो का 18 वर्षीय पुत्र अमांशु कुमार अपना नानी घर नारायणपुर निवासी लालमोहन महतो के यहां गया था। बीती रात तकरीबन 7:30 बजे अमांशु अपनी कार को सड़क किनारे खड़े दो वर्षीय गोलू कुमार पिता विकाश सोनी के बगल से गुजरा। जिसको लेकर स्वर्णकार परिवार द्वारा उक्त युवक से पूछताछ की। जिसके बाद मामूली बात पर विवाद बढ़ गया और जमकर पिटाई कर दी। जिससे अमांशु घायल हो गया। वही, सूचना के बाद गांव के ही महतो व ठाकुर ने समूह बनाकर आदित्य सोनी पिता स्व लोकनाथ साव के आवास पर जमकर पथराव कर दिया। जिससे उनके घर में लगे शीशे टूट गए। घटना के दौरान दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जहां धक्का-मुक्की के बीच एक पक्ष ने तलवार भी भांजी। हालांकि बड़ी मशक्कत के बाद मामला तो जरूर शांत हुआ। लेकिन सोमवार की सुबह भी तनावपूर्ण स्थिति रही। जहां ड्यूटी के लिए गोला जा रहे इंडियन बैंक कर्मी सुदीप सोनी निकला। पुनः दूसरे पक्ष के लोगों के साथ विवाद हो गया। जिसमें एक बार फिर से दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष के सुजीत सोनी एवं दूसरे पक्ष के चंद्रशेखर महतो तथा परमेश्वर महतो घायल हो गए। मौके पर कुजू ओपी के सअनि मो साबिर हुसैन सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और मामला को शांत कराया।

### दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे के खिलाफ दिया आवेदन

कुजू ओपी पुलिस को दोनों पड़ोसियों ने एक दूसरे के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते हुए आवेदन दिया है। एक पक्ष के आदित्य सोनी ने अमांशु पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के साथ घर में मोहित महतो, ओम प्रकाश महतो, कासो महतो, मनोहर ठाकुर, विक्की ठाकुर, विजय ठाकुर, रवि ठाकुर, खुशी लाल महतो, अमन कुमार महतो, विशाल ठाकुर, ट्विंकल कुमार, कैलाश ठाकुर, अखिलेश ठाकुर पर पथराव करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरे पक्ष के लाल मोहन महतो ने अपने आवेदन में कहा है कि उसका नाती अमांशु मुरपा से उनके यहां आया हुआ था। इसी दौरान सोनार परिवार के आदित्य सोनी, रंजीत सोनी, सुजीत सोनी, सौरभ सोनी, शशि सोनी, विकास सोनी, मोहन सोनी, विनोद सोनी, पिंटू सोनी हरवे हथियार के साथ आ धमके और अमांशु पर हमला कर दिया। जिसकी वजह से उसके सर पर काफी चोटें आई है।

# नये साल में ₹45 करोड़ की शराब पी गये झारखंड के लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये साल के जश्न में झारखंड में शराब की बिक्री के रिकार्ड टूट गये। झारखंड में लगभग 45 करोड़ रुपये की शराब बिकी है, वहीं राजधानी रांची में 31 दिसंबर को 4.53 करोड़ रुपये की शराब बेची गयी। रांची में शराब की बिक्री का यह रिकार्ड है। इससे पहले जो शराब की बिक्री का आंकड़ा था, वह तीन करोड़ रुपये का था। 31 दिसंबर की बिक्री ने पहले के सारे रिकार्ड तोड़ दिये। 1 जनवरी को भी रांची में खूब शराब की बिक्री हुई है। इसके आधिकारिक आंकड़े अब तक जारी नहीं किये गये हैं, लेकिन विभाग के सूत्रों के अनुसार रांची में तीन करोड़ रुपये से अधिक की शराब की बिक्री हुई है।



### 45 करोड़ का आंकड़ा पार हुआ

भले ही जनवरी को हुई बिक्री के आधिकारिक आंकड़े अब तक नहीं आये हों, लेकिन अनुमान के आधार पर ही इन दो दिनों के आंकड़े को जोड़ कर देखें, तो आंकड़ा सात करोड़ को पार करने का अनुमान लगाया जा रहा है। नये साल के स्वागत में यह आंकड़ा सिर्फ रांची का है। नये साल में पूरे झारखंड में हुई शराब की बिक्री का आकलन करें यो यह आंकड़ा 45 करोड़ के आसपास पहुंच रहा है।

### एक महीने में 24 करोड़ की बिक्री

31 दिसंबर को राज्य भर में 24 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड शराब की बिक्री हुई थी। अनुमान है कि 1 जनवरी को लगभग 20 से 21 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री हुई है। इन दोनों आंकड़ों को सामने रखेंगे तो यह आंकड़ा मिल कर लगभग 45 करोड़ रुपये का बनता है।

### दिसंबर महीने में 330 करोड़ की शराब बेची गयी

झारखंड में नये साल के जश्न में लोग लगभग 45 करोड़ रुपये की शराब पी गये। दिसंबर माह की बात की जाये, तो राज्य में लगभग 330 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री हुई है। नवंबर में 279 करोड़ और अक्तूबर में 309 करोड़ की शराब बेची गयी है।

# अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन में छह देश भाग लेंगे : कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि नये साल में नया संकल्प के साथ काम किया जायेगा। यूनिवर्सिटी नये साल में अंतरराष्ट्रीय जनजातीय सम्मेलन करने जा रही है। सम्मेलन में भारत समेत छह देशों बांग्लादेश, थाईलैंड, नेपाल और भूटान व आसपास के जनजातीय बहुल देश के प्रतिनिधियों को जायेगा। छत्तीसगढ़, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के बुलाया प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के साथ ही अन्य कार्य समय पर पूरे किये जायेंगे। विश्वविद्यालय का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। नए सत्र में पढ़ाई, खेलकूद, परीक्षा से लेकर हर कार्यक्रम के लिए तिथि तय कर दी गयी है। हर हाल में कैलेंडर के आधार पर काम संपन्न कराने का प्रयास किया जायेगा। एक जुलाई से नया सत्र शुरू होने जा रहा है। सीबीएससी का रिजल्ट आते ही सारी प्रक्रिया सुचारू रूप से चलने लगेगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) प्रवेश के लिए परीक्षा लेगी। जिसके बाद स्कोर के आधार पर विद्यार्थियों के लिए कॉलेज आबंटित किया जायेगा। वहीं रांची विश्वविद्यालय स्टेट लेबल की प्रवेश परीक्षा भी लेगी, जिसके आधार पर विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। कोर्स पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को हर हाल में क्लास अटेंड कर पढ़ाई पूरी करनी होगी।

पिछले दिनों नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य भर के लगभग सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के साथ बैठक की गयी थी। राजकीय अतिथिशाला में हुई इस बैठक में पता चला कि नई शिक्षा नीति को लेकर किसी के पास कोई जानकारी थी ही नहीं। इसलिए हम अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के बारे में प्रशिक्षित करेंगे, ताकि वो विद्यार्थियों को इसकी पूरी जानकारी दे सकें। कुलपित ने कहा कि इस साल मई में नैक करवाये जायेंगे, इसके लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं।

# भुवनेश्वर में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में आरयू के विजेता छात्रों को कुलपति ने किया सम्मानित




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित अटल स्मृति सभागार में कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संपन्न युवा महोत्सव के विजेता छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। हाल ही में भुवनेश्वर के कीट यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव कृति उत्सव में रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 223 विश्वविद्यालयों के इस स्पर्धा में आरयू के 45 छात्रों की टीम ने भाग लिया और दूसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड और रांची विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर कुलपति ने कहा कि यह कितने खुशी का अवसर है कि नववर्ष के पहले कार्यदिवस पर हम अपने विजेता छात्रों को सम्मानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महज 0.3 अंक के कारण ही रांची विश्वविद्यालय प्रथम स्थान से चूक गयी, पर यह हमारे लिये उपलब्धि की बात है कि इतने कम समय, कम तैयारियों में भी आप छात्रों के परिश्रम से रांची विश्वविद्यालय की टीम ने 223 विश्वविद्यालयों के इस युवा महोत्सव में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच से आप सभी छात्रों से यह वादा करता हूं कि आगे आप सबों को हर सुविधा समय पर उपलब्ध कराउंगा। परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट विभाग को कुलपति ने विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें इस विभाग को और ऊंचाइयों तक ले जाना है।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, वोकेशनल की डिप्टी डायरेक्टर डॉ स्मृति सिंह, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक तथा इस युवा महोत्सव के लिये आरयू की कमेटी के चेयरमैन डॉ बीपी सिन्हा, डीएसडब्ल्यू डॉ. जीएस झा ने इस प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की।

वहीं पूनम सहाय, योग विभाग के प्रो गुरचरण साहू, ट्रेनर रंजनी बक्षी, परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के शिक्षक सुजीत कुमार शर्मा व अन्य का आभार जताया।

# विपक्ष की कसौटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान 2024 लोकसभा चुनावों के मद्देनजर एक तरह से विपक्ष और कांग्रेस की कसौटियां निर्धारित कर दीं। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में विपक्षी नेताओं के शामिल न होने से संबंधित एक सवाल पर उन्होंने विपक्षी एकता से जुड़े तीन अहम पहलुओं को रेखांकित किया। एक, विपक्ष के तमाम नेता कांग्रेस से वैचारिक तौर पर जुड़े हैं। दो, ये अपने प्रभाव वाले राज्यों में क्षेत्रीय स्तर पर बीजेपी को चुनौती जरूर दे सकते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी के लिए वैचारिक चुनौती कांग्रेस ही खड़ी कर सकती है। तीन, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कांग्रेस की ही है कि विपक्षी दल न केवल कंफर्टेबल महसूस करें, बल्कि उन्हें उपयुक्त सम्मान भी मिले। हालांकि ये कोई नई बातें नहीं हैं, लेकिन नये साल में 2024 लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विपक्षी एकता की कवायद तेज होने वाली है। इस संदर्भ में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह कहना अलग महत्व रखता है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी ने पार्टी के दायरे से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय राजनीति में विपक्ष का स्पेस बढ़ाया है। इसी भूमिका में आगे बढ़ते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने यात्रा में शामिल न होने के अखिलेश यादव और मायावती के फैसले को तूल न देते हुए बताया कि वे यात्रा में शामिल हों या न हों, विपक्ष की राजनीति में उनका अहम स्थान है। बहरहाल, अपने-अपने दायरे में इन दलों और नेताओं की कांग्रेस से लड़ाई भी है, जिसकी पार्टी अनदेखी भी नहीं कर सकती। इसलिए क्षेत्रीय राजनीतिक स्पेस में उनकी भागीदारी स्वीकार करते हुए भी राष्ट्रीय स्तर पर अपना दावा पुख्ता करने की राहुल की कोशिश समझी जा सकती है। इस बिंदु तक उनका प्रयास न केवल तर्कसंगत बल्कि समझदारी भरा भी कहा जायेगा। असल चुनौती इसके बाद शुरू होती है, जब सवाल इन कसौटियों पर अमल करने का आता है। यह कोई छुपी हुई चीज नहीं है कि बीजेपी से विरोध की बात स्वीकार करते हुए और भारत जोड़ो यात्रा के पीछे की भावनाओं से सहमति जताते हुए भी मायावती क्यों सिर्फ शुभकामनाएं जता कर रह गयीं, यात्रा में शामिल होना मंजूर नहीं किया, क्यों अखिलेश निमंत्रण न मिलने की बात कहते हुए यहां तक बोल गये कि उनकी नजरों में बीजेपी और कांग्रेस में कोई अंतर नहीं है और क्यों आम आदमी पार्टी के नेता बीजेपी को कोसते हुए भी राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला करने का कोई मौका नहीं चूकते। चूंकि इन सबको बीजेपी विरोधी वोट में ही हिस्सेदारी करनी है, इसलिए एक लेवल तक आपसी प्रतिद्वंद्विता अनिवार्य है। अहम सवाल यह है कि उस लेवल से आगे जो सौहार्द और सामंजस्य चाहिए, वह कैसे सुनिश्चित किया जायेगा। इसका जवाब सिर्फ बातों से नहीं बल्कि आने वाले समय में सही फैसलों से देने की चुनौती इन सभी दलों के सामने होगी।

**अहम सवाल यह है कि उस लेवल से आगे जो सौहार्द और सामंजस्य चाहिए, वह कैसे सुनिश्चित किया जायेगा। इसका जवाब सिर्फ बातों से नहीं बल्कि आने वाले समय में सही फैसलों से देने की चुनौती इन सभी दलों के सामने होगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पुलिस से यही अपेक्षा की जाती है कि वह अपराधियों का उन्मूलन कर कानून व्यवस्था बनाये रखने में अपना पूरा सहयोग दे। अपने इस कर्तव्य पालन में हर पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी को दोधारी तलवार पर चलना पड़ता है। पुलिस कर्मचारी कितना भी कुशल एवं निपुण क्यों न हो, उसे जनता से प्रशंसा बहुत कम मिलती है तथा अन्य विभागों की नाकामियों के लिए भी पुलिस को ही बलि का बकरा बनाया जाता है।**

# पुलिस के सिर पर ही क्यों फोड़ा जाता है बुराई का ठीकरा

**राजेंद्र मोहन शर्मा**



**याद रहे प्रत्येक 800 व्यक्तियों के पीछे एक पुलिस वाला तैनात है तथा वह कहां तक अपराधों को रोके एवं कानून, ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखे तथा मनचलों एवं मजनुओं इत्यादि पर अपनी कड़ी नजर बनाये रखे। आम लोग व अन्य विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं तथा पुलिस को ही बलि का बकरा न बना कर अपने दायित्व व कर्तव्य को भी समझें।**

किसी भी समाज की व्यवस्था, विकास और सुरक्षा के लिए पुलिस बल जैसी संस्थाओं का होना अति आवश्यक होता है। पुलिस तंत्र आदिकाल से ही शासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यरत रहा है तथा पुलिस विभाग हमेशा अच्छाइयों एवं बुराइयों द्वारा मिश्रित रूप से प्रभावित होता आ रहा है। एक ओर आकर्षक एवं बलिष्ठ शरीर, अनुशासन प्रियता तथा कर्तव्यनिष्ठा, पुलिस जवानों का विशिष्ट गुण होता है वहीं यह भी कटु सत्य है कि पुलिस जवान तनाव में रहते हुए कई व्यसनों के शिकार भी हो जाते हैं। सभी पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्षता एवं निष्ठा से कर्तव्य पालन का सबक सिखाया जाता है।

पुलिस से यही अपेक्षा की जाती है कि वह अपराधियों का उन्मूलन कर कानून व्यवस्था बनाये रखने में अपना पूरा सहयोग दे। अपने इस कर्तव्य पालन में हर पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी को दोधारी तलवार पर चलना पड़ता है। पुलिस कर्मचारी कितना भी कुशल एवं निपुण क्यों न हो, उसे जनता से प्रशंसा बहुत कम मिलती है तथा अन्य विभागों की नाकामियों के लिए भी पुलिस को ही बलि का बकरा बनाया जाता है।

**याद रहे प्रत्येक 800 व्यक्तियों के पीछे एक पुलिस वाला तैनात है।**

वास्तव में जैसे-जैसे समय बीतता गया सरकार ने पुलिस की संख्या बढ़ाने की तरफ कम ध्यान दिया तथा कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अन्य विभागों को भी पुलिस के समानांतर अधिकार दे दिये गये तथा ये सभी विभाग अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए पुलिस को ही मोहरा बनाते चले आ रहे हैं। उदाहरणतः वन विभाग, खनन एवं आबकारी विभाग कुछ ऐसे विभाग हैं, जिन्हें अपराधियों पर नकेल डालने के सभी अधिकार दे दिये गये हैं, मगर जब ये विभाग अपने कार्य का निष्पादन सही ढंग से नहीं कर पाते तो ये सारा दोष पुलिस के माथे पर ही मढ़ देते हैं तथा दूसरी तरफ कहीं न कहीं अपराधियों के साथ अपनी पूरी सांठ-गांठ करते हुए अपना काम निकालते रहते हैं।

अनधिकृत खनन को रोकने के लिए खनन विभाग को अपराधियों पर शिकंजा कसने का पूरा अधिकार दिया गया है मगर न जाने कितनी गाड़ियां रेत एवं बजरी को अवैध ढंग से ले जाती हुई पायी जाती हैं तथा जब कोई न्यायालय या मीडिया के लोग उनकी लाचारी का कारण पूछते हैं, तब इस विभाग के अधिकारी यह कह कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि उनके पास पर्याप्त स्टाफ नहीं है तथा अपराधियों से अपनी सुरक्षा करने के लिए कोई हथियार इत्यादि भी नहीं हैं। ऐसे में आम जनता भी इस सब के लिए पुलिस को ही जिम्मेदार ठहराती है। इसी तरह वन विभाग के अधिकारियों को वनों के अवैध कटान इत्यादि को रोकने के लिए पूर्ण अधिकार दिये गये हैं तथा यहां तक कि वन पुलिस स्टेशन भी खोले गए हैं। ये विभाग केवल छोटे-मोटे अपराधों में जुर्माना इत्यादि करके ही अपना काम चलाते रहते हैं तथा जब किसी बड़े अपराध की घटना हो तो रिपोर्ट बना कर पुलिस के हवाले करके मरा हुआ सांप उनके गले में डाल देते हैं।

अगर हम आबकारी विभाग की बात करें तो शराब के तमाम बड़े ठेकेदार बिना परमिट के शराब की काफी बड़ी मात्रा अपने स्टाक में रखते हैं तथा ये ठेकेदार छोटे-छोटे दुकानदारों को घर-घर जाकर अवैध शराब की आपूर्ति करते रहते हैं तथा सरकार पुलिस को एक-एक, दो-दो बोतलें पकड़ने का काम दे देती है। यदि ठेकेदारों पर विभाग की कड़ी कार्रवाई होती रहे, तो घर-घर पर अवैध शराब की आपूर्ति संभव ही न हो पाये। ऐसा न करने से केवल पुलिस को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। इसी तरह यदि हम मादक पदार्थों/दवाइयों की बात करें तो कैमिस्टों पर ड्रग कंट्रोलर एवं उसके अन्य कर्मचारियों का नियंत्रण होता है मगर उनकी मिलीभगत से दुकानदार इन प्रतिबंधित दवाइयों का गोरख धंधा करते रहते हैं।

इस विभाग ने ऐसे नियम बना रखे हैं कि पुलिस कैमिस्टों की दुकान पर अचानक छापा भी नहीं मार सकती तथा ऐसा करने के लिए उन्हें ड्रग निरीक्षक को साथ लेना आवश्यक रखा गया है। अब बतायें कि कितनी बार पुलिस इन निरीक्षकों को ऐसे छापों के लिए बुलाये और क्या ये अधिकारी तुरंत उपलब्ध भी होंगे या नहीं, यह एक अन्य बात है। बच्चे नशे की दवाइयां खरीदते हैं तथा नशेड़ी बन कर समाज व परिवार का महौल दूषित करते रहते हैं और इन सबके लिए पुलिस को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है। ऐसी और भी कई उदाहरणें हैं, जिन्होंने पुलिस विभाग को पंगु बना रखा है जबकि जनता की अपेक्षाएं ये होती हैं कि पुलिस कर्मी अपने पैरों में बेड़ियां बांध कर ऊंचे पर्वतों की चढ़ाई चढ़ कर विजय पताका फहराते रहें। समाज में कई प्रकार के अपराध जैसे कि हत्या, बलात्कार, आपसी जमीन-जायदाद के झगड़े इत्यादि आम तौर पर होते रहते हैं तथा इनको पुलिस द्वारा नहीं रोका जा सकता। पुलिस तो ऐसे अपराधियों को पकड़ ही सकती है तथा न्यायालय तक पहुंचा सकती है, इन्हें सजा दिलवाने वाली एजेंसियां एवं सजा देने वाले न्यायालय अपना-अपना काम स्वतंत्र रूप से करते हैं तथा यदि अपराधी सजा मुक्त हो जाये, तो पुलिस को ही जिम्मेदार ठहराना तर्कसंगत नहीं है। पुलिस के पास न तो जादू की कोई छड़ी होती है और न ही अली बाबा द्वारा दिये जाने वाले तावीज एवं ऐसे मंत्र होते हैं, जिनके द्वारा कानून व्यवस्था को बनाये रखा जा सके।

याद रहे प्रत्येक 800 व्यक्तियों के पीछे एक पुलिस वाला तैनात है तथा वह कहां तक अपराधों को रोके एवं कानून, ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखे तथा मनचलों एवं मजनुओं इत्यादि पर अपनी कड़ी नजर बनाये रखे। आम लोग व अन्य विभाग भी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं तथा पुलिस को ही बलि का बकरा न बना कर अपने दायित्व व कर्तव्य को भी समझें। उपरोक्त सभी कारण पुलिस जवानों को तनाव एवं अन्य व्यसनों से ग्रसित कर देते हैं। पुलिस तो एक वीर अभिमन्यु की तरह काम करती है, मगर समाज में ऐसे भी लोग हैं, जो अपने-अपने चक्रव्यूह में फंसा कर उसे अपने हस्तिनापुर रूपी समाज की सुरक्षा करने में बाधा डालते रहते हैं।

**(लेखक : रिटायर्ड डीआइजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला परिषद सदस्य ने विभाग के पदाधिकारियों के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गालूडीह।** जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने वन विभाग के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। जानकारी के मुताबिक हाथी के हमले में दो ग्रामीण घायल हो गए है। पहली जनवरी की शाम को बांकी पंचायत के दुबराजपुर गांव के निकट जंगल से निकलकर हाथियों का झुंड लेदा गांव होते हुए बांधडीह एवं कालापाथर मौजा में प्रवेश कर गया. जहां भादुआ पंचायत अन्तर्गत छोटाजमुना गांव निवासी बास्ता सोरेन फसल को बचाने के क्रम में हाथी की चपेट में आ गया। हाथी ने उसे पैरों से कुचल दिया। जिसमे वे बुरी तरह से घायल हो गये। लेकिन कीचड़ अधिक होने के कारण हाथी के चंगुल से जैसे तैसे जान बचायी. उनको बचाने के लिए दौड़े बांकी पंचायत अंतर्गत चाकदोहा गांव निवासी पुरनो चंद्र हेम्ब्रम को भी हाथियों ने घायल कर दिया। छोटाजमुना गांव पहुंचकर जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू और मुखिया फागु सोरेन ने घायल वास्ता सोरेन का हालचाल जाना। वन विभाग के पदाधिकारियों ने विभाग के वाहन से बेहतर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला ले गए।


### उचित मुआवजा दिलाया जायेगा: जिप सदस्य

जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने कहा कि सभी को उचित मुआवजा दिलाया जायेगा। मुखिया फागु सोरेन ने बताया कि क्षतिपूर्ति हेतु किसानों को हुए नुकसान का आकलन किया गया है। घायल वास्ता सोरेन को ले जाने के लिए ग्राम प्रधान अनंत सोरेन ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर डायल किया। लेकिन एम्बुलेंस उपलब्ध नही होने की जानकारी मिली। इससे ग्रामीणों में तीव्र रोष देखा गया। उसके बाद विभाग के पदाधिकारियों ने अपने वाहन से घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला लेकर चले गये। रतजगा करते हुए ग्रामीणों ने हाथियों के झुंड को गंधनिया, बल्लाम, आसना, काठशोल, कुदाकोचा होते हुए दुमाह जंगल की ओर खदेड़ दिया। इस मौके मुखिया फागु सोरेन, ग्राम प्रधान अनंत सोरेन, हरिहर हेम्ब्रम, वन विभाग के पदाधिकारी शिवचरण हेम्ब्रम, अमित सेन महतो, कृष्णा टुडू मौजूद थे।

## टाटा स्टील के एमडी ने कहा-जमशेदपुर टाटा स्टील के लिए सबसे महत्वपूर्ण

# टाटा स्टील के विस्तार का प्लान नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के एमडी ने कहा है कि टाटा स्टील आने वाले दिनों में निवेश अपना जमशेदपुर में जारी रखेगा, लेकिन टाटा स्टील के जमशेदपुर के प्लांट का विस्तार नहीं करेगा। अपितु टाटा स्टील के अन्य सहयोगी कंपनी टिनप्लेट, तार कंपनी, टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट समेत अन्य प्लांट का विस्तार और वहां निवेश जारी रखेगा। करोड़ों रुपये का निवेश टाटा स्टील यहां कर रही है। श्री नरेंद्रन केक कटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा कि टाटा स्टील के लिए जमशेदपुर महत्वपूर्ण है। ऐसे में टाटा स्टील के मुख्य प्लांट का विस्तार हो पाना मुश्किल है। लेकिन नये नये चीजें वहां जोड़ी जा रही है। श्री नरेंद्रन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ ही टाटा स्टील की आर्थिक हालात में भी सुधार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील के भूषण स्टील, निलांचल स्टील, लांग प्रोडक्ट, कलिंगानगर प्लांट का विस्तार की योजना धरातल उतरेगी। उन्होंने बताया कि हर साल रोजगार भी सृजित हो रहे है। ऐसे में जरूरत है कि कंपनी भी विकास के पथ पर आगे बढ़े।

## मानगो ओवरब्रिज मामले में विधायक ने दिया सुझाव, कहा

# सरकार डिजाइन में संशोधन करने के बदले उपयोगिता पर करे विचार: सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मानगो में बनने वाले बहुचर्चित फ्लाई ओवर की डिजाइन में टाटा स्टील का पेंच लगने की बात सामने आ रही है। सोमवार को विधायक सरयू राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया झारखंड सरकार के अभियंताओं द्वारा पूर्व में बनाई गई डिजाइन को स्वीकार कर अनापत्ति प्रमाण देने के लिए कंपनी तैयार नहीं है। कंपनी ने फ्लाई ओवर के डिजाइन में व्यापक सुधार करने का सुझाव दिया। सरकार यह सुझाव मानती है तो फ्लाई ओवर के उतार-चढ़ाव वाले हिस्सों की डिजाइन में भारी फेर बदल करना होगा। इसका असर परियोजना के व्यय पर भी पड़ेगा। यानी अब इस परियोजना की तकनीकी और प्रशासनिक स्वीकृति दोबारा लेनी होगी। इस बीच सरकार ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता प्रमुख और सेंट्रल डिजाइन ऑर्गनाइजेशन (सीडीओ) के मुख्य अभियंता को बदल दिया है। जबकि दोनों ही इस परियोजना के आरम्भ काल से जुड़े हुए थे। विभाग के दोनों शीर्ष अभियंताओं का अचानक स्थानांतरण सामान्य घटना नहीं है। विधायक सरयू राय ने कहा इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के सचिव और कतिपय अभियंताओं से बात की। फ्लाई ओवर की डिजाइन पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दिया है। उन्होंने कहा इस संबंध में पूर्व में भी आपत्ति दर्ज किया गया था। बीते जुलाई से दिसंबर 2022 के बीच तीन बार लिखित आवेदन मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव के समक्ष दर्ज कराया गया था। उसका एक बार उत्तर नहीं मिला। न ही मेरे मंतव्यों एवं टिप्पणियों के तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं पर प्रतिक्रिया दी। न ही उन्होंने खारिज किया। परंतु फ्लाई ओवर की डिजाइन में परिवर्तन इसका संकेत है और आपत्तियां सही हैं। उन्होंने कहा केवल डिजाइन में परिवर्तन से ही समस्या का समाधान नहीं होगा। जनहित एवं राज्य हित को देखते हुए सरकार को फ्लाई ओवर की मूल अवधारणा पर पुनर्विचार करना होगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया है। सरकार को जमशेदपुर एवं आसपास के शहरी क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था पर समग्रता में विचार करना होगा। इसके लिए एक व्यापक एवं समन्वित योजना तैयार करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा इस फ्लाई ओवर से मानगो पुल पर लगने वाले यातायात जाम का कोई संबंध नहीं है। बल्कि इससे मानगो की जनता की कठिनाइयां बढ़ेंगी, रोजगार-व्यवसाय पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा जिस परियोजना का डिजाइन अभी तक फाइनल नहीं हुआ है वह आश्चर्यजनक और आपत्तिजनक भी है। उसकी तकनीकी स्वीकृति भी हो गई। कैबिनेट ने उसकी प्रशासनिक स्वीकृति भी प्रदान कर दिया। सवाल उठता है इस परियोजना पर 462 करोड़ खर्च होने का औचित्य क्या है। विकास परियोजनाओं के राजनीतिकरण और तकनीकी दिवालियेपन का एक अनोखा उदाहरण यह परियोजना साबित होगी। राजनीतिक निर्णयों के आर्थिक एवं वित्तीय कुप्रभाव का भी यह परियोजना एक शर्मनाक उदाहरण साबित होगी। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है सरकार इसके डिजाइन में यत्र-तत्र संशोधन करने के बदले इसकी उपयोगिता पर विचार करे। इसकी जगह एक वैकल्पिक परियोजना तैयार करे ताकि समीपवर्ती शहरी इलाकों को मिलाकर बनने वाली जमशेदपुर महानगरपालिका के परिप्रेक्ष्य में समग्र हो, व्यापक हो और समन्वित हो सके।

# श्री रामकृष्ण कीर्तन मंडली ने मनाया स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नये साल का पहला दिन जमशेदपुर पार्टी पिकनिक में सराबोर था। हर ओर खुशी, मस्ती देखने को मिल रही थी। सारे पिकनिक स्पॉट खचाखच भरे हुए थे। लोगों ने जमकर नये साल का स्वागत किया। यह नजारा नये साल पर बहुत सामान्य है। वहीं दूसरी ओर कुछ युवाओं की टोली अपने भजन मंडली का दूसरा वार्षिकोत्सव मना रही थी। यह कुछ हटकर या लीक से अलग बात तो जरूर है। हम बात करे है श्री रामकृष्ण कीर्तन मंडली की। इस कीर्तन मंडली की स्थापना एक जनवरी 2021 से हुई थी। आज यह कीर्तन मंडली 100 से ज्यादा कीर्तन कर चुकी है। इस मंडली में अभी 35 से ज्यादा सक्रिय सदस्य है। खास बात यह है कि इस भजन मंडली में 95 प्रतिशत से ज्यादा सदस्य 30 साल से कम उम्र के है। मंडली की स्थापना का श्रेय मुख्यत शुभोदीप सरकार, देवब्रत दुबे, अंजन सेन, शिल्पी रॉय, साइ शियाराम सुधा को जाता है। मंडली की स्थापना का मुख्य उद्देश्य राम नाम का प्रचार प्रसार करना है। साथ ही युवाओं को सनातन धर्म के महत्व से रु ब रू करवाना है। भजन मंडली के क्रियांवन की बात करे तो किसी भी तरह का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। पूरी तरह से यह मुफ्त में दी जाने वाली सेवा है। मंडली के प्रमुख सदस्य देवब्रत ने बताया कि यह काम पैसे लेकर भी किया जा सकता है, परंतु ऐसा करने से गरीब लोग जो अपने घर में हरिनाम संकीर्तन करवाना चाहते है, वो इससे वंचित रह जायेंगे। इस मंडली की खास बात यह है कि इसके सारे सदस्य बहुत ज्यादा पढ़े लिखे है। बहुत से सदस्यों ने तो पीएचडी की डिग्री भी हासिल की है। कोई सदस्य जूनियर साइंटिस्ट है तो कोई एमबीए के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देता है। ज्यादातर सदस्य उच्च विघालयों में शिक्षक है। श्री रामकृष्ण कीर्तन मंडली ने कई लोगों के घरों में भजन किया है। आम के साथ साथ खास लोगों ने भी श्री रामकृष्ण कीर्तन मंडली के कार्य को न केवल सराहा है,बल्कि अपने यहां प्रस्तुति का मौका भी दिया है। साई शियाराम सुधा के अनुसार अब तक वे तीन बार डीआईजी सीआरपीफ के आवास पर भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके है। आज जहां युवा पढ़ाई और नौकरी से समय न होने का बहाना बनाते है। वहीं इस मंडली ने यह साबित कर दिया है कि संसारिक जीवन में रहकर भी हरि नाम संकीर्तन किया जा सकता है। मंडली के पास अपने वाघ यंत्र भी है। कई अच्छे गायक है जिन्होंने संगीत की शिक्षा भी ली है। मंडली के प्रमुख उद्दघोषक देवब्रत दुबे है, वहीं तबला वादन शुभोदीप के द्वारा किया जाता है।

# संयुक्त परिवार की मिसाल पेश कर रहा है लातदाग गांव का मिश्रा परिवार



**48 सदस्यों का यह संयुक्त परिवार की परंपरा का ये जीता-जागता उदाहरण शायद ही जिले में कहीं और देखने को मिलेगा**

**बलराम शर्मा**

**मेराल।** आज के बदलते दौर में जहां एकल परिवार का चलन तेजी से बढ़ रहा है, वहीं मेराल प्रखंड के लातदाग गांव निवासी डॉ लाल मोहन मिश्र का संयुक्त परिवार गढ़वा जिले में मिसाल पेश कर रहा है। आज के दौर में एकल परिवार की अवधारणा समाज में तेजी से पनप रही है। इससे संयुक्त परिवार की परपंरा टूट रही है, जिससे कई लोग अपने बूढ़े माता-पिता को उनके हाल पर छोड़ कर किनारा कर लेते हैं। समाज में इस तरह की प्रवृत्ति बढ़ने से मानवीय संवदेनाएं खत्म सी हो रही हैं। इन तमाम बदलाव के बावजूद गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड का पिछड़ा क्षेत्र लातदाग गांव में पुश्तैनी समय से चली आ रही संयुक्त परिवार की परंपरा अब भी बरकार है। आधुनिक दौर में संस्कारों को समेटे मिश्रा जी के संयुक्त परिवार की परंपरा घर-परिवार को संगठित रखने के साथ-साथ सामाजिक एकता की मिसाल पेश कर रहा है। एक छत के नीचे सांझे चूल्हे की परंपरा आज भी यहां बरकरार है, जो समाज में परिवार के सदस्यों को मिल-जुलकर एक साथ रहने की सीख देती है। 48 सदस्यों का यह संयुक्त परिवार की परंपरा का ये जीता-जागता उदाहरण शायद ही जिले में कहीं और देखने को मिलेगा।

समय के साथ समाज में आये तमाम बदलाव के बावजूद विरासत में मिली हमारी संस्कृति को आज भी सैकड़ों परिवार संजोए हुए हैं। आज भी गढ़वा जिले में सैकड़ों की संख्या में परिवार संयुक्त रूप से रहते हैं। यहां अन्य कई ऐसे बड़े परिवार भी हैं जिनके घर में सदस्यों की संख्या दो दर्जन से अधिक है। परंतु लातदाग गांव का यह मिश्रा परिवार एक साथ रह कर अपने सुख-दुख मिलकर बांटते हैं। तीन से चार पीढ़ियां एक साथ अपने अनुभव साझा करती हैं। ऐसे में नयी पीढ़ी को संस्कृति व संस्कार की सीख विरासत में मिल रही है। आधुनिकता की चकाचौंध भी इस संयुक्त परिवार की परपंरागत एवं विरासतन संस्कृति की मजबूत हिस्से की ऊंची दीवार को नहीं तोड़ पायी है।

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे के लिए रक्तदान कर पत्रकार ने दिया मानवता का परिचय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मनावता का परिचय दिखाते हुए स्थानीय पत्रकार आशुतोष रंजन ने एक यूनिट रक्तदान कर एक बच्चे की जान बचायी। जानकारी के अनुसार गढ़वा प्रखंड के बाना मसूरिया गांव निवासी सुनील का पुत्र राहुल कुमार को एक यूनिट बी पॉजिटिव रक्त की जरूरत थी। मरीज के स्वजन खून को लेकर काफी परेशान थे। कहीं से भी उनको बी पॉजिटिव रक्त नहीं मिल रहा था। जिससे और ज्यादा परेशानी में थे। इसी बीच सदर अस्पताल में खबर संकलन करने पहुंचे पत्रकार आशुतोष रंजन मरीज के स्वजन से मिले। उसके बाद मरीज के स्वजन पत्रकार को अपनी आपबीती सुनायी। इसके बाद आशुतोष रंजन ने खुद बी पॉजिटिव एक यूनिट रक्तदान किया। इसकी जानकारी देते हुए पत्रकार आशुतोष ने बताया कि वे केवल पत्रकारिता ही नहीं करते बल्कि सामाजिक जिम्मेवारी का भी बखूबी निर्वहन करते हैं। मौके पर पत्रकार कन्हैया चौबे, दीपक कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार सहित कई पत्रकार मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पत्नी की मौत के दूसरे दिन सेवानिवृत्त रेंज ऑफिसर का भी हुआ निधन, शोक व्यक्त



**कांडी (आजाद सिपाही)।** पति-पत्नी का रिश्ता सात जन्मों तक निभाने का होता है वह चाहे साथ जीने का हो या साथ मरने का यह वाक्या सिद्ध हो गया कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत घटहुआं कला गांव में। गांव निवासी 86 वर्षीय सेवानिवृत रेंज ऑफिसर रामसुंदर चौबे पिता स्व. नंदकिशोर चौबे की पत्नी की मृत्यु शनिवार को हुई थी, दाह संस्कार के पश्चात वे अपनी पत्नी की मौत का गम बर्दाश्त नहीं कर सके। रविवार की देर रात में उनकी तबियत बिगड़ने के पश्चात परिजनों के द्वारा उन्हें मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि उन्हें उच्च रक्तचाप की शिकायत थी। सोमवार की सुबह मृत्यु के पश्चात शव को घर पर लाया गया। श्री चौबे की मौत की घटना की सूचना पाकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वे 1998 ई. में गढ़वा जिले के बड़गड़ से रिटायर्ड हुए थे। वहीं प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार राम व उपमुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने पहुंचकर शोक प्रकट किया। साथ ही मृतका के अंतिम संस्कार में शामिल सभी दुःखित परिजनों को सांत्वना दी।

**समाजसेवा : मानवता की सेवा में संचालित गरीबों का अनेक निःशुल्क बैंक के लिए आज का दिन रहा ऐतिहासिक**

# किन्नर समाज की सभापति राधा किन्नर अपना जन्मदिन मनाने कपड़ा बैंक पहुंची

**अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक को 50 पीस ब्रांडेड साड़ी और कम्बल भेंट किया**

**इस ऐतिहासिक जन्मदिन को देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो गयी और लोग सेल्फी और फोटो खिंचाने के लिए भी आते रहे**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** मानवता की सेवा में प्रतिदिन संचालित होने वाले गरीबों का अनेक निःशुल्क बैंक का आज ऐतिहासिक दिन है। क्योंकि गढ़वा जिला के किन्नर समाज की सभापति सह गुरु राधा किन्नर अपना जन्मदिन मनाने अपनी टीम के साथ कपड़ा बैंक गढ़वा में पहुंची। वहां पहुंचकर अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान को 50 पीस महंगे ब्रांडेड साड़ी और कम्बल भेंट किया। वहीं शौकत खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किन्नर राधा दीदी कुछ माह पूर्व कपड़ा बैंक पहुंची थीं और शौकत खान की निस्वार्थ सेवा कार्यों की सराहना कि थी और वादा किया था कि जब भी कपड़ा बैंक में गरीबों को हमारी मदद की जरूरत पड़ेगी मैं शौकत खान के साथ रहूंगी। दीदी राधा किन्नर आज अपना जन्मदिन गरीबों के बीच मनाने गरीबों के लिए ढेर सारी चीजें लेकर पहुंचीं। वहीं कपड़ा बैंक में प्रतिदिन की भांति जरूरतमंदों की भीड़ लगी हुई थी। दीदी राधा किन्नर ने उपस्थित गरीब बच्चों के हाथों से केक कटवाकर एवं गरीब जरूरतमंद लोगों को मिठाई खिलाकर इस कड़ाके की ठंड में कंबल और कपड़े देकर अपना जन्मदिन मनाया। वहीं किन्नर समाज की मुखिया के हाथों कम्बल व कपड़ा के साथ आशीर्वाद लेकर दूरदराज से आये गरीबों में खुशियों की लहर थी। इस ऐतिहासिक जन्मदिन को देखने के लिए कपड़ा बैंक के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई और लोग सेल्फी और फोटो खिंचाने के लिए भी आते रहे। मौके पर दीदी राधा किन्नर ने सभी का अभिनंदन स्वीकार किया और फोटो खिंचाई।

## शौकत खान ने किया सम्मानित, कहा- किन्नर राधा दीदी की ऐतिहासिक सोच को हम सलाम करते हैं

**अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत खान ने किन्नर समाज की गुरु दीदी राधा किन्नर को फूलों का बुके देकर सम्मानित किया और कहा कि राधा दीदी की ऐतिहासिक सोच को हम सलाम करते हैं। हमारी ये दीदी सभी के लिए दुआ करती हैं, आशीर्वाद देती हैं और उनके उज्वल भविष्य की कामना करती हैं। लेकिन आज मैं दीदी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि ऐसी नेक सोच रखने वाली मेरी बहन को ईश्वर सदा स्वस्थ और सलामत रखे ताकि समाज के हर व्यक्ति को इनका आशीर्वाद मिलता रहे।**

# पूर्व विधायक पर चारदीवारी गिराने का आरोप

**पीड़ित मनोज गुप्ता ने पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव सहित 50 लोगों के खिलाफ थाने में दिया आवेदन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा निवासी मनोज गुप्ता ने पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव (बड़े राजा) पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर संध्या मोड़ स्थित आम बगीचा में जमीन पर करायी गयी अर्द्धनिर्मित चारदीवारी को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है।

मामले को लेकर भुक्तभोगी मनोज गुप्ता ने विशुनपुरा थाना में लिखित आवेदन दिया है। दिये आवेदन में कहा है कि बंशीधर निवासी गढ़ परिवार के राज राजेन्द्र प्रताप देव ने बिजय देव, राम जनम तेली व अन्य 50 लोगों के साथ मिलकर जमीन पर की गयी चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने आवेदन में दर्शाया है कि खाता संख्या 2, प्लाट 420, रकबा 19 डिसमिल जमीन पर एक माह पूर्व से चारदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा था। चारदीवारी का लगभग सात फिट निर्माण किया गया है। जिसके बाद विशुनपुरा थाना के द्वारा निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। जिसको लेकर थाना में जमीन का कागजात भी जमा किये हैं। इसी बीच राज राजेन्द प्रताप देव अपने सहयोगियों के साथ हथियार के बल पर निर्माण स्थल पर आये और अर्द्धनिर्मित चारदीवारी को ध्वस्त कर दिये व गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। उन्होंने साढ़े चार लाख रुपये की क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी बुद्धराम सामद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि दोनों तरफ से आवेदन प्राप्त हुआ है। सीओ के पास जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट आते ही दोसी पाये जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

वहीं इस संबंध में पूर्व विधायक राज राजेन्द्र प्रताप देव से दूरभाष पर संपर्क किया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही ट्रैक्टर के चालक शमशेर अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध बालू की तस्करी किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव में छापेमारी की गई, जहां अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही चालक शमशेर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। वह धुरकी थाना क्षेत्र के धुरकी का रहने वाला है। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध धंधा नहीं चलने दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इन दिनों धुरकी थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से अवैध रूप से लगातार बालू का उठाव कर धुरकी एवं नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अधिक दामों पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

# मजदूर की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 35 वर्षीय मजदूर राजेश्वर कोरवा की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम कराने आये परिजनों ने घटना के संबंध में बताया कि राजेश्वर कोरवा कल शाम को ही अपनी पत्नी के साथ नशे में नोंकझोंक कर रहा था।

# पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए खुशी की खबर श्री बंशीधर महोत्सव कराने की मिली स्वीकृति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों से गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर में कोविड-19 के बाद पहली बार श्री बंशीधर महोत्सव कराने की स्वीकृति मिली है।

विदित है कि पूर्व में ही उक्त महोत्सव को सांसद के प्रयासों से राज्य स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति के अनुशंसा के आलोक में श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया जा चुका है।

सांसद श्री राम ने कहा कि बहुत जल्द ही श्री बंशीधर नगर महोत्सव के सफल आयोजन हेतु जिला प्रशासन से समन्वय कर तिथि को निर्धारित की जाएगी। साथ ही साथ माननीय सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता को नव वर्ष 2023 के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# मेराल थाना मुंशी ने बच्चों के बीच खेल और पाठ्य सामग्री वितरित कर मनाया जन्मदिन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना के मुंशी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अपने जन्म दिन को बच्चों के बीच खेल तथा पाठ्य सामग्री वितरण कर मनाया। उन्होंने थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती बंका भंडार गांव के भुइयां टोली में हमेशा की तरह गरीब परिवार के बच्चों के बीच खेलकूद तथा पाठ्य सामग्री का वितरण कर जन्मदिन मनाया। बता दें कि शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा सेवा ही पुलिस का लक्ष्य के तहत खेलकूद, योगा करना या सैन्य सेवा की तैयारी करने वाले युवकों को निशुल्क प्रशिक्षण देना, जरूरतमंद लोगों को मदद करते रहते हैं। सोमवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने बंका भंडार गांव के भुइयां टोली में जाकर बच्चों के बीच कोरोना से बचाव के लिए मास्क, सैनिटाइजर, कॉपी, पेंसिल, कट्टर-रबर, कापी, तिलकुट तथा खेल सामग्री का वितरण किया। शैलेंद्र सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराकर मुझे काफी प्रसन्नता होती है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हेमंत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की शोकसभा



**कांडी (आजाद सिपाही)।** सतबहिनी झरना तीर्थ में हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के कार्यालय के प्रांगण में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बेन के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन से हम सभी काफी दुःखी हुए हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा, उनका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। वहीं उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके जीवन से यह प्रेरणा लेना चाहिए कि परिस्थिति चाहे जैसी भी बच्चों के परवरिश में गरीबी कभी बाधा नहीं बन सकती। मृत आत्मा की शांति हेतु कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना की। मौके पर भाजपा नेता सीताराम तिवारी, अजय सिंह, शशिरंजन दुबे, बिनोद प्रसाद, प्रवीण सिंह, ललित बैठा, बाबूराम बैठा, जगरनाथ मेहता, मणिकांत सिंह, प्रदीप दुबे, श्रीकांत पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बैडमिंटन टूर्नामेंट का होगा भव्य आयोजन : मारुति नंदन सोनी

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड, स्टेट बैंक के पीछे छोटे राजा के गढ़ प्रांगण में युवा समाजसेवी सह भावी नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी मारुति नंदन सोनी के सौजन्य से आयोजित नया सवेरा नया उजाला के तहत भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाना है। बताते चलें कि इस भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 3 जनवरी 2023 शाम 7:00 बजे से होगा। जिसके मुख्य अतिथि सह उदघाटनकर्ता पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री रह चुके ददई दुबे एवं राधा कृष्ण मंदिर के मठाधीश श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास जी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया जाएगा। वहीं इस आयोजन के सदस्य उदय जॉनसन, मनोज जायसवाल, पप्पू जयसवाल, मनोज कमलापुरी, नौशाद खान, नीरज कमलापुरी, कक्कू जायसवाल, दिनेश सोनी व सूचित कमलापुरी शामिल हैं।

# पुत्र को खोजने की पिता ने थाने में गुहार लगायी

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा गांव निवासी अवनींद्र कुमार तिवारी ने थाना में आवेदन देकर गुम हुए बेटे को खोजने की गुहार लगायी है। थाना में दिये गये आवेदन में श्री तिवारी ने लिखा है कि मेरा पुत्र आयुष कुमार तिवारी उम्र लगभग 13 वर्ष गत 27 दिसंबर की शाम 7 बजे के लगभग गुस्सा में आकर घर से भाग गया है। उन्होंने कहा है कि वे अपने पुत्र की काफी खोजबीन किये। नाते रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया किंतु पुत्र का कोई अता-पता नहीं चला। श्री तिवारी ने कहा है कि बेटे के गायब होने के कारण घर परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। उन्होंने पुलिस से पुत्र को खोजने की गुहार लगायी है।

**कार्यक्रम : राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिले की 20 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम रामगढ़ रवाना**

# गढ़वा का नाम राष्ट्र स्तर पर ले जायें खिलाड़ी : अलखनाथ पांडेय

**आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें : अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** रामगढ़ में आयोजित झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला की 20 सदस्यीय टीम सोमवार को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुई। 20 सदस्यीय टीम को संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामना देते हुए रवाना किया।

इस मौके पर संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग प्रतियोगिता में पूरे मनोयोग से और जज्बा के साथ खेलें आप गढ़वा के नाम को राष्ट्र स्तर पर ले जायें। संसाधन के अभाव में प्रतिभा कुंठित नहीं होती है और आप लोग इसे सही साबित भी कर रहे हैं। कम संसाधन में आप लोग बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसका परिणाम है टेबल टेनिस में हम राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे हैं उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे हैं। आप प्रतियोगिता में जिला को चैम्पियन बनाने के साथ-साथ चैम्पियन बनकर आयें। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दें तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है, अभिभावक और संघ आपकी बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपना और जिला का नाम रौशन करें। संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि स्टेट चैंपियनशिप में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को ड्रेस उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। संघ ने सभी खिलाड़ियों को ड्रेस उपलब्ध करा दी है।

सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की मंगलवार से रामगढ़ में 22 वीं झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित है। उक्त प्रतियोगिता में गढ़वा की बीस सदस्यीय टीम भाग लेने जा रही है। टीम के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेंगे। टीम में विवेक कुमार दुबे, ऋषभ राज, अमल कुमार ठाकुर, अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पाण्डेय, रौशन कुमार पाल, नितीश कुमार मेहता, अनिल कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार रवि, हिमांशु पाल, उज्ज्वला कुमार, मयंक राज, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, रिद्धि सिंह, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आयुषी कुमारी दुबे को शामिल किया गया है। टीम के कोच संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे को बनाया गया है।

इस मौके पर सह सचिव प्रिंस सोनी, मिथलेश कुमार सिंह, पंकज सोनी, आशुतोष रंजन शामिल थे।

**Government of Jharkhand**
**Office of the Executive-Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Khunti, Jharkhand**
**Email- eedwsd.khunti@gmail.com**

**e-Procurement Notice- 2nd Call**

**Tender reference No- DWSD/KH-10(MVS)/2022-23, Date- 02.01.2022**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) | Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, Infiltration Gallery, R.C.C. Gangway 50 M long and 3.00 M wide, 1.60MLD capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir- 3 nos.,Staff Quarter, Compound wall, Approach road, S.H. Crossing, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for Koinara Adjoinig villages Rural Water Supply Scheme under D.W. & S. Division Khunti on turnkey basis." | 2100.23000 | 21.01000 | 10,000.00 | 24 Months+3 month Trial & run |
| A | Date of Publication of Tender on Website | 03.01.2023 up to 5.00 PM | | | |
| B | Last date /Time for receipt of Bid (Online) | 10.01.2023 up to 5.00 PM | | | |
| C | Last date /Time for receipt of Bid (Hard Copy) | 11.01.2023 up to 5.00 PM | | | |
| D | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| E | Date of opening of Tender | 12.01.2023 /05.00 PM | | | |
| F | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | | |
| G | Contact no of Procurement office | 06528-299928 | | | |
| H | Helpline no of e-procurement cell | 07717776462 | | | |
| | SAVE WATER::SAVE LIFE | | | | |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Division, Khunti**

**PR 286493 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**

# आज टकरा आयेंगे अर्जुन मुंडा, जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा का करेंगे अनावरण



### उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने लिया समारोह की तैयारियों का जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा तीन जनवरी को झारखंड आंदोलन के पुरोधा और महान हॉकी खिलाड़ी मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और मारंग गोमके को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

इस संबंध में जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मंगलवार को सुबह जयपाल सिंह मुडा के पैतृक गांव खूंटी प्रखंड के टकरा गांव पहुंचेगे और जयंती समारोह में शामिल होने के बाद पूर्वाह्न साढ़े दस बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। मारंग गोमके की जयंती को लेकर आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, अनुमंडन पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, अनूप साहू, भीम सिंह मुंडा, महेंद्र मुंडा, प्रखंड प्रमुख छोटराय मुंडा, बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारी सोमवार को टकरा पहुंचे और मारंग गोमके के वंशजों और ग्राम प्रधान से मिलकर कार्यक्रम के संबंध में विचार विमर्श किया।

जयंती समारोह के अवसर पर टकरा में अधिष्ठापित मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। मौके पर आयोजित हॉकी मैच के विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत कर हॉकी खेल के प्रति लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

## वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने सोनाहातू थाना का किया निरीक्षण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने सोमवार को सोनाहातू थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना प्रभारी मुकेश हेमब्रम से थाना क्षेत्र की स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी ली। इसके पश्चात कमरे का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना पर तैनात जवानों से भी हालचाल लिया एवं जवानों के कमरे का भी जायजा लिया। वहीं थाना परिसर में बनाए गए अधिकारी आवास के बारे में भी जानकारी हासिल की। थाना प्रभारी मुकेश हेमब्रम को थाना भवन की छत की मरम्मती करने के लिए विभाग के नाम आवेदन देने का निर्देश दिया। साथ में एसडीपीओ बुंडू के अलावे सोनाहातू एवं तमाड़ के सर्किल इंस्पेक्टर बुण्डू थाना प्रभारी, दशमफाल थाना प्रभारी के साथ-साथ कई पुलिसकर्मी शामिल हुए।

## झारखंड मुंडा समाज की बैठक में जोहार जागरण कार्यक्रम 29 जनवरी को करने का निर्णय

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** मुंडा कॉलोनी बुंडू में सोमवार को झारखंड मुंडा समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गिरीश सिंह मुंडा ने की। बैठक में मुंडा हंसा भूल संस्कृति रूढ़ी परंपरा एवं संगठनिक सशक्तिकरण हेतु सालगाडीह तमाड़ इंटर कॉलेज में जोहार जागरण कार्यक्रम का आयोजन 29 जनवरी को किये जाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु कई विन्दुओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सबरन मुंडा, लखीराम मुंडा, सीताराम मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, कुलपति मुंडा, सबरन सिंह मुंडा, सहदेव सिंह मुंडा आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## स्कूटी एवं साइकिल की भिड़ंत में चार घायल



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू सारजमडीह रोड में स्कूटी एवं साइकिल की भिड़ंत से चार व्यक्ति जख्मी हो गये। मिली जानकारी के अनुसार मनोरंजन मुंडा उम्र 20 वर्ष परमेश्वर मिर्धा उम्र 19 वर्ष ग्राम एदेलहातु तथा धनंजय मुंडा उम्र 16 वर्ष ग्राम बानाबुरु जाराडीह स्कूटी नं. जेएच01 ई पी 1327 से रीमिक्स फॉल पिकनिक मनाने गए थे। जहां से वापसी के क्रम में शाम के लगभग 7:00 बजे के आसपास सारजमडीह गांव के पास साइकिल सवार जोवॉकिंम टूटी उम्र 45 वर्ष, ग्राम चुरगी लोवाहातु की भिड़ंत हो गयी। इस भिड़ंत में परमेश्वर मिर्धा को सिर में गंभीर चोट लगी तथा मनोरंजन मुंडा को भी गंभीर चोट लगी है। बुंडू अस्पताल में इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया।

## बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष के बड़े भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेश उरांव के बड़े भाई राधा गोविंद उरांव उम्र लगभग 53 वर्ष की सोमवार को नामकुम थाना क्षेत्र के रांची-टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 पर रामपुर स्थित आर्य धर्म कांटा के समीप सड़क हादसे में मौत हो गयी। वे अपनी पुत्री सुनैना कुमारी 15 वर्ष के साथ रांची हासटल में पहुंचाकर अपनी डिउटी पर हजारीबाग जाने वाले थे। सड़क हादसे में उनकी पुत्री को हल्की चोटें आयीं। उनकी मौत की खबर से उनके परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर है। घटना दोपहर में कंटेनर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार झारखंड पुलिस एएसआई की घटनास्थल पर ही मौत गई। मिली जानकारी के अनुसार एएसआई राधा गोविंद उरांव झारखंड पुलिस हजारीबाग जिला पुलिस बल में तैनात थे और डिउटी पीसीआर में थी। वे अपनी बाइक से ही बुंडू भकुआडीह से रांची की ओर जा रहे थे, इसी क्रम में रामपुर के समीप कंटेनर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। नामकुम पुलिस ने कंटेनर सहित चालक व खलासी को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आयी। एएसआई मूल रूप से बुंडू के निवासी हैं। बच्ची का रिम्स में इलाज चल रहा है। मौत की खबर सुनते ही बुंडू क्षेत्र में शोक की लहर दौड गयी। शव को बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

**प्रेस कांफ्रेंस :** सभी के प्रयास और लगन से लक्ष्य को पाना मुश्किल नहीं होगा : एनके एरिया महाप्रबंधक

# एनके एरिया सात मिलियन टन कोयला उत्पादन करने के लिए है प्रयासरत

### जी 20 प्रतिनिधित्व करने संबंधी स्टीकर किया गया जारी







जानकारी देते जीएम संजय कुमार व स्टीकर जारी करते जीएम एवं यूनियन प्रतिनिधि।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** एनके एरिया सात मिलियन टन कोयला उत्पादन करने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत है, सभी के प्रयास और लगन से इस लक्ष्य को पाना मुश्किल नहीं होगा। एनके एरिया को सात मिलियन टन का कोयला उत्पादन लक्ष्य हासिल होता है तो यह अब तक का उच्चतम कोयला उत्पादन रिकार्ड होगा।

उक्त बातें एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने सोमवार को महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में पत्रकारों से वार्ता के क्रम कही। महाप्रबंधक ने बताया कि बीते वर्ष एनके एरिया को काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ा। जिसे दूर करने के लिए प्रयास भी किए गए। नतीजे अब सामने आने लगे हैं। पुरनाडीह परियोजना में 323 हेक्टेयर भूमि के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल गया है। मंत्रालय से चार दिनों में चिट्ठी आते ही वन विभाग के मांग के अनुसार पेमेंट कर दिया जाएगा। चार महीने में स्टेज टू भी पार हो जाएगा और नए वित्तीय वर्ष में पुरनाडीह को खनन के लिए जमीन मिल जाएगा। इसके बाद वहां आउटसोर्स भी किया जा सकेगा। बताया कि इसी महीने केडीएच परियोजना के लिए भी फॉरेस्ट क्लीयरेंस मिल जाने की उम्मीद है। इसके बाद 4.5 मिलियन टन का वर्ल्ड बैंक का यह प्रोजेक्ट अपने पुराने रिकार्ड के अनुसार उत्पादन करने लगेगा। इसके अलावा केडीएच के विस्तार के लिए 31.34 हेक्टेयर टेनेन्सी भूमि का मुआवजा मुख्यालय से स्वीकृत होते ही एकमुश्त दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी घरों को हटाया जाएगा। 31.34 हेक्टेयर टेनेन्सी भूमि के अलावा 126.72 हेक्टेयर फॉरेस्ट और जंगल-झाड़ी भूमि है। महाप्रबंधक ने अंचल अधिकारी से आग्रह किया है कि सभी जमीन का जल्द से जल्द ऑथेन्टीकेशन कर दें ताकि सही व्यक्ति को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। बताया कि जमीन मालिक को 9,02,900 रूपया प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया जाएगा।

इस दौरान एसीसी सदस्यों एवं यूनियन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में महाप्रबंधक संजय कुमार ने भारत के जी 20 का प्रतिनिधित्व करने संबंधी स्टीकर भी जारी किया।

जीएम के साथ एसओ (पर्सनल) ज्योति कुमार, दिवाकर साहू के अलावा जेसीएससी सदस्य मनोज कुमार रजक, एसीसी मेम्बर प्रेम कुमार, सुनील कुमार सिंह, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, फुलेवष्वर यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# कल्याणपुर में मनायी गयी पूर्व मुखिया स्व. बांदे उरांव की पुण्यतिथि

### सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल और अंग वस्त्र का किया गया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर चौक में पूर्व मुखिया और झारखंड आंदोलनकारी स्व. बांदे उरांव की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. बांदे उरांव की बड़ी बहू झामुमो महिला प्रकोष्ठ की चतरा जिला अध्यक्ष सरोज देवी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि स्व. बांदे उरांव सादा जीवन और उच्च विचार के धनी थे। वह हमेशा गरीब एवं विस्थापितों की आवाज बनने का काम करते थे। अलग झारखंड राज्य की लड़ाई में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने अपने कार्यकाल में जितिया मेला और आदिवासी उच्च विद्यालय की स्थापना की और अपने मुखिया काल में पुल पुलिया, सड़क, पंचायत भवन का निर्माण कराने का काम किया।

कार्यक्रम में उनके कार्यों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का आह्वान किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिजनों के द्वारा ठंड को देखते हुए सैकड़ों असहाय गरीबों के बीच कंबल, साड़ी और अंगवस्त्र का वितरण किया गया।

इस मौके पर जयपाल उरांव, कृष्णा उरांव, इंद्रजीत उरांव, रामचंद्र उरांव, जितेंद्र कुमार, सचिन पासवान, इदरीस अंसारी, सोनू गुप्ता, सुरेश महतो, अर्जुन गंझू, करण महतो, तिरपाल उरांव, मनीषा कुजूर, सुशीला देवी, गौरी देवी, दशमी देवी, शिव प्रसाद चौहान, धर्मेंद्र उरांव, मणिकांत उरांव, दिनेश राम, बीरू मुंडा सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# कोहरे की चादर से ढंका पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र

### दोपहर तक छाया रहा घना कोहरा, ठंड का बढ़ा प्रकोप



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास का पूरा इलाका कोहरे की चादर से ढका हुआ है। जानकारी के अनुसार नये साल के दूसरे दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। रविवार की रात से भीषण कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण एक ओर जहां दृश्यता कुछ फीट की रही वहीं तापमान में गिरावट से आम जनजीवन पर असर देखने को मिला। सोमवार सुबह काफी घना कोहरा होने के कारण लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। कोहरा और ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट देखी गई। जिसके चलते स्कूली बच्चों के साथ दिहाड़ी मजदूर, कार्यालय में जाने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। दोपहर एक बजे तक पूरा इलाका घने कोहरे से ढका रहा। पूरे दिन क्षेत्र में सूरज नहीं दिखने से लोग दिन भर गर्म वस्त्र पहनने पर मजबूर दिखे। पिपरवार का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा, लेकिन अनुमान के मुताबिक अगर कोहरे का असर जारी रहा तो ठंड और बढ़ सकती है, जिससे इस समय निकलने वाली सब्जियों की फसलों पर इसका असर देखने को मिल सकता है। इधर ठंड से बचने के लिए चौक चौराहों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते रहे। कोहरे के कारण सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को हुई। कोयला ढुलाई में लगे हाईवा डंपर के चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दो पहिया और चार पहिया वाहनों को लाइट जलाकर वाहन चलाते देखा गया।

**उत्पात :** राजकीयकृत उत्क्रमित उवि राय में शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त की पाइप लाइन

# स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में घटना की निंदा

### कई मीटर पाइप को काट कर भी ले गये व स्कूल प्रांगण में लगे बेसिन को भी तोड़ दिया गया है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** खलारी थाना क्षेत्र के राय बाजार स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विधालय राय मे बीती रात शरारती और असमाजिक तत्वों ने स्कूल में जलापूर्ति के लिए लगाये गये पाईप लाईन को तोड़कर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। साथ ही कुछ पाईप को काटकर ले गये। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह स्कूल खुलने के बाद हुई। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य नेसार अहमद ने बताया कि सोमवार की सुबह स्कूल खुलने के बाद पता चला कि शरारती तत्वों द्वारा स्कूल में लगे पाइपलाइन को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, साथ ही कई मीटर पाइप को काट कर भी ले गए। स्कूल प्रांगण में लगे बेसिन को भी तोड़ दिया गया है, जिसके बाद इसकी सूचना विद्यालय प्रबंध समिति और खलारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस और प्रबंध समिति के लोग मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्राचार्य नेसार अहमद ने बताया कि इससे पूर्व तीन बार विद्यालय में चोरी की घटना हो चुकी है।

**विद्यालय में हुई ग्रामीणों की बैठक :** राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय में राय पंचायत मुखिया शीला देवी की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में स्कूल प्रांगण में लगे पाइप लाइन को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना का कड़े शब्दों में निंदा की गई, साथ ही स्थानीय पुलिस से इस पर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई। बैठक में स्कूल में उत्पन्न पानी की समस्या को देखते हुए एक जल मीनार का निर्माण कराने और अतिरिक्त शौचालय बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगाने, विद्यालय के बाउंड्री की ऊंचाईकरण करने और रात्रि प्रहरी की नियुक्ति करने का भी निर्णय लिया गया। स्कूल का एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा स्कूल की समस्या को लेकर स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने पर सहमति बनी। इस बैठक में नागेश्वर महतो, दीपक कुमार महतो, अर्जुन महतो, राजा खान, मनोज महतो, छवि सिंह, एतवारा महतो, अनुप कुमार, रामकुमार भुइयां, स्कूल के प्राचार्य नेसार अहमद, गणेश बैठा, चरका महतो, बिजय कुमार, राम शंकर सिंह,राजेश महतो,आमिर खान सहित प्रबंध समिति व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## खलारी कोयलांचल में छाया रहा कोहरा, बढ़ी कनकनी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी सहित कोयलांचल क्षेत्र में नये साल के दूसरे दिन सोमवार की सुबह में घना कोहरा छाया रहा। साथ ही कनकनी बढ़ने से ठंड ने भी अपना असर दिखया। घना कोहरा होने के कारण 10 मीटर ही विजबलिटी हो पा रही थी। सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रहा। वहीं आसमान में बादल रहने के कारण धूप भी नदारद रही। बढ़ती कनकनी और शीतलहर के कारण लोग अपने जरूरी कामों से ही घर से बाहर निकले और सड़कों पर वाहन भी कम दिखे। इधर शाम को गिरते तापमान के कारण बढ़ती ठंड और कनकनी से बचने के लिए लोगों ने अलाव का सहारा लिया। मौसम विभाग के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 5 जनवरी तक कोहरा और कनकनी बढ़ने के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मन्दिर करकट्टा में सोमवार को एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। एसवीएम टाइगर्स और एसवीएम फाइटर्स के बीच खेले गए एक दिवसीय क्रिकेट मैच की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्या शालीग्राम सिंह ने मैच के पहले गेंद को मारकर की। मैच में पहली पारी खेलते हुए एसवीएम टाइगर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 70 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए एसवीएम फाइटर्स ने 7 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 71 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक गोविंद चौहान, श्रीकांत शर्मा, संजीव सिंह, गौरी शंकर कमिला, पुरुषोत्तम सिंह, चंद्रभूषण सिंह, दिलीप शर्मा, शिक्षिका पूनम पाठक, संध्या सिन्हा, नूतन सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

## खलारी प्रखंड मुख्यालय में लगी हैंड सेनिटाइजर मशीन पड़ी है खराब



**खलारी (आजाद सिपाही)।** देशभर में कोरोना को लेकर एक बार फिर सरकार के द्वारा अलर्ट जारी कर दिया है। साथ ही झारखण्ड सरकार ने भी स्वास्थ्य विभाग को कोरोना से बचाव के लिए कई सुविधाओं को बहाल करते हुए उसे बेहतर करने के लिए कई दिशा-निर्देश जारी किया है। लेकिन खलारी प्रखंड में लगा हैंड सेनिटाइजर मशीन देखदेख के अभाव में काफी दिनों से खराब लटकी पड़ी है। खलारी प्रखण्ड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय एवं अंचल कार्यालय के समीप लगी हैंड सेनिटाइजर मशीन लोगों की सुविधा के लिए लगायी गयी थी। लेकिन पिछले कई महिनों से मशीन खराब रहने के कारण लोग इसका प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। हैंड सेनिटाइजर मशीन मात्र एक डब्बा बनकर रह गयी है। कोरोना को लेकर जारी गाइड लाइन के तहत प्रखण्ड कर्मियों एवं प्रखण्ड मुख्यालय आने वाले लोगों के लिए हैंड सेनिटाइजर मशीन को दुरूस्त कर के चालू करना अतिआवश्यक है।

## नवाडीह में वनभोज का आयोजन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** जनकल्याण नाई संघ नावाडीह के युवतियों के द्वारा वनभोज का आयोजन नवाडीह में किया गया। तीन साल के बाद वनभोज का आयोजन किया गया। कोरोना काल के दौरान वनभोज का आयोजन नहीं हो पा रहा था। इस बार सब कुछ सामान्य रहने के बाद वन भोज का आयोजन किया गया। एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयीं। साथ ही वनभोज में बने लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। इस मौके पर सुमन कुमारी, संध्या, सुधा, रिया, गुड़िया, राजा, अंजू देवी, गीता देवी, रीना देवी, आशा देवी, कविता देवी का कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।

## झारखंड पब्लिक स्कूल की बालिका फुटबॉल टीम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भोपाल रवाना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा खलारी की अंडर 19 बालिका फुटबॉल टीम सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सोमवार को भोपाल के लिए रवाना हुई। 03 जनवरी से 07 जनवरी तक मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में पूरे भारत देश से कई राज्य की बालिका फुटबॉल टीम की खिलाड़ी भाग लेगी। खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से पहली बार बालिका फुटबॉल टीम का चयन अंडर 19 सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। सीबीएसई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले झारखंड पब्लिक स्कूल के फुटबॉल खिलाड़ियों में दीपिका कुमारी, सोनी कुमारी, सुलेखा कुमारी, कंचन कुमारी, रविना कुमारी, निधी कुमारी, अलका कुमारी, करिश्मा कुमारी, पूजा कुमारी, बबीता कुमारी, रींकी कुमारी, आंचल कुमारी, उषो कुमारी के साथ कोच के रूप मे गणेश कुमार महतो एवं मैनेजर के रूप में रीता कुमारी षामिल है। वहीं झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर डकरा के प्रधानाध्यापक अभिषेक चौहान एवं स्कूल के खेल शिक्षक गणेश कुमार महतो ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही स्कूल के शिक्षक राजेश कुमार, रमेश कुमार, मनोज यादव, नवल कुमार दास, संदीप यादव, महेंद्र चौहान, गौतम कुमार, रीता कुमारी, किरण देवी, आरती, संजना, रेणू, फरीदा, साजिया, नाजिया, गीता सहित अन्य लोगों ने टीम के चयन होने पर बधाई देते हुए टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## आशीर्वाद बेदिया ने अधिवक्ताओं के बीच 1500 डायरियां बांटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन के वरीय सदस्य अधिवक्ता आशीर्वाद बेदिया ने नये वर्ष के अवसर पर 1500 अधिवक्ताओं के बीच लॉमेंस की लीगल डायरियों का वितरण किया। इस अवसर पर श्री बेदिया ने कहा कि वह शुरू से ही अधिवक्ता हित में कार्य करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में अधिवक्ताओं के बीच वह डायरियों का वितरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डायरी अधिवक्ताओं के लिए काफी जरूरी होती है। डायरी में सभी अधिवक्ता पूरे साल के केस का लेखा जोखा करते हैं। उन्होंने कहा कि वह आगे भी अधिवक्ता हित में इस तरह के कार्य करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री बेदिया के द्वारा निजी खर्च पर डायरियों का वितरण किये जाने की रांची बार के अधिवक्ता काफी प्रशंसा कर रहे हैं।

## बिहार में बीएमपी आठ में सिपाही के पद पर पदस्थापित सिराजुद्दीन अंसारी का निधन



**इटकी (आजाद सिपाही)।** इटकी थाना क्षेत्र के तुरगुरु टिकरा टोली निवासी सिराजुद्दीन अंसारी (56) का सोमवार को निधन हो गया। वे बिहार राज्य के बेगूसराय जिले में बीएमपी आठ में सिपाही के पद पर पदस्थापित थे और करीब एक वर्ष से हृदय रोग से पीड़ित थे।

## जान से मारने की नीयत से गोली चलायी

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रानीडीह निवासी विनोद उरांव पर कुरगी गांव के सूरज उरांव ने गोली चलायी। इस घटना में विनोद बाल-बाल बच गया। घटना को लेकर विनोद उरांव द्वारा इटकी थाना में एक मामला दर्ज कराया गया है। विनोद के बयान पर इटकी थाना में सूरज उरांव व 20- 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गयी है। थाना प्रभारी रजनी रंजन के अनुसार घटना के पीछे पारिवारिक भूमि विवाद का मामला बताया जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार घटना के समय विनोद अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सूरज 20-25 लोगों के साथ पहुंचा व गाली गलौज करते हुए विनोद के साथ मारपीट की। आरोप है कि सूरज ने गोली भी चलायी। बाद में ग्रामीणों को जुटते देख सूरज ने विनोद को खेत से भाग जाने अन्यथा जान से हाथ धोने की धमकी दी व वहां से चला गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़ो नरकोपी सड़क पर सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे खत्री खटंगा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना की सूचना बेड़ो पुलिस और एंबुलेंस 108 को दी। जिसके बाद घटनास्थल पहुंचे बेड़ो थाना के एएसआई राजेंद्र यादव ने एंबुलेंस 108 की मदद से तीनों घायल युवकों को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में चेटो कैरो गांव निवासी टाइल्स मिस्त्री 17 वर्षीय संदीप उरांव पिता सुकरा उरांव, 14 वर्षीय खद्दी उरांव पिता बिरसा उरांव व बेड़ो निवासी 25 वर्षीय वीरेंद्र गोप पिता परमेश्वर गोप शामिल हैं। जहां डा. एलएन दास ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए तीनों युवकों को रिम्स रेफर कर दिया। इधर घायल संदीप उरांव ने बताया कि हम अपने दोस्त के घर बंडी मुरतो गए थे। वहीं वापस लौटने के दौरान खटंगा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

## मामूली विवाद में युवक को छुरा मारकर किया घायल



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मामूली विवाद के कारण रविवार की देर शाम को बाजार टांड़ के पतरा कोना निवासी नसीम अंसारी नामक बत्तीस वर्षीय युवक को छुरा मार दिया गया। इस घटना में नसीम अंसारी के प्राइवेट पार्ट में गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है कि नसीम अंसारी व उसके पड़ोसी नूरहसन अंसारी के बीच किसी बात को लेकर नोंक झोंक हो रहा था। इसी दौरान नूरहसन अंसारी ने नसीम पर छुरा से हमला कर दिया। बीच बचाव में नसीम की मां सबीना खातून को भी चोट आयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## रेलवे लाइन से युवक का शव बरामद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-सोननगर रेलखंड के गढ़वा रोड रेहला पोल संख्या 319/1अ के समीप एक अज्ञात युवक का शव जीआरपी पुलिस ने बरामद किया है। रेलवे जीआरपी पुलिस शव को बरामद करने के बाद गढ़वा पोस्टमार्टम हाउस ले आयी जहां शव की पहचान परिजनों द्वारा कर ली गयी है। मृत युवक हैदर नगर के खरडीहा गांव निवासी स्वर्गीय सरजू राम के पुत्र नंदलाल राम 32 वर्ष के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि नंदलाल राम घर से घूमने के लिए बाहर निकला हुआ था किंतु घर वापस नहीं लौटने के बाद जब इसकी खोजबीन आसपास करने के बाद जानकारी मिली कि एक मृत युवक का शव रेलवे जीआरपी पुलिस रेहला गढ़वा रोड स्टेशन से बरामद किया है। जिसके बाद गढ़वा पोस्टमार्टम हाउस जब पहुंचे तो वहां मृत युवक का शव देखने के बाद नंदलाल राम के रूप में पहचान हुई है। रेलवे जीआरपी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## भाकपा माले रेड स्टार की बैठक पांच जनवरी को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले रेड स्टार जिला समिति गुमला की बैठक 5 जनवरी को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी की केंद्रीय कमेटी द्वारा तय कार्यक्रमों को जिले में लागू करने, जिले में फैले भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के लिए तथा जनसमस्याओं पर विचार विमर्श के अलावा गुमला में पार्टी का विस्तार व मजबूती के लिए विशेष चर्चा की जाएगी। बैठक में पार्टी के राज्य सचिव कामरेड वशिष्ठ तिवारी तथा पार्टी के दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

**कार्यक्रम :** शहीद सुनील कुमार शाही की प्रतिमा पर विधायक ने किया माल्यार्पण, कहा

# देश के लिए बलिदान होने वाले कभी मरते नहीं, अमर हो जाते हैं

**शहादत दिवस पर गरीब, जरूरतमंद एवं बुजुर्गों के बीच कंबल किया वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सिलागाई पंचायत के हुरहूरी में सोमवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शहीद सुनील कुमार शाही की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश के लिए बलिदान होनेवाले कभी मरते नहीं, बल्कि अमर हो जाते हैं। देश के लिए कुर्बानी देने का मौका सौभाग्य से मिलता है। साथ ही ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया और शहादत दिवस पर गरीब, जरूरतमंद एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण भी किया। शहीद के परिवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की की कामना की।

वहीं जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने भी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि जो नौजवान वतन के लिए बलिदान होता है वह अमर हो जाता है। इससे हमे देश के प्रति वफादारी की सिख मिलती है। इस दौरान विधायक ने प्रज्ञा सेवा संस्थान एनजीओ के द्वारा बन रहे बायो गैस प्लांट का निरीक्षण भी किया और इसकी जानकारी ली।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, पंचायत अध्यक्ष गंगू उरांव, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, सुजीत शाही, शशि साहू, अब्दुल्ला अंसारी, मोरहा उरांव, शिव उरांव, गुड़िया उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाबा जय गुरुदेव का तीन दिवसीय गुरु चर्चा कार्यक्रम विशाल भंडारा के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** बाबा जय गुरुदेव नाम योग साधना स्थल मेला टिकरा नगड़ी में तीन दिवसीय गुरु चर्चा नगड़ी संगत के तत्वावधान, सुमिरन, ध्यान, भजन और विशाल भंडारा के साथ कार्यक्रम के समापन हुआ। मौके पर जय गुरुदेव महाराज के शिष्य देबू सरकार ने समापन सत्र में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए हजारों सत्संगी के गुरु महाराज जय गुरु देव के आदर्श और जन कल्याण कार्य तथा शाकहार पर अपने क्षेत्र प्रचार प्रसार करने का आह्वण किया। तीन दिवसीय गुरु चर्चा कार्यक्रम में बंगाल सैथिया, बोकारो चास, धनबाद, टाटा, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़ चतरा सहित कई जिलों से लोग शाकाहारी महोत्सव में कथा श्रवण करने पहुंचे थे। आयोजन को सफल बनाने में अनुप कुमार, रामगति महतो, उमेश महतो, आनंद महतो, कृष्णा महतो, कृष्णा गोप, महावीर महतो, परविंदर, प्रदीप, अमित महतो, सोनू, मनीष, लक्ष्मण, बिन्देश्वर महतो, रोहन, धनंजय कुमार, आनंद प्रजापति, धनेश्वर मुंडा, महावीर महतो, कृष्ण महतो, कपिल साहू, उमेश साहू, सुनील केसरी, धनंजय कुमार, सिकंदर साहू, प्रदीप कुमार, बजरंग कुमार, विजय कुमार, विशाल कुमार, शिबू महतो जलेश्वर महतो राधेश्याम मिश्रा, बिशू, कलावती देवी जयंती देवी उर्मिला देवी शांति देवी ललिता देवी सहित जय गुरुदेव के हजारों लोग शामिल थे।

## मांडर में सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना अंतर्गत नारो पेट्रोल पंप के पास सोमवार सुबह साढ़े दस बजे एक सड़क दुर्घटना में कंभीठा निवासी 60 वर्षीय साबिर अंसारी और नारो निवासी महादेव उरांव बुरी तरह घायल हो गए। अपनी मोटरसाइकिल से महादेव उरांव मांडर की ओर से आ रहे थे और साबिर अंसारी टांगर बसली से मांडर की ओर जा रहे थे। अचानक नारो पेट्रोल पंप के पास दोनों की मोटरसाइकिलों का आपस में टक्कर हो गयी व दोनों गिरकर घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों ने मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## बेड़ो में कुहासे से बढ़ी कनकनी, आमजन हलकान

**कुहासा लंबा चला तो सब्जी की फसल में भारी नुकसान की आशंका**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नये साल की शुरुआत में कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रहे कुहासा से किसान, मजदूर व आमजन हलकान हैं। कुहासा से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। जिससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि कुहासा लंबा चलता है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं घने कुहासे से तेज रफ्तार वाहनों पर ब्रेक लग गया है। रांची-गुमला मुख्य मार्ग एनएच 43 पर सुबह में लाइट व इंडिकेटर के सहारे वाहन रेंगते रहे। सोमवार को सुबह पांच बजे से दिन के 10 बजे तक घने कोहरे ने सड़कों पर रफ्तार को ब्रेक लगा दिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र बेहाल हैं। शाम होते ही चौक-चौराहे पर सन्नाटा पसर जा रहा है और लोग अपने-अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। वहीं प्रखंड के नगड़ी टोली, चरिमा व टंगरा टोली के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसान कुहासा व ठंड की दोहरी मार झेलने को विवश हैं। किसानों की एकमात्र साधन खेती है। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है। आलू, मटर, गोभी, टमाटर की फसलें प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के किसान पवन कुमार, पंकज कुजूर, विशेश्वर मिंज, बिरसा कुजूर, करमा उरांव, राम उरांव, वन्दे लकड़ा, विरन उरांव ने बताया कि कुहासे की वजह से फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। इधर कंपकपाती ठंड से हर कोई परेशान है। स्कूली बच्चों को स्कूल व ट्यूशन जाने में परेशानी हो रही है। बढ़ती ठंड ने मजदूरों की रोजी-रोटी पर भी असर डाला है।

**समस्या :** बेड़ो की सब्जी मंडी जाने वाली सड़क हुई बदहाल

## जलजमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी, किसान-दुकानदार परेशान

**नाली जाम होने के कारण सड़क पर ही बह रहा गंदा पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग से झारखंड के प्रसिद्ध बेड़ो सब्जी मंडी जाने वाली सड़क पर जलजमाव व कीचड़ से किसानों व ग्रामीणों को सब्जी मंडी आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। मुख्य मार्ग व बाजार को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर कीचड़ व जलजमाव से लोगों को आवागमन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सड़क से सब्जी मंडी तक इतना कीचड़ है कि पैदल चलना दूभर हो गया है। वहीं दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर कीचड़ होने से ग्राहकों की संख्या लगातार घट रही है। जिससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है। रांची, गुमला व लोहरदगा जिला के ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान अपनी सब्जियों को लेकर सब्जी मंडी आते हैं। जहां इन्हें भारी मुश्किलों सामना करना पड़ रहा है। ऑटो चालक इस ओर आना नहीं चाहते हैं। इससे गरीब किसानों को भारी परेशानी हो रही है। कचरा से नाली जाम हो गया है। जिससे पानी का निकास अवरुद्ध हो गया है। सड़क पर ही पानी बहने लगा है। जिससे लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। सड़क में नाली का पानी जमा हो गया है। पानी निकासी की मुकम्मल व्यवस्था नहीं होने के कारण दुकानदारों व किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बाजार आने वाले लोग गंदा पानी से होकर आवागमन करने को बाध्य हैं। नाली जाम रहने से सड़क के उपर गंदा पानी जमा हो गया है। इस गंदा पानी के दुर्गंध से दुकानदार परेशान हो गए हैं। किसानों का कहना है कि सड़क में पानी जमा होने की वजह से लोगों को बाजार गंदा पानी में प्रवेश कर ही जाना पड़ रहा है। जबकि सब्जी मंडी जाने का यही मुख्य मार्ग है। पानी के निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़क पर ही जमा है। जिससे सड़क कीचड़मय हो गया है। जो किसानों के अलावा राहगीरों के लिए भी समस्या बनी हुई है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## थाना प्रभारी ने गांव में बच्चों के बीच जाकर नव वर्ष की खुशियां बांटी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव में भ्रमण कर बच्चों के बीच जाकर नव वर्ष की खुशियां बांटी। बच्चों के बीच चॉकलेट व बिस्किट बांटकर नव वर्ष मनाया। इस दौरान उन्होंने कई बच्चों को गोद लेकर पुचकारा और चाकलेट व बिस्किट दिये। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि बड़ों के साथ तो हर कोई मिल कर पिकनिक मना लेता है। खाना बनाकर खा लेता है लेकिन गांव के बच्चों के बीच चॉकलेट बांटने के बाद अपने आप को सौभग्यशाली और सुखद अनुभूति होती है। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के बीच फल का भी वितरण किया। वहीं बच्चों से कहा मन लगाकर मेहनत के साथ पढ़ाई करो। साथ ही उन्होंने बच्चों को नये साल की बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## नामकुम में कंटेनर की चपेट में आकर झारखंड पुलिस के एएसआइ की मौत



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर आर्या स्टील के समीप सोमवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार झारखंड पुलिस के एएसआई की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बुंडू निवासी सह हजारीबाग में पदस्थापित एएसआई राधा गोविंद उरांव (45) बुंडू से अपनी बेटी को लेकर आपाची मोटर साइकिल से रांची जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर आर्या स्टील के समीप ब्रेकर में उन्होंने अपनी मोटर साइकिल धीमी की, तभी पीछे से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे राधागोविंद रोड पर ही गिर पड़े, जिसके बाद कंटेनर ने उन्हें कुचल दिया। वहीं उनकी बेटी इस हादसे में रोड के किनारे जा गिरी, जिससे वह घायल हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये रांची रिम्स भेज दिया। पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मृतक के भाई रोहित उरांव के ब्यान पर कंटेनर चालक पर तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मृतक के दो बेटा और एक बेटी है। देर शाम पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार मृतक एएसआई राधा गोविन्द हजारीबाग में पोसटेड थे। वे नये साल की छुट्टी मनाने के बाद अपनी रांची में पढ़ने वाली बेटी को साथ लेकर रांची के लिये निकले थे। बेटी को रांची स्कूल हॉस्टल छोडते हुए वे हजारीबाग चले जाते पर रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।

## नामकुम के हहाप में खेलकूद प्रतियोगिता के बीच गांव वालों ने मनाया नव वर्ष



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष पर सोमवार को नामकुम प्रखंड अंतर्गत हहाप पंचायत के चरनाबेड़ा गांव में खेलकूद प्रतियोगिता सह वनभोज कार्याक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चरनाबेड़ा गांव के बच्चे, युवा, पुरुष व महिलाएं शामिल हुये। बच्चों के लिये मेढ़क रेस, साइकिल रेस, बिस्किट रेस प्रतियोगिता हुयी। इसके अलावे लंबी कूद, उंची कूद, बोरा रेस, 100 मीटर बालक व बालिका दौड़ महिलाओं के लिये कुर्सी रेस समेत कई अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। युवा व वृद्ध वर्ग के लोगों के लिये सद्धभावना फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हहाप मुखिया नन्हे कच्छप के हाथों सम्मानित किया गया। इसके बाद वनभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंच का संचालन वार्ड सदस्य मादि टोप्पो ने की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुखिया नन्हे कच्छप, विनोद कच्छप, मदन टोप्पो, मंगल सिंह टोप्पो, सुरेश कच्छप, विलसन लकड़ा, हाबिल उरांव, राजू टोप्पो, महादेव कच्छप, बच्चन बड़ाईक, प्रमोद तिर्की, अजीत का योगदान रहा।

## हुंडरू फॉल से लापता दो पर्यटक को सकुशल बरामद कर लिया गया




**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** 01 जनवरी को हुंडरू फॉल घूमने आये रतन गाछी, उदयनरायणपुर कोलकाता हावड़ा एवं रंजीत घासी, कसमार दोनों हुंडरू फॉल से लापता हो गये थे। जनकारी के अनुसार दोनों अपनी-अपनी टीम के साथ हुंडरू फॉल घूमने आये थे। जब शाम के समय इनकी टीम वापस जाने लगी, तो ये दोनों गायब थे। यह सूचना सुरक्षा में तैनात सिकिदिरी पुलिस को दी गयी। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि एवं एसआइ अरुण कुमार सिंह अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए थे। लापता की सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में फॉल के हर एक दुर्घटना संभावित जगहों पर रात के अंधेरे तक इनकी खोज की गयी, लेकिन कहीं पता नहीं चला। सिकिदिरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रात की गश्ती के दौरान हावड़ा निवासी रतन गाछी को इंटेक मोड़ से एवं कसमार निवासी रंजीत घासी को गेतलसुद से बरामद किया। दोनों को सिकिदिरी थाने में रखा गया है। इनके मिलने की सूचना परिवार वालों को दी गयी है।

## सुरक्षा पर चर्चा को लेकर बिश्रामपुर व्यवसायी संघ की अहम बैठक आज



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** व्यवसाई संघ की एक अहम बैठक मंगलवार को स्थानीय डाक बंगला परिसर में होगी। इसकी जानकारी व्यवसाई संघ के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में स्थानीय व्यापारियों के सुरक्षा पर चर्चा होगी। इसके अलावा संघ के मजबूती और बाजार सुरक्षा समिति के पुनर्गठन पर भी विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर स्थानीय दुकानदार चिंतित हैं। आए दिन अपराधिक घटनाएं हो रही हैं। श्री लाल ने दुकानदारों,राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओ से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## पलामू के कराटेकारों ने आगरा में लहराया परचम



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के कराटेकारो ने आगरा में आयोजित ऑल इंडिया इन्डो-कनटीनेनटल इन्टरनेशनल कराटे चैम्पियनशिप में चुस्ती- फुर्ती के साथ फाईट करते हुए 6 मेडल जीत अपने नाम किया। बेहतर प्रदर्शन करने वालों में संत मरियम विद्यालय के आदित्य उराँव को गोल्ड मेडल और सृष्टि कुमारी, सोनम कुमारी, वर्षा कुमारी को ब्राउज मेडल मिला है। पलामू मिक्स मार्शल आर्ट टाईर्गस एकेडमी के अभिषेक कुमार सिंह को गोल्ड मेडल और शिव दयाल को ब्राउज मेडल अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता जापान कराटे डूँ शोतो- रियू इन्टरनेशनल इंडिया एवं कराटे काई इन्टरनेशनल इंडिया के तत्वावधान में ताज महल समीप चाणक्य होटल के स्पोर्ट्स हॉल में 30-31 दिसंबर को किया गया था। उपरोक्त जानकारी देते हुए मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने कहा कि सभी कराटेकारों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया और परिणाम पलामू के हिस्से में ढेर सारे मेडल प्राप्त हो गया। यह कराटे टीम मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में आगरा में खेला गया था। जबकि टीम मैनेजर सेन्साई सकेन्दर प्रजापति, सोनी कुमारी ने भी अपना कार्य-भार बखूबी संभाला। बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव,प्राचार्य आदर्श कुमार समेत सभी शिक्षको ने पूरे टीम को बधाई दिया है।

## भाजपा ने किया आरसीआइटी में पीएम की माता के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा नगर मंडल द्वारा सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के निधन पर आरसीआईटी कॉलेज परिसर में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी,वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, जिला उध्यक्ष रामचंद्र यादव,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,सेवानिवृत शिक्षक नंदकुमार पांडेय ने बारी बारी से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन मोदी के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोकसभा में महामंत्री संतोष राम,महामंत्री मनीष कुमार,शिववंश मिश्रा,संयोजक रजनीश चंद्रवंशी,धर्मेंद्र कुमार,संजय कुमार,विजय कुमार सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक सचिव के निधन पर कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के छतरपुर सड़मा में स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के संस्थापक सचिव सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का निधन हृदयाघात से 25 दिसंबर को हो गया था। कॉलेज के खुलने पर कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने शोक व्यक्त किया एवं उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार, शिक्षक प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह, प्रो. सूर्योदय कुमार, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जेलेश गुप्ता, रानी कुमारी, इंदु कुमारी, मुन्नी देवी, सुनीता कुजूर, सफल कुमार,पंचम कुमार, संध्या कुमारी, मनोज पासवान, सुनील पासवान, योगेंद्र विश्वकर्मा, बालमुकुंद पाठक, राजेश, शंकर कुमार, बबलू मिंज, आनंद कुमार यादव, पवन कुमार, दीपक कुमार, महिला इंटर कालेज के प्रधान सहायक आलोक कुमार ठाकुर, बबलू विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## मुर्गा पिकअप चालक के साथ मारपीट वाहन को किया क्षतिग्रस्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)** जपला शहर के जेपी चौक के समीप देर शाम कुछ शरारती तत्व ने वाहन चालक के साथ मारपीट कर पिकअप वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया, इसकी सूचना मिलते ही हुसैनाबाद के प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुँचे,पुलिस को देखते ही सभी लोग फरार हो गए, जानकारी के अनुसार रेहला से एक पिकअप वाहन जिसका नंबर यूपी 64 एटी 1705 जपला होते हुए उत्तर प्रदेश चंदौली जा रहा था, इसी क्रम में जपला जेपी चौक के समीप कुछ शरारती तत्वों ने चालक रेहला निवासी सलाम अंसारी के साथ मारपीट कर वाहन के शीशे को क्षतिग्रस्त कर दिया।

# गुरु उत्तरोत्तर शिष्य के मार्ग को प्रशस्त करते हैं : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंग्रेजी कलेण्डर के अनुसार एक जनवरी को दुनियाँ के साथ भारत भी नया साल का स्वागत करता है। भारतीय संस्कृति व परम्परा विविधता में एकता लिए हुए है यही कारण है कि एक जनवरी को भी मंदिरों में भीड़ उमड़ती है। भारत एवं अपने राज्य झारखंड में एक जनवरी ऐतिहासिक घटनाओं के लिए जाना जाता है,वह है भीमा कोरे गावँ और सरायकेला खरसावां की घटना। कोई भी त्योहार मनाने के पीछे मकसद होता है जन समुदाय को उस घटना से सीखना एवं मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना। इसीलिए आज हम सभी नए साल की शुरूआत शिव के शिष्यता और चर्चा के साथ किये ताकि देश के नौजवान एवं युवावर्ग प्रेरणा ले सकें कि मौज में मौत के करीब न जाए और इस देश व समाज के लिए, जनकल्याण के लिए जहर भी पीना पड़े तो पिएंगे। शिव लोककल्याण के लिए महल छोड़े,तांडव किये,पर्वत पर रहे आज हम सभी मानवता व मानवकल्याण के लिए क्या कर रहे हैं? दया मांगना है मजलूमों, वंचितों, गरीबों, रुग्णों के लिए, चर्चा करना है उनके विचारों, उनके मार्गों,उनके कर्मों पर चलने के लिए। प्रणाम करना है आपसी भाईचारा, प्रेम व सामाजिक समरसता के लिए। नए साल 2023 की शानदार शुरूआत शिवचर्चा के साथ पाटन प्रखण्ड के कालापहाड़ गांव में की गई। वरिष्ठ गुरु भ्राता गोकुला नन्द तिवारी ने शिव चर्चा के आयोजन किये जिसके मुख्य अतिथि अविनाश देव को बुलाया गया। अविनाश देव अपने चर्चा के दरम्यान गुरु भाई बहनों को उपरोक्त बातों के साथ आगे बताया कि शिव ही मुक्तिबोध कराने वाले हैं इसीलिए शिव को गुरु बनाएं। गुरु काई लगे रास्तों के फिसलन से बचाते हैं और तृष्णा भरे डगर को मोक्ष तक पहुंचाते हैं। शिव चर्चा में ओंकार नाथ तिवारी जो सिविल कोर्ट डाल्टेनगंज के अधिवक्ता के साथ युवा समाज सेवी हैं, अच्छा भजन गायक भी हैं, हुश्न के हाट में हुनर के खरीददार हैं। अपने तीन पीढ़ियों के साथ ओजस्वी उत्प्रेरणा एवं अंतः मारक भजन से समा को बांधा। चर्चा को पॉप सिंगर रोहित कुमार,पिंटू सिंह ने भजन पेश कर चार चांद लगाया। कमलदेव गुरु भैया, प्रयाग गुरुभ्रता प्रतिमा गुरु बहन आमोद भैया, कामेश सोनी, देवन्ति गुरु बहन सहित सैकड़ों भाई बहनों ने चर्चा का श्रवण पान किया।

## मेदिनीनगर के पूर्व सीओ रामनरेश सोनी के निधन पर समाहरणालय में दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी एवं पूर्व मेदिनीनगर सीओ रहे रामनरेश सोनी के असामयिक निधन हो जाने के पश्चात सोमवार को पलामू समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ एवं जिला प्रशासन के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे के नेतृत्व में आयोजित शोक सभा में अधिकारियों ने रामनरेश सोनी के २असमय निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना भी की गयी। ज्ञातव्य है कि मेदिनीनगर के पूर्व सीओ रहे रामनरेश सोनी का देहांत जमशेदपुर के टीएमएच में हार्टअटैक के कारण हो गया था। वर्तमान में वे डुमरिया के सीओ थे साथ ही उन्हें मूसाबनी सीओ का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था।

## एकता गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा /पलामू ।** नए साल के मौके पर सतबरवा प्रखंड के घुटुवा पंचायत अंतर्गत एकता गांव में सोमवार को फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन पाकी विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, डाल्टनगंज विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, समाजसेवी आशीष सिन्हा, घुटवा मुखिया अनीता देवी, यादव सेना के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो शरीर की फुर्ती और स्टेमिना को बढ़ाता है और शारीरिक मजबूती प्रदान करता है। मौके पर आयोजन करता विरेंद्र यादव, बबलू सिंह, नंदकिशोर यादव,जोखन सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मौसम से प्रभावित नहीं होता समृद्धि टीम का रोटी अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मौसम अनुकूल हो या प्रतिकूल समृद्धि टीम इससे प्रभावित नहीं होती। समाज सेवा का जूनून यदि हृदय में हो तो कोई काम बोझिल नहीं होता बल्कि उसे करने का जज्बा विषम परिस्थिति में भी जारी रहता है।यही कारण है कि यह अभियान चलता चला आ रहा है। रोटी देने वाले परिवारों का विशेष आभार जिनके बदौलत यह अभियान चलता आ रहा है।दोना,पत्तल, दातून वालों के बीच रोटी सब्जी और खिचड़ी का वितरण किया गया। इनके बीच गरम कपड़े भी बांटे गये। इसमें अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता,वीणा गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, रंजीता कुमारी, शिल्पी गोस्वामी, ऋषि कुमार का सहयोग सराहनीय है।

## विश्रामपुर नगर परिषद में अनियमितता की जांच का मुख्यमंत्री ने दिया है आदेश : हलीमा बीबी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष हलीमा बीबी और राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह दावा किया है कि मुख्यमंत्री ने नप कार्यालय में व्याप्त अनियमितता के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। हलीमा बीबी ने कहा कि बिश्रामपुर नगर परिषद में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। नप कार्यालय भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। इस संबंध में कुछ माह पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र भेजा गया था। जिसपर संज्ञान लेते हुए उन्होंने जांच का आदेश दिया है। बीबी ने उम्मीद जताया कि जांच के बाद कई बड़े खुलासे होंगे। दोषी अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई भी होगी। बस जांच पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि चंद चहेते ठेकेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए बार बार अलग अलग तरह का एनआईटी लाया जाता है। सरकारी पैसे के बंदरबांट हेतु जरूरत से ज्यादा गाड़ी व संसाधन की खरीददारी की गयीहै। नप अधिकारी कर्मचारी तानाशाही रवैया अपनाए हुए हैं। उन्होंने मांग किया की पिछले दो वर्ष का कार्यकाल की विस्तृत जांच होनी चाहिए। जांच के समय निवर्तमान नप प्रतिनिधियों व शिकायतकर्ता को भी साथ रखा जाना चाहिए। वरना जांच में लीपापोती की संभावना बनी रहेगी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## नव वर्ष में हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में बनेगी तीन महत्वपूर्ण सड़कें



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति दिला कर क्षेत्र वासियों को नववर्ष का तोहफा दिया है। विधायक ने हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र के सभी सम्मानित जनता को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कई अन्य समस्याओं के अलावा सड़क की जर्जर स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृति दिला दी है। तीनों सड़कों का निर्माण शीघ्र कराया जायेगा। उन्होंने कहा है कि तीनों सड़कों की निविदा भी निकाल दी गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पिपरा में पंचायत सरैया के होल्या चेरया ग्राम आरसीडी रोड से पुनपुन उद्गम स्थल कुंड होते हुए बारा बनाडीह ग्राम तक सड़क निर्माण, पिपरा के ग्राम पहलदेवा आजाद बिगहा से कली पुर देवी स्थान तक सड़क निर्माण व हुसैनाबाद के ग्राम डंडिला में रामजी कहार के घर से हैदरनगर प्रखंड के ग्राम सड़या आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ निर्माण शामिल है। विधायक श्री सिंह ने बताया कि सभी ग्रामीण सड़कों का चरणबद्ध निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 विकास का वर्ष होगा। उन्होंने विकास में ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य विकास योजनाओं पर तेजी से काम हो सकेगा।

## हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय से चार प्रिंटर और एक लैपटॉप की चोरी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** रविवार की रात अज्ञात चोरों ने हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय का मेन गेट का ताला तोड़कर चार एचपी प्रिंटर और आधार कार्ड बनाने का लैपटॉप की चोरी कर ली। इस संबंध में कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनी ने बताया कि सोमवार को कार्यालय पहुचनें पर देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है और प्रिंटर व लैपटॉप गायब था। उन्होंने बताया कि प्रिंटर व लैपटॉप समेत करीब 2.50 लाख की संपति की चोरी कर ली है। चोरों ने मुख्य गेट के दरवाजे का ताला तोड़कर कार्यालय में प्रवेश किया और बारी-बारी से कई कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी किया।वही चोरों ने अंचल कार्यालय के कम्प्यूटर रूम का भी ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन ताला तोड़ने असफल रहे। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित आधार रूम से दो प्रिंटर व एक लैपटॉप, आवास कोर्डिनेटर के रूम से एक प्रिंटर, ग्रामीण पेंशन ऑपरेटर रूम से एक प्रिंटर, कुल मिला कर चार एचपी प्रिंटर व एक आधार बनाने का लैपटॉप अपने साथ ले गए।सूचना मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी सौरभ कुमार दल बल के साथ प्रखंड कार्यालय पहुच कर घटना की छानबीन किया, पुलिस प्रखंड कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है, हालांकि अभी तक पुलिस को कोई सफलता हाथ नही लगी है।सीओ नंद कुमार राम ने कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय से कंप्यूटर आदि चोरी जाना दुखद मामला है।इससे आम जनता का काम प्रभावित होता है। प्रखंड कार्यालय में चोरी से आधार कार्ड,आवास योजना आदि के कार्य प्रभावित होंगे।

## मनरेगा श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में हुआ संशोधन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिले में मनरेगा अंतर्गत काम करने वाले श्रमिकों की अनुग्रह अनुदान राशि में बढ़ोतरी की गयी है। इस बाबत डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने बताया कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के पश्चात यह संशोधन किया गया है साथ ही ग्रामीण विकास विभाग की ओर से इस आशय का संकल्प भी जारी कर दिया गया है जिसके तहत अब कार्य के दौरान किसी मनरेगा श्रमिक की मृत्यु या अप्राकृतिक मृत्यु या हत्या या स्थाई रूप से दिव्यांग/अंग भंग हो जाने की स्थिति में उनको 75 हजार के बजाय 2 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं दुर्घटना में आंशिक रूप से दिव्यांग होने पर 37,500 रुपए की जगह 75 हजार रुपये और सामान्य मृत्यु होने पर 30 हजार की जगह एक लाख रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। इसी क्रम में मनरेगा के तहत निर्मित डोभा में डूब कर मरने वाले मृतकों के आश्रितों को 50 हजार के बजाय एक लाख रुपए मुआवजे के रूप में दी जायेगी।

## पूर्व नप उपाध्यक्ष ने पिकनिक स्पॉट पर चलाया सफाई अभियान



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्स राय उर्फ बढ़कू सिंह ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ पिकनिक स्पॉट पर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने क्षेत्र के सबसे बड़े पिकनिक स्पॉट भलूआनी डेम के आस पास जमा कचरे को एक जगह इक्ट्ठा कर उसे जलाकर नष्ट किया। यहां बताते चलें कि नव वर्ष के अवसर पर कई जगह के सैलानी प्रकृति के गोद में स्थित डेम स्थल पर पिकनिक मनाने आए हुए थे। पिकनिक मनाने के बाद लोग सिंगल यूज प्लास्टिक का थाली,ग्लास सहित कई तरह का कचरा छोड़ कर चले गए थे। जिससे डेम के आस पास कचरा का अंबार लग गया था। इसी कचरे को एक जगह एकत्रित कर श्री सिंह ने जलाकर नष्ट किया। बढ़कू सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के मूल में साफ सफाई ही है। स्वक्षता ही स्वस्थ जीवन का राह खोलता है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया कि अपने आस पास के जगह को स्वक्ष रखें.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## एमएस एजुकेशन ट्रस्ट ने नव वर्ष पर छात्र छात्राओं को कराया शैक्षणिक भ्रमण



**बिश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नव वर्ष के अवसर पर एम एस एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को बेलचांपा स्थित एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र में घुमाया गया। जवानों के प्रशिक्षण को बच्चो ने उत्सुकता पूर्वक देखा। बच्चों ने कोयल नदी तट पर पिकनिक का लुफ्त भी उठाया। ट्रस्ट के चेयरमैन अल्ताफ हुसैन ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से बच्चो को ऐतिहासिक व पर्यटक स्थल के बारे में नजदीक से समझने का मौका मिलता है। भ्रमण मे बच्चों के साथ वाइस चेयरपर्सन फिरदौस आरा,मिलेनियम पब्लिक स्कूल के उप प्राचार्य काजल गुप्ता,फलह कंप्यूटर एकेडमी के डायरेक्टर एमडी जिब्रेल अंसारी,सरिता सोनी, राजू कुमार,शिक्षिका शबनम खातून,रानी परवीन,नजमा खातून,शम्मा परवीन सहित कई शिक्षक शिक्षिका शामिल रहे।

## वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सतबरवा /पलामू( आजाद सिपाही)।** रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग एन एच 39 पर खामडीह गांव में सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अनुसार के अनुसार एक टेंपो सवारी लेकर मेदिनीनगर की ओर से आ रही थी, टेंपो खामडीह में सवारी उतारने के लिए रूकी ,इसी बीच पीछे से आ रही एक मोटर साइकिल, खडी टेंपो में टक्कर मार दी। फल स्वरूप मोटरसाइकिल पर सवार महिला गाड़ी से नीचे गिर गई। मोटरसाइकिल से गिरने के बाद महिला अभी संभल भी नहीं पाई थी, की पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने महिला के सर के उपर से हो गुजरते हुए भाग निकली। वाहन के चपेट में आने से महिला बुरी तरह घायल हो गई। रास्ते से गुजर रहे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने एंबुलेंस बुलाकर घायल को पलामू मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर भेंज दिया। जहां महिला की मौत हो गयी। महिला की पहचान शुभंती देवी पति सुधीर भुईयां बडकी नेभी पोलपोल के रूप में की गयी।

# स्पोर्ट्स



हमारे बीच सच्ची टीम भावना, हम हॉकी विश्व कप के लिए तैयार : सुखजीत सिंह

## न्यूजीलैंड के तेज एडम मिल्ने ने भारत पाकिस्तान श्रृंखला से नाम वापस लिया



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज एडम मिल्ने ने पाकिस्तान और भारत के आगामी दौरों के लिए व्हाइट-बॉल टीम से अपना नाम वापस ले लिया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को यह घोषणा की। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिल्ने को हाल ही में भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दोरान हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी। बाद में दिसंबर में उन्होंने वेलिंगटन फायरबर्ड्स के लिए सुपर स्मैश सीजन के पहले दो मैच खेले। हालांकि पाकिस्तान और भारत में 16 दिनों में टीम को छह एकदिवसीय मैच खेलने हैं, जिसे मिल्ने के लिए बहुत बड़ा जोखिम माना गया है। इसलिए आपसी समझौते से मिल्ने की जगह सेंट्रल स्टैग के तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गेविन लार्सन ने कहा कि यह फैसला आसान नहीं था। उन्होंने कहा, आगामी दौरों के लिए एडम ने हमारे साथ चर्चा की। उनसे बात करने के बाद, हमने सहमति व्यक्त की कि दौरे के लिए उनकी तैयारी लगातार तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला की मांगों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं होगी हम उनकी ईमानदारी और टीम को निराश न करने की उनकी वास्तविक इच्छा की सराहना करते हैं। होम समर के शेष समय के लिए उपलब्ध होने पर मिल्ने वेलिंगटन फायरबड्र्स के लिए खेलना जारी रखेंगे। लार्सन ने कहा कि टिकनर के नाम पर छह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच हैं और वह तैयार विकल्प था। चयनकर्ता ने आगे कहा, ?बीच में गेंदबाजी करने के ब्लेयर के कौशल और पिच पर जोर से हिट करने की उनकी क्षमता ने उन्हें वैसा ही मौका दिया जैसा एडम ने हमें दिया था।

## एस्टन विला ने मेजबान टोटेनहम हॉटस्पर को 2-0 से हराया

**लंदन।** एस्टन विला ने मेजबान टोटेनहम हॉटस्पर को प्रीमियर लीग मुकाबले में रविवार को 2-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही एस्टन विला अब 21 अंकों के साथ अंक तालिका में 12वें स्थान पर है। उसने 17 में से छह मैच जीते, आठ हारे और तीन ड्रॉ रहे। सात मैचों में चौथी हार का सामना करने वाली हॉटस्पर 30 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। उसने अपने 17 में से नौ मैच जीते हैं। उसे पांच में हार मिली है और तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। इस मैच का पहला हाफ नीरस रहा। दोनों टीमें ने डिफेंसिव रुख अपनाया और पहले हाफ गोलरहित समाप्त हुआ। मैच के 50वें मिनट में एमिलियानो बुएंडिया ने गोलकीपर ह्यूगो लोरिस की गलती का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन गोल किया और एस्टन विला को 1-0 से आगे कर दिया। विला के लिए डगलस लुइज ने 73वें मिनट में गोल करके बढ़त को दोगुना कर दिया और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। टोटेनहम की टीम बुधवार को क्रिस्टल पैलेस से खेलेगी, जबकि विला का सामना उसी दिन वॉल्वरहैम्प्टन से होगा।

## निदेशक प्रभारी ने इस्पातकर्मियों को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



बोकारो (आजाद सिपाही)। नव वर्ष के शुभ अवसर पर सोमवार को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने इस्पातकर्मियों से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं दी। विभिन्न विभागों में उनके भ्रमण के दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशकगण व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी व उनके सहयोगियों ने सबसे पहले इस्पात भवन परिसर और बोकारो जनरल अस्पताल में कर्मियों से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके बाद निदेशक प्रभारी और उनके सहयोगियों ने संयंत्र के विभिन्न शॉप का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। निदेशक प्रभारी ने संयंत्र के साथ ही टाउनशिप की प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए सभी को नए साल में एक नए लक्ष्य और एक नयी ऊंचाई को छूने का संकल्प लेने का संदेश दिया।

### सनसनी : जोड़ापोखर के डिगवाडीह बीसीसीएल न्यू कॉलोनी से शव बरामद

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत, पंखे से लटकता शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह बीसीसीएल न्यू कॉलोनी में 33 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान मुन्ना मंडल के रूप में हुई है। पेशे से चालक मुन्ना का शव सोमवार को उसके आवास से बरामद किया गया, जिसका पुलिस ने पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदि था। प्रतिदिन शराब के नशे में धूत रहता था, जिस कारण पत्नी ललिता देवी के साथ अक्सर



मृतक मुन्ना मंडल की फाइल फोटो।

विवाद हुआ करता था। रविवार की रात भी किसी बात पर विवाद के बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। जिसे पड़ोसियों ने नाकाम कर दिया। पर सोमवार की सुबह उसने आत्महत्या कर ली। इसके बाद मृतक की पत्नी ललिता देवी और बेटी श्रिष्टि कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, जोरापोखर पुलिस अधिकारी प्रदीप राणा का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

## सिंदरी में पारिवारिक कलह के बाद युवक ने की खुदकुशी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी थाना क्षेत्र के जोमगढ़ा सुंदरनगर बस्ती निवासी साजेश महतो (25) नामक युवक ने रविवार की रात अपने घर में ही रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना पाकर सिंदरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को फंदे से उतार कर पंचनामा करने के बाद शव को धनबाद के एसएमएमसीएच अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतक की पत्नी मालती देवी ने बताया कि रविवार की रात नशे की हालत में घर आया और बेवजह झगड़ा करने लगा। उसने मेरे साथ मारपीट भी की। तब सास ने किसी तरह बचाकर मुझे दूसरे कमरे में भेज दिया। इसी बात पर क्रोध में आकर साजेश अपने कमरे में चला गया और दरवाजा भीतर से बंद कर पंखे के सहारे फांसी लगा दी। कुछ देर बाद मृतक के भाई राजेश ने जब दरवाजा खटखटाया तो भीतर से कोई आवाज नहीं आयी। इसके बाद खिड़की से देखा तो साजेश फंदे से लटकता मिला। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ देर में ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पंखे से उतार कर अस्पताल भिजवाया। बतातें चलें कि मृतक राजेश की पत्नी मालती गर्भवती है। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विवाद सुलझाने पहुंची पुलिस से उलझे युवक, तीन हिरासत में





आजाद सिपाही संवाददाता

**भगतडीह।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में सोमवार को स्थानीय युवकों व स्कूटी सवार के बीच मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में बीच बचाव करना पुलिस को महंगा पड़ गया। स्थानीय युवक पुलिस से ही उलझ गए और हाथापाई कर दी। जिसके बाद पुलिस ने दो बाइक और तीन लोगों को हिरासत में लेकर झरिया थाना ले गई। पुलिस दोबारा बस्ताकोला पहुंच बवाल कर रहे अन्य युवकों की तलाश में छापामारी की। पर वे फरार हो गए।

### वीडियो बनाने के बाद बढ़ा मामला

सूचना के अनुसार सोमवार की दोपहर धनबाद का एक व्यक्ति स्कूटी से बस्ताकोला स्थित एक महिला के घर के समीप पहुंचा और मोबाइल निकालकर फोन करने लगा। तभी स्थानीय एक युवक ने स्कूटी सवार से आने का कारण पूछा। स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर युवक उक्त व्यक्ति के साथ मारपीट करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही झरिया पुलिस वहां पहुंच गई और झगड़ रहे लोगों को हटाने का प्रयास किया। तभी पुलिस और स्थानीय युवकों में ही हाथापाई हो गई। हाथापाई हुई उस समय शुरू हुई जब झरिया पुलिस ने पूरे मामले की वीडियो कर रहे एक युवक को धक्का देकर मोबाइल गिरा दिया। इसके बाद युवकों और पुलिस के बीच जमकर बवाल हुआ। युवकों का कहना था कि मोबाइल से वीडियों और फोटो बनाना आम जनता का हक है। उसे कोई नहीं रोक सकता है। वहीं बवाल के दौरान झरिया पुलिस ने भी हंगामा कर रहे युवकों की विडियों बना ली। पुलिस ने स्थानीय युवकों पर उपद्रव मचाने का आरोप लगाया। वहीं, स्थानीय युवकों का आरोप है कि बस्ताकोला इलाके में एक महिला देह व्यापार का धंधा चलाती है। जहां अक्सर बाहरी लोगों का इस इलाके में आना जाना लगा रहता है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई।

## झारखंड आंदोलनकारी स्व रामधनी महतो की तीसरी पुण्यतिथि मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** लालबंग्ला स्थित बागड़ा, चरकीटांड पथ पर सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो के संस्थापक सदस्य एवं बाघमारा प्रखंड पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष स्व रामधनी महतो की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई। उनके बेटे मनोज कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसकी अध्यक्षता बीस सबत्री सदस्य छत्रपति महतो और संचालन नरेश महतो ने किया। कार्यक्रम में झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू, बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, सचिव रंजित महतो, पूर्व अध्यक्ष रतीलाल टुडू, कांग्रेस के युवा नेता सुमीत महतो, धमार्बांध पंचायत के मुखिया पति सह झामुमो वरिष्ठ नेता धीरेन रवानी, बद्री विशाल हजारी, सोहराय महतो, तिलकेश्वर महतो, विनोद महतो, भोला प्रमाणिक, राजकुमार नापित, पप्पू दास, रनुलाल महतो, शक्तीनाथ महतो, कालाचंद महतो, धनेश्वर महतो, सुरेश कुमार रजक, गोबिंद महतो, शंकर दयाल महतो और विश्वजीत महतो आदि उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक पर्व सोहराय

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या छह अदिवासी गांव ताराबेडा में प्रकृतिक पर्व सोहारय धूमधाम से मनाया गया। सोहारय पर्व प्रकृतिक देवता को अर्पण कर मनाया जाता हैं। शनिवार को गोठ पूजा से प्रारंभ हुआ था, जो रविवार को गौहाल पूजा और सोमवार को बरदखुटा के साथ संपन्न हुआ। उक्त पर्व धान खेती के कटाई के बाद मनाया जाता हैं। सभी मित्र-बंधु सामूहिक भोज कर परंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य किए। आदिवासी युवतियां परंपरिक पोशाक के साथ नृत्य की। मुख्य अतिथि विस्थापित नेता सह पूर्व पार्षद कैलाश ठाकुर ने बताया कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सदैव प्राथमिकता देना चाहिए। प्रकृतिक देवता की पूजा के साथ आनेवाली पीढियों को अपने गौरवमयी इतिहास को बताना ही पर्वों कि विशेषता हैं। सीसीएल प्रबंधन से मेरा प्रयास



रहता हैं मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराया जाय। ताराबेड़ा में ढोरी क्षेत्र से बिजली की व्यस्था की गई हैं। अपने पार्षद कार्यकाल में यहां मुख्य सडक का निर्माण जिला योजना से करवाया था। आंगनबाड़ी सहित सर्वशिक्षा अभियान के तहत विधालय चल रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दर्जनों मकान बनाया जा रहा हैं। आनेवाले समय में यह आदर्श गांव बनेगा। वहीं, आदिवासी नेता जितेंद्र टूडू ने कहा कि इस वर्ष भी हमलोगों ने अदिवासी परंपराओं के साथ सोहारय मनाया गया। मौके पर जितेंद्र टुडू, विरेंद्र टुडू, सुरेंद्र टुडू, सुरेश टुडू, जुगल मांझी, देवचंद टुडू, सोनाराम हेंब्रम, सोहनलाल बस्के, सूरज टुडू, वीरेंद्र प्रसाद, पैरी वास्के, शांति मुर्मू, मंजू वास्के, अनिता मुर्मू, निर्मला टुडू, मुनिया मुर्मू, वसंती मुर्मू, संगीता टुडू, मनिषा टुडू, पुनम टुडू, सरिता टुडू, खुशबू टुडू, प्रतिमा टुडू, दशमी कुमारी, सुमन कुमारी, सुशील देवी, सुनिता कुमारी, पुनम कुमारी, प्रियंका कुमारी, सबधानी देवी, मुनिया देवी, मंजू देवी, रासमुनि देवी, अनिता देवी, भारती कुमारी आदि थीं।

## दिवंगत संवेदक की पत्नी को सौंपा गया 80 हजार रुपये



**कथारा (आजाद सिपाही)।** विस्थापित संवेदक समिति कथारा क्षेत्र के पदाधिकारियों की ओर से दिवंगत की पत्नी को 80 हजार रुपये की नगद राशि सहायता स्वरूप सौंपी गई। संगठन के वरिष्ठ सदस्य रहे अनिरुद्ध प्रसाद यादव उर्फ नेपाली यादव का आकस्मिक निधन होने पर उनके भलटोंगरिया बस्ती के घर पर पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों ने उक्त राशि पत्नी को सौंपी। इसमें संगठन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, सचिव विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, रामचंद्र यादव, मो तालिब, मो अमीन, राजेश कुमार यादव, मंटू यादव आदि थे। अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव और सचिव विजय सिंह ने दिवंगत नेपाली यादव की पत्नी को आश्वस्त किया कि किसी प्रकार के सहयोग की जरूरत होगी, तो जरूर सहयोग करेंगें।


**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1201/2022-23

दिनांक :–31.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत जीहूँ–ईटखोरी पथ के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 9.80 (कुल लम्बाई 9.80 कि.मी.) तक का राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू॰ 11,02,23,900.00 (ग्यारह करोड़ दो लाख तेईस हजार नौ सौ रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 24.01.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 31.01.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 286463 Road(22-23).D


## कतरास में गाजे-बाजे के साथ निकली श्रीश्याम निशान यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** सूर्य मंदिर से सोमवार को श्याम सेवा संघ के तत्वाधान में भव्य संगीतमय श्रीश्याम निशान यात्रा निकाली गयी जो शहर के प्रमुख मार्गों का परिभ्रमण करते हुए राजस्थानी समाज भवन कतरास पहुंची। निशान यात्रा में शामिल 301 महिला, पुरुष एवं बच्चे जय श्री श्याम आदि धार्मिक नारा लगाते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा में महिलाएं



राजस्थानी वेशभूषा में नजर आयीं। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं, घोड़े का रथ आकर्षण का केंद्र बना रहा। राजस्थानी धर्मशाला में श्री श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार देखते बन रहा था। संध्या में जमशेदपुर से आए मशहूर भजन गायक अमित शर्मा, शीतल चांडक, पंकज सांवरिया ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। निशान यात्रा के पूर्व मारवाड़ी समाज के महिला एवं पुरुषों द्वारा सूर्य मंदिर प्रांगण में निशान की पूजा की गयी। इसके बाद निशान यात्रा निकाली गयी। यात्रा में डॉ वीएन चौधरी, दीपक अग्रवाल, भगवती सोनी, सुरेश अग्रवाल, प्रकाश सिंघानिया, मुकेश अग्रवाल, अरुण तुलसियान, दिलीप अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, संजय चौधरी, रवि वास्का, महावीर भुवालका, मनीष गोयल, मनीष राजगढ़िया, पंकज राजगढ़िया, आनंद खंडेलवाल, मुरलीधर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुशील खेतान, गंगा खेतान, श्रवण खेतान और डीएन चौधरी आदि शामिल थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

–:: शुद्धि पत्र ::–

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2022-23 (Head-JJM); P.R. No.:-286088 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D के निम्नलिखित ग्रुपो को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 02.01.2023 at 11.00 AM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 10.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 11.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag<br>3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 12.01.2023 upto 03.00 PM |

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग

PR286499 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D


## सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन ने मनाया स्थापना दिवस



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ की 26 वीं बटालियन ने सोमवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। बोकारो के चास आइटीआई मोड़ स्थित कैंप में मनाया स्थापना दिवस मनाया गया। सीआरपीएफ डीआइजी, कमांडेंट सहित अन्य पदाधिकारी और उनके परिवारजनों ने जवानों और उनके घरवाले मौके पर मौजूद थे। इस दौरान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कई स्टॉल भी लगाए गए हैं। इस दौरान अधिकारी और जवान गानों की धुन पर थिरकते नजर आए। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जो कई दिनों तक चलता है। पहले दिन मेला का आयोजन किया गया है। साथ ही बड़ा खाना का भी आयोजन किया गया है।

### सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति का नववर्ष मिलन समारोह संपन्न

# गोल्फ ग्राउंड में 15 को सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री को भी आमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** वेडिंग बेल्स मैरिज गार्डन, हीरापुर में सोमवार को सर्वधर्म सामूहिक विवाह समिति की ओर से नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति की महिला विंग के सदस्याओं ने नववर्ष मंगलमय के नारे लगाए। साथ ही 15 जनवरी को गोल्फ ग्राउंड में होने वाले 121 जोड़ों के दहेज रहित सर्वधर्म सामूहिक विवाह की तैयारियों पर संस्थापक सह अध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में चर्चा की गई। इस दौरान महिला शाखा की सदस्यों ने भी विवाह के रीति रिवाज से संबंधित महत्वपूर्ण मंतव्य दिया। प्रदीप सिंह ने कहा कि विवाह



नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण।

समारोह को सफल बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संस्था द्वारा कई बिंदुओं पर आवश्यक कार्य किए जा रहे हैं। आगामी 15 जनवरी को करीब 15हजार लोग विवाह के साक्षी बनेंगे। दूल्हे बारातियों के संग रामगढ़ का बैंड एवं झरिया के नेहा बैंड के साथ साथ करीब 60 से अधिक टोटो पर दूल्हा सवार होकर गोल्फ ग्राउंड में पहुंचेंगे। जहां वधू पक्षों, संस्थाओं, विवाह साक्षओं एवं सर्व धर्म विवाह समिति के सदस्यों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया जाएगा और उनके धर्म के मुताबिक विवाह का रस्मो रिवाज प्रारंभ होगा व संध्या में सभी की शादी संपन्न होने के बाद विवाह प्रमाण पत्र एवं ढेरों जरूरी उपहार भेंट कर हार्दिक नम आंखों से विदाई दी जाएगी। सामूहिक विवाह में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से इस ऐतिहासिक शादी को देखने के लिए लोग धनबाद आएंगे। समिति की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी विवाह में आने के लिए विशेष आमंत्रण दिया गया है। बैठक में अध्यक्ष प्रदीप सिंह, चेयरमैन मनजीत सिंह, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास, भरतजी भगत, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह, बबलू तिवारी, अशोक पंडित, जया सिंह, राम सिन्हा पिंकी गुप्ता, राजीव साहू, उदय साहू, विक्रम आदि उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 216/2022-23/RWD/HAZARIBAGH    दिनांक :- 02.01.2023

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ HAZARIBAGH/ 16/2022-23 | बन्दखारो भागीरथ महतो के घर से नागी पथ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.500 कि०मी०) | 1,38,68,100.00 | एक करोड़ अड़तीस लाख अड़सठ हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 16.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 25.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 27.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 30.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.286519 Rural Work Department(22-23):D

# सहारनपुर से पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी

## अलकायदा बर्र-ए-सगीर के लिए कर रहा था काम : एटीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**सहारनपुर।** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने सहारनपुर से एक संदिग्ध आतंकी अजहरूद्दीन को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक फोन और एक डायरी मिली है। अब एटीएस द्वारा एटीएस के फोन और डायरी की जांच चल रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि डायरी में कई राज छिपे हुए हैं। अजहरूद्दीन को पश्चिम उत्तर प्रदेश में अपने आतंकी संगठनों से युवाओं को जोड़ने का जिम्मा सौंपा गया था। उधर, आतंकी के परिजन इस बारे में कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है। बता दें कि अजहरूद्दीन अलकायदा बर्र-ए-सगीर और उसके सहयोगी संगठन जमात-उल-मुजाहिद्दीन बांग्लादेश (जेएमबी) से जुड़ा था।

एटीएस की जांच में सामने आया है कि 26 सितंबर 2022 में सहारनपुर से संदिग्ध आतंकी मदरसा संचालक लुकमान की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद एटीएस ने शामली निवासी शहजाद, सहारनपुर निवासी कारी मुख्तार और मोहम्मद अलीम, हरिद्वार निवासी मुदस्सिर एवं कामिल, बांग्लादेशी नागरिक अलीनूर व झारखंड निवासी नवाजिश अंसारी को पकड़ा था। वहीं, एटीएस ने मुदस्सिर को नेपाल की सीमा से पकड़ा था। मुदस्सिर को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गयी, तो उसने अपने साथी अजहरूदीन का नाम बताया, जिसके बाद अजहरूदीन को भी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अजहरूद्दीन के पिता चिरागुद्दीन ने बताया कि उसके अजहरूद्दीन समेत तीन बेटे हैं। बाकी दोनों बेटे पेंट का काम करते हैं। अजहरूद्दीन ने 11वीं तक की पढ़ाई की हुई है। भाइयों की शिक्षा अधिक नहीं है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अजहरूद्दीन हमेशा फोन पर व्यस्त रहता था।

**सर्दी में हेलमेट और गर्मियों में बेचता था मच्छरदानी :** सहारनपुर के कुतुबशेर थानाक्षेत्र की एकता कालोनी निवासी अहजरूद्दीन पुत्र चिरागुद्दीन सर्दियों में सड़कों पर हेलमेट बेचता था और गर्मियों में मच्छरदानी। दोनों पिता-पुत्रों का यह काम है। पिता चिरागुद्दीन का कहना है कि उसे अपने बेटे के बारे में कुछ नहीं पता है। हालांकि वह अपने बेटे को बेकसूर बता रहे हैं। उनका कहना है कि उसे भी बेटे के साथ सहारनपुर की पुलिस लाइन में तीन दिन पहले बुलाया गया था। यहां पर उसे कहा गया कि उसके बेटे को उसकी सिपुर्दगी में दे दिया जायेगा, लेकिन बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

## धर्मांतरण मसले पर बवाल के बाद चर्च में तोड़फोड़

# एसपी का सिर फोड़ा, कई पुलिसकर्मी घायल





आजाद सिपाही संवाददाता

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में धर्मांतरण को लेकर सोमवार को बवाल हो गया। दो पक्षों के बीच जमकर संघर्ष हुआ। इस दौरान भीड़ ने एक चर्च में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने हंगामा बढ़ते देखा और समझाने पहुंची, तो उपद्रवियों ने नारायणपुर एसपी सदानंद कुमार पर हमला कर दिया। उनका सिर फूट गया है। वहीं पथराव में थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। थाना प्रभारी को जगदलपुर रेफर किया गया है। ग्राम पंचायत एडका के आश्रित गांव गोर्रा में रविवार को इसाई मिशनरी के लोग बैठक कर रहे थे। इस दौरान आदिवासियों से धर्मांतरण को लेकर उनका विवाद हो गया। इस दौरान जम कर मारपीट हुई। पुलिसकर्मी पहुंचे, तो उन पर भी हमला किया गया। इसे लेकर सोमवार को आदिवासी समुदाय ने बंद बुलाया था। सुरक्षा-व्यवस्था में सुबह से ही इलाके में पुलिस फोर्स तैनात थी। एसपी-कलेक्टर भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि अचानक से प्रदर्शन कर रही भीड़ उग्र हो गयी और उसने चर्च पर हमला कर दिया। वहां जम कर तोड़फोड़ करने लगे। यह देख कर वहां मौजूद पुलिसकर्मी उन्हें समझाने के लिए पहुंचे, तभी भीड़ ने उन पर भी हमला कर दिया। पथराव किया गया और लाठी-डंडे चलने लगे। इसमें एसपी सदानंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके सिर पर टांके लगाये गये हैं।

वहीं कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। उन्हें भी अस्पताल भेजा गया है। सभी की स्थिति फिलहाल ठीक बतायी जा रही है। घटना के बाद फोर्स मौके पर है। बस्तर आइजी सुंदरराज पी भी नारायणपुर के लिए रवाना हो गये हैं। फिलहाल इलाके में हालात सामान्य है। पुलिस ने स्थिति को काबू में कर लिया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बतायी जा ही है। वहीं आदिवासियों ने धर्मांतरण का आरोप लगाया है।

# ओड़िशा के तेज-तर्रार आइपीएस बृजेश राय बनाये गये डीआइजी

- वर्ष 2016 में बहादुरी के लिए मिल चुका है पुलिस पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के तेजतर्रार पुलिस अफसर आइपीएस बृजेश कुमार राय को को नए साल पर सरकार ने डीआइजी पद पर पदोन्नत कर नये साल का तोहफा दिया है। आइपीएस बृजेश कुमार राय को अनुगुल रेंज की कमान सौंपी गयी है। गंजाम में अपने कार्यकाल के दौरान कई उल्लेखनीय कार्यों को लेकर वृजेश कुमार राय की आम जनमानस में चर्चा में रहे।

बृजेश कुमार राय के मातहत आने वाले थानों की कार्यशैली ने पूरे राष्ट्र का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करते हुए टाप दो थाने में अपना स्थान बनाया था। एसपी राय ने राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे फाइव टी अभियान का गंजाम के पुलिस महकमें सफलपूर्वक क्रियान्वयन कराया है। इसके साथ ही थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सौहार्द पूर्ण व्यवहार रखने का इन्होंने सदैव संदेश दिया।

श्री राय ने कहा है कि पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए है। पुलिस का व्यवहार जनता के साथ दोस्ताना होना चाहिए। पुलिस का भय अपराधियों के बीच होना चाहिए, ना कि जनता के बीच। इसके साथ ही पुलिस को अपने कर्तव्यों का पालन ईमानदारी से करना चाहिए।

डीआइजी के पद पर पदोन्नत किये जाने को लेकर उन्होंने कहा कि मैं अपनी नयी जिम्मेदारी के प्रति और मेहनत के साथ समर्पित रहेंगे। इसके साथ ही चुनौतियों का समाधान कर संबंधित क्षेत्र में एक शांतिपूर्ण माहौल जनता को प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# पंजाब और हरियाणा सीएम आवास के पास बम मिला चंडीगढ़ में पुलिस ने इलाके को घेरा, आर्मी बुलायी गयी

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** चंडीगढ़ में सेक्टर-2 के राजिंदरा पार्क में सोमवार दोपहर जिंदा बम मिला। इस पार्क के पास ही पंजाब के सीएम भगवंत मान और हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर के आवास हैं। कुछ दूरी पर हेलीपैड भी है, जहां पंजाब के उट का हेलिकॉप्टर लैंड करता है। चंडीगढ़ पुलिस की टीमें, बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड मौके पर बुलाये गये हैं। बम को चारों तरफ से कवर कर दिया गया है। वहीं चंडीमंदिर में आर्मी को इसकी जानकारी दे दी गयी है। आर्मी की बम डिस्पोजल टीम को भी बुलाया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की कोठी से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर राजिंदरा पार्क है। पार्क से आगे आम का बाग है। यहीं पर बाग में यह बम मिला है।

# सऊदी महिलाएं अब बुलेट ट्रेन चलायेंगी

- 32 महिलाओं का पहला बैच ट्रेनिंग के बाद तैयार
- मक्का और मदीना के बीच पहली परीक्षा

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी अरब में महज चार साल पहले महिलाओं के ड्राइविंग करने पर लगे बैन को हटाया गया था। अब यहां की महिलाएं बहुत जल्द बुलेट ट्रेन चलाती नजर आयेंगी। क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान के विजन-2030 के तहत महिलाओं का यह सपना साकार होने जा रहा है। सऊदी अरब रेलवेज ने खुद इस बारे में जानकारी दी है। इसके साथ ही इन वुमन बुलेट ट्रेन ड्राइवर का एक वीडियो भी शेयर किया है। 32 महिलाओं का पहला बैच ट्रेनिंग पूरी कर चुका है। इनकी पहली नियुक्ति मक्का और मदीना के बीच चलने वाली बुलेट ट्रेन में की गयी है। सऊदी अरब रेलवेज ने सोशल मीडिया पर 32 वुमन ट्रेन ड्राइवर के ट्रेनिंग कंप्लीट होने की जानकारी दी। इसके साथ ही एक वीडियो भी शेयर किया। इसमें ये महिलाएं अपने पुरुष सहयोगियों के साथ नजर आ रही हैं। यह वीडियो नये साल के पहले दिन जारी किया गया है। इसमें एक महिला ड्राइवर कहती है कि हम इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बन कर बहुत खुश हैं। हमें फख्र है कि हमें यह मौका मिला। ट्रेनिंग के बाद अब इस बैच में शामिल महिलाएं 453 किमी लंबी हर्मेन हाईस्पीड लाइन पर बुलेट ट्रेन दौड़ाती नजर आयेंगी।

# रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं मोदी

## दोनों नेताओं से हो रही बात : जयशंकर

एजेंसी

**वियना।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में सोमवार को कहा कि 150 से ज्यादा ऑस्ट्रियाई कंपनियां भारत में मौजूद हैं और हम चाहते हैं कि इस संख्या में पर्याप्त रूप से इजाफा हों। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया और कहा कि मेरे प्रधानमंत्री दोनों नेताओं के संपर्क में हैं। विदेश मंत्री ऑस्ट्रिया की अपनी आधिकारिक यात्रा पर हैं और दो देशों की यात्रा पर निकले जयशंकर साइप्रस से यहां पहुंचे हैं। विदेश मंत्री ने वियना में सोमवार को कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 2.5 बिलियन डॉलर है और 150 से अधिक ऑस्ट्रियाई कंपनियां भारत में काम कर रही है। हम चाहते हैं कि इस संख्या में पर्याप्त रूप से इजाफा हों। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति में काफी वृद्धि हुई है। विदेश मंत्री ने वियना में ऑस्ट्रिया गणराज्य के यूरोपीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों के संघीय मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता में यह बात कही। इस दौरान जयशंकर ने ऑस्ट्रिया के साथ किए गए समझौतों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत कानूनी प्रवासन और गतिशीलता का एक मजबूत समर्थक है। हम भारतीय कौशल और प्रतिभा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक उचित, कानूनी और समान अवसर चाहते हैं।


Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

DK Dhani Kitchen
100% Pure Veg Restaurant
Also Available on SWIGGY zomato
Call for Order
9234565758, 6513571568
Harmu Road, Gariikhana, Beside Petrol Pump, Ranchi

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello BRW ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now !
+91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्राo लिo राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
• Hindi Vyakaran– I ₹ 60
• English Grammar– I ₹ 60
• Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compliments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**